3 राजधानी
शिक्षकों को फिनलैंड भेजने की मिली मंजूरी

6 प्रादेशिकी
कहीं नहीं हुई प्रश्नपत्रों की रांग ओपनिंग

10 विदेश
हमारा सबसे मजबूत व अनुशासित दुश्मन चीन

11 राष्ट्रीय
राहुल की तरह आरोप तो पाकिस्तान भी नहीं लगाता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 120
नई दिल्ली, रविवार, 5 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




दिल्ली कैपिटल्स का आरसीबी पर पलड़ा भारी
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति है बुनियादी ढांचे का विकासः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति मानती है और इससे भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बनने में मदद मिलेगी। मोदी ने बुनियादी ढांचा एवं निवेश के विषय पर आयोजित एक बजट-पश्चात वेबिनार में कहा कि इस साल का बजट देश में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हम बुनियादी ढांचे के विकास को अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति मानते हैं।

भारत इस रास्ते पर चलकर वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इस विकास की गति बढ़ाने और टॉप गियर में ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डा जैसे सभी क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और लॉजिस्टिक लागत कम करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के अंतर्गत सरकार का वर्ष 2025 तक 110 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का पूंजी निवेश वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में पांच गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। मोदी ने कई उदाहरण देते हुए कहा, बुनियादी ढांचा किसी भी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। ढांचागत क्षेत्र के इतिहास पर नजर रखने वाले लोग इस बात को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। मोदी ने कहा कि कई दशकों तक भारत में ऐसी सोच लोगों के दिमाग में रही कि गरीबी एक गुण है और पूर्ववर्ती सरकारों को देश के बुनियादी ढांचे में निवेश करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने देश को न सिर्फ इस सोच से निकाला बल्कि आधुनिक ढांचे पर यह बहुत निवेश भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के कार्यकाल में राजमार्गों और हवाईअड्डों के विकास की तेज गति का जिक्र करते हुए कहा कि गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के ढांचागत एवं मल्टीमोडल लॉजिस्टिक परिदृश्य में नई जान फूंकने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम बुनियादी ढांचे के विकास को अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति मानते हैं।

भारत इस रास्ते पर चलकर 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। मोदी ने कहा कि अब इस विकास की गति को तेज करने और टॉप गियर में ले जाने की जरूरत है और इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डा जैसे सभी क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और लॉजिस्टिक (माल की ढुलाई एवं आपूर्ति प्रबंधन) लागत को कम करने में मदद मिलेगी।

# तमिलनाडु में प्रवासियों पर हमले का सच जानने को भेजे अफसर

## ● दोनों राज्य सरकारें हुई सक्रिय, अफवाहें फैलाने के आरोप में दो पत्रकारों समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/चेन्नई

**तमिलनाडु** में हिंदीभाषी प्रवासी विशेषकर बिहार से ताल्लुक रखने वाले श्रमिकों पर हमलों की खबरों से उत्तर भारत में हलचल मची है। जब से कथित हमलों से वीडियो सोशल मीडिया पर आने शुरू हुए हैं, दोनों ही राज्यों की सरकारें भी सक्रिय हो गई हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहां मामले की जांच के लिए शनिवार को चार अफसरों की टीम वहां भेजी है, वहीं तमिलनाडु सरकार ने उत्तर भारतीयों पर हमलों को कोरी अफवाह बताया और इस संबंध में दो पत्रकारों समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि टीम भेजने का फैसला काफी विचार-विमर्श करने के बाद लिया गया। उन्होंने कहा कि मैंने पहली बार दो दिन पहले समाचार पत्रों में इस मामले के बारे में पढ़ा और यहां के अधिकारियों से तमिलनाडु में अपने समकक्षों से संपर्क करने को कहा। फिर अधिकारियों और उच्च स्तर पर सलाह-मशविरा करने के बाद अधिकारियों को मामले की जांच के लिए चेन्नई भेजा गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, तमिलनाडु जाने वाली टीम में ग्रामीण विकास सचिव डी. बालमुरुगन, पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी, पी. कन्नन, श्रम आयुक्त आलोक कुमार और विशेष कार्य बल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार शामिल हैं। बयान के अनुसार टीम तिरुपुर जिले का दौरा करने के अलावा तमिलनाडु के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेगी। टीम के दो सदस्य, डी. बालमुरुगन और पी. कन्नन तमिलनाडु से हैं। राज्य सरकार के सूत्रों के अनुसार उन्हें इसलिए चुना गया है, ताकि भाषा की समस्या का सामना किए बिना आंतरिक सूचना प्राप्त की जा सके।

पुलिस मुख्यालय ने तमिलनाडु पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। हालांकि तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने हाल में एक बयान जारी कर कहा था कि प्रवासियों पर हमलों के बारे में मीडिया के एक वर्ग में खबरें भ्रामक और शरारतपूर्ण थी। तमिलनाडु सरकार के निर्देश पर शनिवार को पुलिस ने दो पत्रकारों समेत तीन लोगों पर उत्तर भारतीय श्रमिकों पर हमलों के बारे में झूठी और निराधार रिपोर्ट के लिए मामला भी दर्ज किया है। सोशल मीडिया मंचों पर किए गए उत्तर भारतीयों पर कथित हमलों का दावा करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि दूसरे राज्यों के श्रमिकों पर हमले की अफवाह फैलाने वाले भारतीय राष्ट्र के खिलाफ हैं, वे राष्ट्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। कुछ लोग गैर-मुद्दे पर ओछी राजनीति कर रहे हैं, यह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अफवाह के जरिए दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्टालिन ने नीतीश को दिया उत्तर भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई




**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्य में सभी प्रवासी श्रमिकों के सुरक्षित होने का आश्वासन देते हुए कहा कि बिहार के सभी श्रमिक हमारे श्रमिक हैं, जो तमिलनाडु के विकास में मदद करते हैं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने शनिवार को इस संबंध में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फोन पर बात की और उन्हें भरोसा दिया कि श्रमिकों को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। स्टालिन ने चेन्नई में एक आधिकारिक बयान में कहा कि उत्तरी राज्यों के श्रमिकों को तमिलनाडु में काम करने को लेकर किसी भी प्रकार की शंका करने की जरूरत नहीं है। यदि उन्हें कोई धमकी देता है तो वे पुलिस को सूचित करें, तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# डीडीए ने सीबीआई से की अफसरों बिल्डरों और ठेकेदारों की शिकायत

## ● मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट निर्माण मामले में कई पर गिरेगी गाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने उत्तरी दिल्ली के मुखर्जी नगर में सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निर्माण में खामी और कदाचार के आरोपी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में शिकायत दर्ज कराई है। राज निवास के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जनवरी में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही का आदेश दिया था।

डीडीए ने मामले में अधिकारियों की भूमिका का पता लगाने के लिए उपराज्यपाल के निर्देशों के बाद सतर्कता जांच भी की। एक अधिकारी ने कहा कि डीडीए ने शीर्ष स्तर के भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ उपराज्यपाल के निर्देशों का पालन करते बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है, जिसने मुखर्जी नगर में संरचनात्मक रूप से क्षतिग्रस्त सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट में सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में डाली। इसके तहत मामले में शामिल डीडीए अधिकारियों, ठेकेदारों व बिल्डरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सीबीआई के पास शिकायत दर्ज कराई गई है। यहां 2007-2009 में निर्मित परिसर में 336 एचआईजी/एमआईजी फ्लैट शामिल हैं।

जनवरी में, सक्सेना ने ठेकेदारों-बिल्डरों-निर्माण एजेंसियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की तत्काल शुरुआत करने और जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर कार्रवाई का आदेश दिया था। अधिकारी ने कहा, डीडीए ने सीबीआई से अनुरोध किया है कि ठेकेदारों मैसर्स विनर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स ग्रोवर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, परीक्षण एजेंसियों- मैसर्स भारत टेस्ट (शेष पेज 8)

# सिसोदिया को नहीं मिली राहत, हिरासत दो दिन और बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आबकारी** नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में अदालत ने शनिवार को गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत और दो दिन के लिए बढ़ा दी। इसके साथ ही अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें सोमवार को पेश करने का निर्देश दिया। वहीं सिसोदिया ने अदालत से कहा कि हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) हिरासत में उनके साथ अच्छा व्यवहार कर रहा है, लेकिन बार-बार एक ही सवाल पूछे जाने से मानसिक प्रताड़ना हो रही है। इसके बाद विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने सीबीआई से कहा कि वह उनसे बार-बार एक ही सवाल न पूछे। यदि आपके पास कुछ नया है, तो उनसे पूछें। सिसोदिया के वकील ने सुनवाई के दौरान अदालत को यह भी बताया कि उनकी पत्नी का स्वास्थ्य बहुत खराब है। इससे पहले, सीबीआई ने सिसोदिया की और तीन दिन के लिए हिरासत मांगी (शेष पेज 8)

# अयोध्या विकास प्राधिकरण ने धन्नीपुर मस्जिद के निर्माण को अंतिम मंजूरी दी


प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

**अयोध्या** विकास प्राधिकरण (एडीए) ने शुक्रवार को यहां धन्नीपुर मस्जिद के निर्माण को अंतिम मंजूरी दे दी। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि फैसले में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सरकार ने अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन दी थी जिस पर इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और एक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाना है।

मंजूरी न मिलने और एडीए द्वारा भूमि उपयोग के परिवर्तन के मामले के कारण मस्जिद के निर्माण में दो साल से अधिक की देरी हुई। अयोध्या के संभागीय आयुक्त और एडीए के अध्यक्ष गौरव दयाल ने शनिवार को कहा कि हमने शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में (शेष पेज 8)

## केंद्र सरकार के चुनिंदा कर्मचारियों को मिला पुरानी पेंशन योजना का एक मौका

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों के एक चुनिंदा समूह को पुरानी पेंशन योजना चुनने का एक मौका दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने इस बाबत एक आदेश जारी किया है। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को अधिसूचित किए जाने की तारीख 22 दिसंबर, 2003 से पहले विज्ञापित या अधिसूचित पदों के तहत केंद्र सरकार की सेवाओं में शामिल होने वाले कर्मचारी केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 (अब 2021) के तहत पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने के पात्र हैं। संबंधित सरकारी कर्मचारी 31 अगस्त, 2023 तक इस विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। चौदह लाख से अधिक केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों की संस्था नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है। एनएमओपीएस की दिल्ली इकाई के प्रमुख मंजीत सिंह पटेल ने कहा,"केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों के लिए यह एक अच्छी खबर है। हम केंद्र सरकार से (शेष पेज 8)

# ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों ने एक और हिंदू मंदिर में की तोड़फोड़

**भाषा।** मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ का यह नया मामला सामने आया जिसमें ब्रिस्बेन में एक प्रमुख हिंदू मंदिर में खालिस्तान समर्थकों ने शनिवार को तोड़फोड़ की। यह घटना ब्रिस्बेन के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई। द ऑस्ट्रेलिया टुडे वेबसाइट पर मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला के हवाले से कहा गया है, मंदिर के पुजारी और भक्तों ने आज सुबह फोन किया और मुझे मंदिर की चारदीवारी को क्षतिग्रस्त किए जाने के बारे में सूचित किया।

उन्होंने कहा कि हमने क्वींसलैंड पुलिस अधिकारियों को सूचित किया और उन्होंने मंदिर तथा भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। हिंदू ह्यूमन राइट्स की निदेशक सारा गेट्स ने कहा कि नवीनतम तोड़फोड़ ऑस्ट्रेलियाई हिंदुओं को आतंकित करने का एक प्रयास है। गेट्स ने कहा, यह नवीनतम घटना विश्व स्तर पर सिख फॉर जस्टिस का एक पैटर्न है, जो स्पष्ट रूप से ऑस्ट्रेलियाई हिंदुओं को आतंकित करने का प्रयास है। यह संगठन (खालिस्तानी समर्थक) दुष्प्रचार, साइबर बुलिंग करने के साथ-साथ डराने-धमकाने में लिप्त है। गेट्स ने मंदिर पर हमले के बाद हिंदू समुदाय की एक तस्वीर ट्वीट की। मंदिर समिति के साथ समुदाय के सदस्यों ने हिंदू विरोधी नारों दीवारों से साफ किए।

उन्होंने एक तस्वीर के साथ ट्वीट किया, हिंदुस्तान जिंदाबाद। उपनगर में लंबे समय से रह रहे एक व्यक्ति ने कहा, खालिस्तान समर्थक ऑस्ट्रेलियाई हिंदू समुदाय को आतंकित कर रहे हैं और धर्म का पालन करने तथा मंदिर जाने को दर्दनाक अनुभव बना रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में दो महीने में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की यह चौथी घटना है। 23 जनवरी को मेलबर्न के अल्बर्ट पार्क में प्रतिष्ठित इस्कॉन मंदिर की दीवारों पर हिंदुस्तान मुर्दाबाद लिखा हुआ था। 16 जनवरी को विक्टोरिया के कैरम डाउन्स में ऐतिहासिक श्री शिव विष्णु (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,808 | |
| निफ्टी | 17,594 | |
| सोना | 55,940 | /10g |
| चांदी | 64,700 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रूस का कोविड-19 रोधी टीका स्पूतनिक वी तैयार करने में शामिल वैज्ञानिक की हत्या

**मॉस्को।** रूस का कोविड-19 रोधी टीका स्पूतनिक वी तैयार करने वाले वैज्ञानिकों में से एक आंद्रे बोतिकोव की यहां उनके आवास पर बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के संबंध में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रूसी मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने इंवेस्टिगेटिव कमेटी ऑफ द रूसी फेडरेशन के हवाले से बताया कि गामालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड मैथमेटिक्स में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में काम करने वाले 47-वर्षीय बोतिकोव बृहस्पतिवार को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। खबरों के अनुसार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2021 में कोविड टीके पर अपने काम के लिए बोतिकोव को ऑर्डर ऑफ मेरिट फॉर द फादरलैंड पुरस्कार से सम्मानित किया था।

# त्रिपुरा में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आठ मार्च को त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और इसके सहयोगी दल इंडिजीनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के गठबंधन की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

यहां हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 60 में से 32 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि इसके सहयोगी दल आईपीएफटी को एक सीट मिली है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्य सचिव एसके सिन्हा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। एसपीजी की एक टीम भी जायजा लेने आ रही है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य को अपनी सरकार का इस्तीफा सौंप दिया था।

उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि नई सरकार आठ मार्च को शपथ लेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह यहां अगरतला के विवेकानंद मैदान में होगा।

## नगालैंड में अभी सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कोहिमा

**नगालैंड** में हाल में संपन्न चुनावों में 60-सदस्यीय विधानसभा में 37 सीट हासिल करने के बावजूद नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन ने राज्य में सरकार बनाने का अभी तक दावा पेश नहीं किया है।

दोनों दलों के सूत्रों ने कहा कि उनके विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले निवर्तमान मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के साथ एक संयुक्त बैठक करेंगे। मौजूदा सरकार का कार्यकाल 12 मार्च को खत्म होगा। रियो ने सरकार गठन पर राय जानने के लिए पार्टी प्रमुख के कार्यालय में एनडीपीपी के नए विधायकों के साथ बंद कमरे में बैठक की। एनडीपीपी के सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर नवनिर्वाचित विधायक सरकार गठन तक एक साथ रह रहे हैं। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि पार्टी के विधायक रविवार तक एक समन्वय बैठक करेंगे, जिसके बाद एनपीपीपी के विधायकों के साथ एक संयुक्त बैठक होगी।

# इंफ्लुएंजा-ए के सब वेरिएंट से फैल रहा खांसी-बुखार

## ● पिछले दो-तीन माह में सबसे ज्यादा मरीज अस्पतालों में हुए भर्ती आईसीएमआर ने जारी किए दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देशभर** में पिछले दो-तीन महीने से लगातार खांसी और बुखार की शिकायतों के मामले बढ़ रहे हैं। शायद की कोई क्षेत्र ऐसा हो, जहां संक्रमण की शिकायत न हो। कुछ दिन के लिए ऐसी भी अफवाहें उड़ी थीं कि यह कोरोना का कोई नया वेरिएंट है, जो लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है।

इस संबंध में शनिवार को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के विशेषज्ञों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि बुखार और खांसी का कारण इन्फ्लुएंजा ए का सबवेरिएंट एच3एन2 है। आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने कहा कि पिछले दो-तीन महीने से व्यापक रूप से व्याप्त एच3एन2 अन्य उपस्वरूपों की तुलना में रोगी के अस्पताल में भर्ती होने का बड़ा कारण है। आईसीएमआर वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज नेटवर्क के माध्यम से श्वसन वायरस के कारण होने वाली बीमारियों पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने वायरस से लोगों को बचाने के लिए एक सूची जारी की है, जिसमें बताया गया है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

आईसीएमआर में महामारी विज्ञान की प्रमुख डॉ. निवेदिता गुप्ता ने बताया कि बीते साल 15 दिसंबर से अब तक के आंकड़ों में इन्फ्लुएंजा ए एच3एन2 के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि तापमान बढ़ने के साथ ही मार्च के आखिर या अप्रैल के पहले हफ्ते से वायरस का असर कम होने के आसार हैं। विशेषज्ञ के अनुसार, वायरस से पीड़ित मरीज एंटिबायटिक के ज्यादा इस्तेमाल से बचना चाहिए और डॉक्टर के संपर्क में रहना बेहद जरूरी है। अस्पताल में भर्ती एच3एन2 के 92 फीसदी (शेष पेज 8)

## एंटीबायोटिक के अत्यधिक उपयोग से बचें: आईएमए

**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने कहा है कि इस समय मौसमी बुखार फैल रहा है जो कि पांच से सात दिन तक रहता है। आईएमए ने कहा है कि खांसी, सर्दी और जुकाम के लिए बिना डॉक्टरों की सलाह के एंटीबायोटिक का इस्तेमाल करने से बचें। आईएमए की स्टैंडिंग कमेटी ने कहा है कि ऐसा देखा जा रहा है कि बुखार दो से तीन दिन में खत्म हो रहा है, लेकिन इसके बाद सर्दी खांसी तीन हफ्तों तक रह सकती है। आईएमए के मुताबिक वायु प्रदूषण के (शेष पेज 8)

# फर्जी कॉल सेंटर से करते थे विदेशियों से ठगी, 14 गिरफ्तार

## नकली दस्तावेजों के जरिये खुलवाये बैंक खातों में डलवाते थे पैसे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस।

इंदिरापुरम थाने के एसएचओ देवपाल सिंह की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने न्यायखंड-2 में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारकर वहां से 14 साइबर क्रिमिनलों को गिरफ्तार कर लिया।

मौके पर से 17 सीपीयू, 16 मॉनिटर, एक दर्जन से अधिक मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर, चार्जर व बैंकिंग में काम आने वाले दस्तावेज और साइबर क्राइम में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की भारी खेप बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक साइबर क्रिमिनलों के इस इंटरनेशनल गैंग का नेटवर्क भारत सहित अनेक देशों तक फैला हुआ है और इसका संचालन वैशाली निवासी विजय तलवार कर रहा था। यह गैंग साइबर क्राइम करने के लिए भी हाईटैक तकनीकि का प्रयोग करता था। गैंग के हर सदस्य का अलग-अलग काम एवं टारगेट फिक्स रहता था। भारतीय अथवा विदेशी लोगों को ठगने के लिये यह गैंग हर प्रकार की सर्विस प्रोवाइड करने का झांसा देता था। यह प्रक्रिया सूचना तंत्र के विभिन्न संचार माध्यमों से बल्क एसएमएस एंव मैसेज भेजकर पूरी की जाती। इसके बाद अपने शिकार को सब्ज बाग दिखाकर बैंकों में खुलवाये गये फर्जी खातों में देशी व विदेशी मुद्रा फ ीस के रूप में टांसफार्मर करवा ली जाती। सूत्रों की माने तो यह गैंग अब तक भारत एवं अनेक विदेशों में रहने वाले हजारों लोगों को झांसे में लेकर उनसे करोड़ों की काली कमाई कर चुका है।

## कनाडा-यूरोप का वीजा लगवाने के नाम पर 32 लाख रूपये ऐंठे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के युवक ने कनाडा और यूरोप का वीजा लगवाने के नाम पर पटियाला के व्यापारी से 32 लाख रुपए ऐंठ लिए। इतना ही नहीं, जालसाज ने दो पासपोर्ट भी नहीं लौटाए। इस मामले में पीड़ित व्यापारी ने गाजियाबाद आकर शनिवार को थाना विजयनगर में केस दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पटियाला में सिटी सेंटर निवासी राजीव दत्ता वीजा ड्रीम प्लानर नाम से फर्म चलाते हैं। राजीव ने बताया, सितंबर-2021 में उनकी जान-पहचान गाजियाबाद के चंदन कुमार से हुई। चंदन ने बताया था कि वो कनाडा और यूरोप के वर्क वीजा लगवाते हैं और उनकी फ ॉक्सेडन इंटरनेशनल कंस्लटिंग नाम से गाजियाबाद में फर्म है। राजीव दत्ता के मुताबिक, उन्होंने 11 लोगों गोबिंद सिंह, मनिंदर सिंह, जतिंदर कुमार, हर्भवन दीप सिंह, गुरजीत सिंह, मनजीत सिंह, बिंदर सिंह, अमरोध सिंह, जसप्रीत सिंह, बलजिंदर सिंह, चंदन कुमार के पासपोर्ट विनय कुमार को दिए थे। इन सभी लोगों के कनाडा और यूरोप के वीजा लगने थे। इसके बदले 32 लाख रुपए ट्रांसफर भी किए गए थे। चंदन ने कहा था कि एक महीने के भीतर इन सभी के पासपोर्ट पर वीजा लग जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। व्यापारी राजीव दत्ता ने बताया कि कस्टमर उनके ऊपर दबाव बना रहे हैं और चंदन कुमार आनाकानी कर रहा है। गाजियाबाद के थाना विजयनगर में पहुंचकर चंदन कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# अतीक के मकान पर छापेमारी, खाली हाथ लौटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- ग्रेटर नोएडा में बदमाशों के छुपने का मिला था सुराग

उमेश पाल हत्याकांड को लेकर प्रयागराज पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है। अतीक अहमद पर लगातार शिकंजा कस रही है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 36 में अतीक अहमद के मकान पर भी प्रयागराज पुलिस ने ग्रेटर नोएडा पुलिस के साथ रात में छापेमारी की। हालांकि पुलिस को यहां से खाली हाथ लौटना पड़ा।

बताया जा रहा है कि प्रयागराज पुलिस को इनपुट मिला कि ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में स्थित अतीक अहमद के मकान मन्नत में कुछ संदिग्ध छुपे हुए हैं। इसके बाद प्रयागराज पुलिस ने इसकी सूचना गौतम बुद्ध नगर पुलिस को दी। जिसके बाद रात को ग्रेटर नोएडा पुलिस और प्रयागराज पुलिस ने मिलकर अतीक के मकान पर रेड करनी शुरू कर दी। इस दौरान करीब 50 से 60 पुलिसकर्मी हथियारों से लैस होकर मकान पर पहुंचे।

# गाजियाबाद को मिली 8 राजधानी एक्सप्रेस बसें

- मुख्यमंत्री योगी ने दिखाई हरी झंडी, सुबह 9:30 बजे तक लखनऊ पहुंच सकेंगे यात्री

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



परिवहन निगम के गाजियाबाद रीजन को 8 राजधानी बसें शनिवार को मिल गईं। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गाजियाबाद को 4, हापुड़ और बुलंदशहर को 2.2 राजधानी बसें मिली हैं। इनमें ज्यादा सुविधाएं होंगी तो किराया भी 10 फीसदी ज्यादा देना होगा। गाजियाबाद से राजधानी बसें लखनऊ जाएंगी। गाजियाबाद के कौशांबी डिपो से लखनऊ तक का सफर 8 घंटे में पूरा होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि ये राजधानी बसें सुबह साढ़े 9 बजे तक लखनऊ में पहुंच जाएंगी। इससे लखनऊ जाने वाले लोग ऑफिस टाइम तक पहुंचकर अपना सारा काम निपटाकर एक ही दिन में वापस आ सकते हैं। इससे लखनऊ में उनका होटल-गेस्ट हाउस का भी खर्च बच सकेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए राजधानी बस सेवा शुरू की गई है, ताकि पैसा और समय दोनों की बचत हो सके। हालांकि गाजियाबाद से लखनऊ तक नॉनस्टॉप वोल्वो बसें पहले से चलती हैं, लेकिन वे सरकारी नहीं हैं। गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन चौधरी ने बताया, हमने गाजियाबाद को 6, बुलंदशहर को 4 और हापुड़ के लिए 2 राजधानी बसों की डिमांड भेजी थी। लेकिन पहले फेज में इन तीनों जिलों के लिए कुल 8 बसें मिल रही हैं। इस बस में टिकट की बुकिंग ऑनलाइन भी की जा सकती है। इसमें फूड प्लाजा की सुविधा भी मिलेगी। सीट के पास पैनिक बटन भी होगा।

# 84 पर गुंडा एक्ट और 40 किए जिला बदर

- 18 बदमाशों को थाने में हाजिरी देने के लिए पाबंद किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




अपराध एवं शातिर अपराधियों की नाक में नकेल डालने के लिये अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी काफी तत्पर हैं।

उन्होंने कुछ ही दिनों में जहां लगभग पौने दो सौ शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर, गुंडा एक्ट व चालानी दंडात्मक प्रक्रिया के तहत निरूद्धात्मक कार्रवाई करके उनकी कमर तोड़ दी। उनके निर्देश में कमिश्नरेट पुलिस ने सैंकड़ों बदमाशों, जिनमें इनामी बदमाशों की संख्या भी बहुयायत में है, को जेल के भेजने के पीछे भेजकर उनके क्रिमिनल नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम कर दिखाया। बदमाशों के खिलाफ हुई निरूद्धात्मक कार्रवाई के संदर्भ में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि उनके द्वारा 29 बदमाशों पर गैंगस्टर और 84 पर गुंडा एक्ट में कार्रवाई की गई। इसके अलावा 40 बदमाशों को जिला बदर किया गयाए वहीं 18 बदमाशों को थाने में हाजिरी देने के लिये पाबंद किया।

## छोटे भाई की बीवी को मारी गोली, गंभीर

**नोएडा।** छह महीने पहले एक महिला जमानत पर जब बाहर आकर ससुराल पहुंची तो जेठ ने उस पर गोली चला दी। महिला के पैर में गोली लगी।

उसका इलाज सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। गोली चलाने के बाद से आरोपी जेठ मौके से फरार हो गया। एडीसीपी सेंट्रल डॉक्टर राजीव दीक्षित ने बताया कि संजय भाटी अपने भाई अजीत भाटी के घर पहुंचा। दरवाजा खटखटाने पर उसके छोटे भाई की पत्नी कविता ने दरवाजा खोला। संजय ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। गोलियों से बचने के लिए कविता घर के अंदर भागी लेकिन संजय ने उसे 3 गोलियां मार दी। गोली लगने से कविता गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी।

# रेपिड रेल साइट पर पिलर का हिस्सा गिरा, मची भगदड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- हादसे में कोई हताहत नहीं

दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर शनिवार को फिर एक हादसा हुआ। गाजियाबाद के कस्बा मोदीनगर में सीमेंटेड पिलर का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया। मौके पर भगदड़ मच गई।

वहीं एक व्यक्ति घायल हो गया। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदीनगर तहसील के बाहर शनिवार दोपहर 2:45 बजे के असापास निर्माणाधीन रैपिड ट्रेन का क्रॉसिंग पिलर का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। मलबा गिरते ही मौके पर भगदड़ मच गई। एक बड़ा पत्थर इकबाल निवासी गोविन्दपुरी कॉलोनी के ऊपर गिर गया। जिस कारण वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि अधिकांश मलबा नाले में जा गिरा। यदि मलबा सड़क पर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। छह माह पहले मोदीनगर में हरमुखपुरी कॉलोनी गेट नम्बर दो के सामने एक पिलर गिर गया था। उस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ था। इससे पहले गाजियाबाद में मेरठ तिराहे पर एक सरिया भाजपा सरकार में राज्यमंत्री के पीए की गाड़ी के ऊपर गिरा था।

## संक्षिप्त समाचार


सरस आजीविका मेले में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपस्थित पदाधिकारी।

### सरस मेले का आज समापन, वीकेंड पर उमड़े लोग

**नोएडा।** सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा आयोजित सरस मेले में शनिवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों केवयं जन एवं मिलेट्स के व्यंजनों का स्वाद चखा। केंद्र सरकार का तीसरा सरस आजीविका मेला रविवार 5 मार्च को समापन की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला अब मात्र एक दिन के लिए है, जिसका विधिवत समापन रविवार को होगा। मेले के अंतिम दिनों में तीसरे दिन शुक्रवार को उत्पादों पर विशेष छूट का लाभ उठाते हुए यहां जमकर खरीदारी की गई।

### प्राधिकरण में प्रवेश के लिए पास बनवाना होगा आसान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने शनिवार को फेडरेशन ऑफ ग्रेटर नोएडा आरडब्ल्यूएज और ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट की आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। फेडरेशन की मांग पर सीईओ ने ग्रेटर नोएडा में प्रवेश के लिए पास बनाने के काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। गेट पर बहुत जल्द हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। जिससे दो बजे के बाद भी आने वाले लोग हेल्प डेस्क पर अपना आवेदन पत्र दे सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में आयोजित इस बैठक में फेडरेशन ऑफआरडब्ल्यूएज के अध्यक्ष देवेंद्र टागर व महासचिव दीपक भाटी समेत कई आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि शामिल हुए। इन प्रतिनिधियों ने बारी.बारी से सेक्टर की समस्याएं सीईओ के समक्ष रखीं।

### राजनगर आरडब्ल्यूए का होली मिलन समारोह आज

**गाजियाबाद।** राजनगर रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 6 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता ने बताया कि चरकूला आर्ट गैलरी मथुरा के संचालक संजय शर्मा होली पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी जिसमें कलाकारों राधा.कृष्ण की विशेष झांकियां, बरसाने की लट्ठमार होली, फ ूलों की होली सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पर्व पर आधारित कराए जाएंगे। इसके अलावा उड़ान स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति भी दी जाएगी। वहीं गांधर्व संगीत विद्यालय के कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें शहर के गणमान्य लोग सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का आयोजन राजनगर रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस दौरान सचिव प्रभारक त्यागी, कोषाध्यक्ष डीके गोयल, सांस्कृतिक सचिव मेघना बंसल, समाजसेवी व समूरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता, आरके जैन, राजीव शर्मा, वीरेन्द्र सारस्वत आदि एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली में बेचते थे नोएडा से चोरी की बैटरी



**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में बैटरी व वाहन चोरी की घटना करने वाले अन्तर्राज्यी गैंग के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग गिरोह बनाकर नोएडा दिल्ली में कंपनियों में चोरी की घटना करते थे। चोरी से पहले रेकी करते थे। इसके बाद कंपनियों में रखी बैटरी चोरी कर दिल्ली के दल्लुपुरा, अशोक नगर और अन्य स्थानों पर बेचते थे। इनकी पहचान सचिन, अजीत, प्रमोद और कृष्ण हुई है। इनके पास से चार बैटरी बरामद की गई। इससे पहले ये कई बैटरी को चोरी कर बेच चुके है। इन चारों को ए-15 सेक्टर-4 से गिरफ्तार किया गया है। ये यहां चोरी की प्लानिंग कर रहे थे। जो बैटरी बरामद हुई है। उस संबंध में थाना फेस 1 में तीन मार्च को व दूसरा मुकदमा 23 फरवरी को दर्ज किया गया था। इनके पास से बरामद किए गए बैटरी की कीमत करीब 60 हजार रुपए है।


**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विक्रम पॉल/ बनिता पॉल/ LBNOD00002263659 | एनजीपी-174, डीएलएफ न्यू टाउन हाइट्स, 17वीं मंज़िल, टॉवर-पी, सेक्टर-90, गुड़गांव/ फरवरी 28, 2023 | जून 23, 2021 रु. 1,11,41,273/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 04, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजविंदर सिंह बेदी/ अनु शर्मा/ LBGUR00002359955 | फ्लैट नंबर-7बी, बेलग्रेविया II, 7वीं मंजिल, टावर नंबर-11, सेक्टर-48, गुड़गांव-122001/ फरवरी 28, 2023 | जून 07, 2019 रु. 1,53,77,495/- | दिल्ली |
| 2. | राजेश तोमर/ साई इंडस्ट्रीज/ पूनम तोमर/ अयोध्या/ मैक्सी टेक इलेक्ट्रिकल्स/ सुरजीत सिंह/ LBDEL00004982929/ LBDEL00004982931/ LBFDB00005387554 | प्लॉट नंबर 548-पी, सेक्टर 30, अर्बन एस्टेट, हरियाणा, फरीदाबाद, हरियाणा-121003/ फरवरी 27, 2023 | अक्टूबर 29, 2022 रु. 86,71,243/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 04, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank
आंचलिक कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनबीसीसी प्लेस, भीष्म पितामह मार्ग, प्रगति विहार, नई दिल्ली-110 003
पंजी. कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा-390 007
कार्पोरेट कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई-400 051

**सार्वजनिक सूचना - प्रतिभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी ऐक्ट") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्ति की बिक्री

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत एक सांविधिक मांग सूचना दिनांकित 13 दिसम्बर, 2021 को जारी की थी, जिसमें मैसर्स सेलूजन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, श्री फिरदोश रोहिन्टन महुवावाला ("कर्जदार/प्रतिभूति प्रदाता/व्यक्तिगत गारंटर") (इसमें आगे "सूचना-प्रेषिती" कहे गए हैं) से 29 नवम्बर, 2021 तक बकाया रू. 2,10,39,140.39 (रुपए दो करोड़ दस लाख उन्तालीस हजार एक सौ चालीस तथा पैसे उन्तालीस मात्र) की राशि, भुगतान की तिथि तक, आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ ("बकाया राशि") उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। कि सूचना प्रेषिती (सूचना प्रेषितीगण) उक्त मांग सूचना का पालन करने में असफल रहे हैं तथा उसकी उपेक्षा की है।

श्री फिरदोश रोहिन्टन महुवावाला द्वारा प्रतिभूत आस्ति (नीचे वर्णित अनुसार) आईसीआईसीआई बैंक द्वारा कर्जदार को मंजूर की गई सुविधा की प्रतिभूति के रूप में बंधक रखी गई है और जबकि, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के साथ पठित नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने नीचे वर्णित सम्पत्ति ("प्रतिभूत आस्ति") का भौतिक कब्जा 16 नवम्बर, 2022 को प्राप्त कर लिया है।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आईसीआईसीआई बैंक सरफासी ऐक्ट और नियमावली के प्रावधानों के तहत प्रतिभूति आस्ति (नीचे अनुसूची में वर्णितानुसार) की बिक्री "जैसी है जहां है आधार" "जो है जैसी है आधार" "जो भी है वहां है आधार" तथा "कोई आश्रय नहीं आधार" पर ऑफर्स आमंत्रित कर रहा है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

**अनुसूची**

| क्र. सं. | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रु. में) | धरोहर राशि जमा ("ईएमडी") (रु. में) | बोली वृद्धि मूल्य (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मौजे जेटलापुर के आर.एस. नंबर 83, 84, 85, 142 तथा 143 की भूमि में अवस्थित "बेनीसन कॉम्प्लेक्स" नामक स्कीम में अवस्थित कॉमर्शियल सम्पत्ति 405-बी, चतुर्थ तल, उक्त भूमि पर हरिभक्ति कालोनी संगठित है और उक्त राजस्व सर्वे में से आर.एस. नंबर 83 ए को द्विभाजित किया गया है, जो टीपी स्कीम नंबर 14, एफपी नंबर 7 टेन्योर-सी, सिटी सर्वे नंबर 1864, वडोदरा, गुजारत-390 007 में है, इसका निर्मित क्षेत्रफल परिमाप 1240 वर्ग फीट है और कार्पेट एरिया 1177 वर्ग फीट है, जो श्री फिरदोश रोहिन्टन महुवावाला के नाम है। | 1,00,00,000.00/- | 10,00,000.00/- | 1,00,000.00/- | 03 अप्रैल, 2023 (अप. 01.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक) पूर्व सूचना के साथ | 10 अप्रैल, 2023 अप. 04.00 बजे तक | 12 अप्रैल, 2023 (पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे तक) |

**नियम और शर्तें**

(1) ऑनलाइन नीलामी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से ऑक्शन एजेन्सी की वेबसाइट नामतः **https://icicibank.auctiontiger.net** पर होगी तथा यह नीलामी **https://icicibank.auctiontiger.net** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज में दिए गए नियम एवं शर्तों के तहत की जाएगी।
(2) निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में आगे और किसी स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी श्री करण कक्कड़ से +91-70427-92970 पर सम्पर्क करें अथवा **karan.kakkar@icicibank.com** पर लिखें।
(3) सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को 31 दिसम्बर, 2022 तक कुल बकाया राशि रु. 2,33,66,211.40 (रु. दो करोड़ तेतीस लाख छियासठ हजार दो सौ ग्यारह तथा पैसे चालीस मात्र) का भुगतान, उस पर आगे संविदात्मक दर पर ब्याज एवं अन्य प्रभारों सहित करने का अंतिम अवसर दिया जाता है। सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) द्वारा प्रतिभूत आस्ति छुड़ाने के लिए उक्त बकाया राशि 11 अप्रैल, 2023 को अथवा पूर्व चुकाई जानी अपेक्षित हैं, जिसमें असफल रहने पर प्रतिभूत आस्ति उपरिवर्णित कार्यक्रम के अनुसार बेच दी जाएगी।
(4) सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को विशेष रूप से और सर्व साधारण को सरफासी ऐक्ट की धारा 13 (13) के निबंधनों में प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में किसी भी रूप में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई भी संव्यहार प्रतिभूत आस्ति पर आईसीआईसीआई बैंक की बकाया राशियों और उन पर, सूचना प्रेषिती (प्रेषितियों) द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को भुगतान/वसूली तक, संविदात्मक दरों पर ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, नकदीकृत क्षतियों तथा अन्य प्रभारों के अधीन होगा।
(5) प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए कोई भी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा ई-नीलामी स्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है।
(6) बिक्री सूचना के अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्र में प्रकाशन के बीच किसी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी समाचारपत्र स्थानीय भाषा समाचारपत्र पर आविर्भावी होगा तथा यह अंतिम प्रति मानी जाएगी और इस प्रकार अस्पष्टता दूर की जाएगी।

**नियमावली के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का कानूनी नोटिस**

सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को एतद्द्वारा एकबार पुनः अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी तथा शेष बकाया राशि, यदि कोई होगी, ब्याज एवं लागत सहित वसूल की जाएगी। यदि किसी भी कारण से नीलामी असफल रहती है, आईसीआईसीआई बैंक सरफासी ऐक्ट और इसके नियमों के तहत आदेशितानुसार सूचना प्रेषिती(प्रेषितियों) को आगे कोई सूचना दिए बिना सरफासी ऐक्ट और तदधीन नियमावली में दी गई व्यवस्था के अनुसार बंधक सम्पत्ति की बिक्री गुप्त समझौते (प्राइवेट ट्रीटी) अथवा किसी अन्य उपाय द्वारा करने के लिए स्वतंत्र होगा।

तिथि : 04 मार्च, 2023
स्थान : नई दिल्ली

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

Public Notice

This is to inform general public that Mrs. Sushma Kapoor has acquired the Entire Ground Floor without roof rights "said floor", built on Property bearing No. 15, area measuring 82.80 sq. mtrs., in Block-U (P), situated in the layout plan of Pitampura Residential Scheme, presently known as "Pitampura", Delhi-110088 vide Relinquishment Deed dated 06.01.2023, Doc no. 308. Now, Mrs. Sushma Kapoor is intending to sell above said property to Mr. Manish Lalwani and Mrs. Raunak Lalwani and further Mr. Manish Lalwani and Mrs. Raunak Lalwani are mortgaging the above said property with RBL Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client i.e. ICICI Bank Ltd. that Mr. Dharam Pal Singh is owner / mutate of Property Bearing No. 90, (area measuring 162 sq. mtrs), in Block-B, Sector-41, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, (U.P.) "the said property" by virtue of Mutation letter dated 01.11.2022, issued by Noida Authority, after demise of his father Late Mr. Jai Singh, who was owner of the said property by virtue of Lease Deed dated 28.02.1994, Registration No. 604, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to someone who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Dharam Pal Singh in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Surinder Mohan Sharma S/o Baldev Raj Sharma R/o House No. 229-230, Pocket-7, Rohini Sector-24, Delhi-110085 have changed my name from old name Surinder Mohan to New Name Surinder Mohan Sharma as per affidavit number IN-DL71441998729016V for all future purposes.

PD( 90290)A



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# शिक्षकों को फिनलैंड भेजने की मिली मंजूरी

● सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को विदेश भेजने को लेकर हुआ था एलजी और सरकार में विवाद

## प्रशिक्षण के लिए जाने वाले अध्यापकों की संख्या 52 से बढ़ाकर 87 हुई





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जा सकेंगे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें उसने शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने की इजाजत मांगी थी।

इस मामले को लेकर पिछले कई दिनों से एलजी और आम आदमी पार्टी की सरकार के बीच तनातनी का दौर चल रहा था। साथ ही उपराज्यपाल ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाले प्राइमरी इंचार्ज की संख्या भी 52 से बढ़ाकर 87 कर दी है। उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक, 29 प्रशासनिक जोन हैं और हर जोन से 3 प्राइमरी इंचार्ज फिनलैंड ट्रेनिंग के लिए जा सकेंगे।

उपराज्यपाल कार्यालय की कई मुद्दों पर आम आदमी पार्टी की सरकार के साथ तकरार चल रही है, जिनमें स्कूली शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजने की योजना भी शामिल थी। सक्सेना ने अपनी मंजूरी में यह जिक्र किया है कि अतीत में संचालित किए गए विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन प्रभाव को रिकार्ड में लाने से अरविंद केजरीवाल नीत सरकार ने इनकार कर दिया था। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने प्राथमिक (विद्यालय) प्रभारियों को फिनलैंड में प्रशिक्षण दिलाने के शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

सभी को समतापूर्ण लाभ पहुंचाने के रुख को आगे बढ़ाते हुए उपराज्यपाल ने प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जाने वाले प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 52 से बढ़ा कर 87 कर दी है, ताकि शिक्षा विभाग के सभी 29 प्रशासनिक जोन के प्राथमिक (विद्यालय) प्रभारियों का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। 29 प्रशासनिक जोन से, प्रत्एक से तीन प्रभारियों (कुल 87) का चयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया जाएगा, जबकि सरकार ने मनमाने तरीके से यह (कुल) संख्या 52 तय की थी। मालूम हो कि गत दिनों आम आदमी पार्टी ने दावा किया था कि उपराज्यपाल शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजनेपर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार ने 30 शिक्षकों को फिनलैंड में प्रशिक्षण कराने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी और इसके लिए अंतिम मंजूरी के लिए पिछले साल दिसंबर में एलजी के पास भेजा था। आप का आरोप था कि उपराज्यपाल ने प्रस्ताव पर मंजूरी नहीं दी है। एलजी का कहना था कि शिक्षकों की ट्रेनिंग देश में भी कराई जा सकती है। इतना ही नहीं शिक्षकों को फिनलैंड जाने से रोकने का मामला दिल्ली विधानसभा तक में उठ चुका है।

### उपराज्यपाल का फैसला अब निरर्थक : आप

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने फिनलैंड शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर एलजी के पैसले को संविधान और सुप्रीम कोर्ट के साथ धोखा बताया है। सरकार ने कहा कि एलजी तानाशाह की तरह काम किया है। एलजी द्वारा फिनलैंड शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के संशोधित प्रस्ताव को चार महीने बाद वापस करने पर दिल्ली सरकार ने हमला बोला है। क्योंकि दिसंबर 2022 और मार्च 2023 में यह प्रशिक्षण आयोजित होने थे, लेकिन अब यह प्रस्ताव निरर्थक हो गया।

# सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा मुख्यालय पर आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने बैरिकेटिंग कर रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस कुछ कार्याकताओं ने मनीष सिसोदिया तुझे सलाम की तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही अपने चरम पर पहुंच चुकी है। इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि बेहतरीन शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल देने वालों को जेल में डाल दिया और लाखों करोड़ का घोटाला करने वालों के खिलाफ काई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर बड़ी संख्या में जमा हुए। यहां वे संजय सिंह की अगुवाई में सिसोदिया की रिहाई को लेकर राउज एवेन्यू पार्टी मुख्यालय की तरफ बढ़े लेकिन तिराहे पर ही पुलिस ने बैरिकेटिंग कर रोक लिया। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वहीं सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। सिंह ने कहा कि वह न्यायालय का सम्मान करते हैं। देश और दिल्ली के दो सबसे अच्छे योग्य मंत्रियों को गिरफ्तार करके रखा है। वह सिसोदिया जो लाखों बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दे रहे हैं उनको जेल में डाल दिया है। यह फर्क देश के एक-एक नागरिक को समझ में आ रहा है।

## अतिशी-सौरभ भारद्वाज चला रहे नगर निगम : भाजपा

● केजरीवाल सरकार खत्म कर रही एमसीडी की स्वायत्तता : मल्होत्रा




**नई दिल्ली।** एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद भाजपा आप हमलावर हो गई है। भागवा पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया है कि शैली ऑबराय एक डममी महापौर हैं। दरअसल नगर निगम को असल में विधायक अतिशी एवं सौरभ भारद्वाज चला रहे हैं। साथ एक फोटो भी साझा किया जिसमें आतिशी और सौरभ निगम अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं। यह खेद का विषय है की केजरीवाल सरकार दिल्ली नगर निगम की स्वायत्ता खत्म करने में लगी है।

दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौरों हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत और प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा की यह खेद का विषय है की मजबूत स्थानीय एवं मोहल्ला सभाओं की बात करके अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत करने वाले मुख्य मंत्री गत 8 साल से देश के सबसे बड़े निकाय को कमजोर करने में लगे हैं। गत तीन महीने में निगम ने अपने 70 साल के इतिहास का सबसे काला हिंसक अध्याय देखा है जिससे दिल्ली शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा केजरीवाल ने ना तो गत आठ साल में अपनी पार्टी के नगर निगम दल में कोई नेतृत्व बनने दिया और जब अब उनकी पार्टी को नगर निगम में बहुमत मिला है।

# एसओएल परीक्षा में बदइंतजामी, 4 पेपर हुए रद्द

● डीयू में रविवार को भी नहीं होगी परीक्षा, शेष अपने नियत कार्यक्रम के अनुसार होगा

## विवि की गलती के कारण दो पालियों के छात्रों को एक समय पर बुलाया




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) ने शनिवार को बीए और बीकॉम पाठ्यक्रम के लिए प्रथम वर्ष की परीक्षा अचानक रद्द करने की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय की गई जब छात्र परीक्षा दे रहे थे और उन्हें अपनी उत्तर पुस्तिकाएं सौंपने को कहा गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को होने वाली एसओएल परीक्षा को भी रद्द कर दिया गया है, लेकिन बाकी की डेटशीट पहले जैसी ही रहेगी।

उन्होंने बताया कि इन दोनों विषयों की तारीखों के बारे में जल्द ही बताया जाएगा। शनिवार को इन पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए परीक्षा का पहला दिन था और इसे दो पालियों सुबह और शाम में आयोजित किया जाना था। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक त्रुटि के कारण, सभी छात्रों को सुबह की पाली में परीक्षा देने के लिए बुला लिया गया था, यही वजह है कि परीक्षा रद्द करनी पड़ी। परीक्षा रद्द होते ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षा रद्द करने का नोटिस लगा दिया गया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा संगीता ने कहा कि वह समय पर अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंच गई थी और परीक्षा सामान्य रूप से शुरू हुई, लेकिन कुछ मिनट बाद छात्रों को परीक्षा रद्द होने की सूचना दी गई।

उन्होंने कहा, मेरा परीक्षा केंद्र मिरांडा हाउस था। मैं समय पर पहुंच गई थी। हमने अपना विवरण भरा और प्रश्न पत्र वितरित किए गए। हमें प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए आवंटित समय दिया गया था। उन्होंने दावा किया, उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया गया और जैसे ही मैंने अपना पेन उठाया, निरीक्षक ने हमें बताया कि परीक्षा रद्द कर दी गई है। हमें इसका कोई कारण नहीं बताया गया।

संगीता ने कहा कि सैकड़ों छात्र जवाब मांगने के लिए केंद्र के बाहर एकत्र हो गए थे। उन्हें कॉलेज के मुख्य द्वार पर एक नोटिस चस्पा मिला, जिसमें लिखा था, परीक्षा शाखा से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह और शाम के सत्र की एसओएल परीक्षा रद्द कर दी गई है। परीक्षा की अगली तारीख की सूचना बाद में दी जाएगी। विश्वविद्यालय के अधिकारी ने कहा कि शनिवार और रविवार दोनों के लिए परीक्षा रद्द कर दी गई है।

### नाराज छात्र संगठनों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

डीयू के आत्मा राम सनातन कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आई शिवानी ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उन्हें हमें कम से कम एक दिन पहले इस संबंध में बताना चाहिए था। बड़ी संख्या में छात्र दूर-दूर से यहां आए हैं। उन्हें अंतिम समय में परीक्षा रद्द किए जाने के बारे में बताया गया। छात्र समूह क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने परीक्षा रद्द किए जाने की निंदा की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसओएल के छात्रों के साथ एसओएल भवन में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने बाद में कला संकाय, गेट नंबर चार पर एक रैली का आयोजन किया और डीयू के कुलपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

### नए रोल नंबर जारी किए जाएंगे: रजिस्ट्रार



*रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने कहा, छात्रों को नए रोल नंबर जारी किए जाएंगे। हम इस त्रुटि की जांच कर रहे हैं। हम यह निर्धारित कर रहे हैं कि यह मानवीय त्रुटि थी या कंप्यूटर की। उन्होंने कहा, हम इन दोनों विषयों की परीक्षा के लिए अगली तारीख की सूचना देंगे। बाकी डेटशीट वही है। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक संदेश में, इसके सहायक रजिस्ट्रार ने कहा कि परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण रद्द कर दी गई है। इसमें कहा गया है, इन परीक्षाओं की अगली तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।*

### छात्रवृत्ति की किस्त न देने पर 50 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर योजना के तहत एक वार्षिक छात्रवृत्ति की तीसरी किस्त नहीं देने के लिए केंद्र पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

अदालत ने केंद्र को दिल्ली विश्वविद्यालय के एक छात्र को यह राशि आठ सप्ताह के भीतर देने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र को छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ छात्र को 60,000 की तीसरी किस्त जारी करने का भी आदेश दिया। विज्ञान मंत्रालय के तहत काम करने वाले विभाग ने जनवरी 2017 में छात्र को अभिप्रेरित अनुसंधान के लिए विज्ञान की खोज में नवोन्मेष (इंस्पायर) छात्रवृत्ति की पेशकश की थी।

# राजधानी में बदला मौसम, दिन भर कभी बादल-कभी धूप

● रविवार को भी आंशिक रूप से छाये रहेंगे बादल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली समेत एनसीआर के शहरों का मौसम शनिवार को अचानक बदल गया। दिन भर कभी बादल तो कभी धूप की आंख मिचौली होती रही।

इस दौरान शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज कि या गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी कि शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को मौसम में आद्रता 66 प्रतिशत से 49 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी ने रविवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। साथ ही रविवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 31 और 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार होली से पहले अगले कुछ दिनों में राजस्थान, पश्चिमी और मध्य भारत के बड़े हिस्से में गरज के साथ बौछारें पड़ने और ओला वृष्टि होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में रविवार को छिटपुट बारिश या बर्फबारी की भी संभावना जताई गई है। मालूम हो कि 7 और 8 मार्च को रंगों का त्योहार होली मनाया जाएगा।

इस बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

# पड़ोसियों से झगड़े के बाद युवक की चाकू घोंपकर हत्या



● हत्याकांड में मुख्य आरोपी व सात किशोर पकड़े गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में कथित तौर पर पड़ोसियों के साथ झगड़े के बाद 26 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार को हुई इस घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और सात किशोरों को पकड़ा गया है।

पुलिस ने बताया कि राजू (36) ने सिरसपुर के जीवन पार्क निवासी बबलू की पत्नी से कथित तौर पर झगड़ा किया और नशे की हालत में उसके साथ दुर्व्यवहार किया। कुछ देर बाद राजू कुछ अन्य लोगों को बबलू के कमरे में ले आया, जहां उनमें से एक ने कथित तौर पर उसे चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि समयपुर बादली पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया। पीड़िता मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का रहने वाला है।

## कंझावला में दो युवकों को गोली मारी, घायल

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में अज्ञात लोगों ने दो युवकों को गोली मार दी। हमले में दोनों युवक घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना ततेसर गांव में शुक्रवार शाम करीब 6 बजकर 24 मिनट पर हुई।

पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को एक खोखा और जमीन पर खून के धब्बे मिले। पुलिस ने कहा कि पीड़ितों की पहचान मुकुल (20) और चंद्र प्रकाश (24) के रूप में हुई है और दोनों चांदपुर गांव के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों युवकों का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने कहा कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पुलिस कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है।

# कब्रिस्तान की दीवार से टकराई क्लस्टर बस

● दस कब्रें क्षतिगस्त, खान मार्केट क्षेत्र में सुबह 6 बजे हुआ हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मध्य दिल्ली के खान मार्केट इलाके में शनिवार सुबह एक क्लस्टर बस के कब्रिस्तान की दीवार के टकरा जाने से करीब 10 कब्रें क्षतिग्रस्त हो गईं।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के वक्त बस में सिर्फ चालक और कंडक्टर (संवाहक) थे। सोशल मीडिया पर दुर्घटना के वीडियो और तस्वीरें काफी प्रसारित हो रही हैं। इसमें दिख रहा है कि बस के टक्कर मारने से कब्रिस्तान की दीवार का एक हिस्सा टूट गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बस को दुर्घटनास्थल से हटा दिया गया है और सुबह करीब छह बजे हुई दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वाहन का यांत्रिक निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी के भी दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली कब्रिस्तान समिति के सचिव यूजीन रत्नम ने कहा कि दुर्घटना में 10-12 कब्रों को नुकसान पहुंचा है। डीटीसी की बसों से इस तरह के हादसे होना अपने-आप में एक बड़ा सवालिया निशान है।

ज्ञात हो अक्सर डीटीसी बसों से जुड़े हादसे सामने आते रहते हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या इन बसों को चलाने वाले ड्राइवर मानसिक रूप से फिट नहीं होते हैं, या फिर बसों का उपयुक्त तरीके से रख-रखाव नहीं किया जा रहा है।

# तैयारियां: संवरेंगे जी-20 प्रतिनिधियों के रास्ते वाले थाने

## दिल्ली पुलिस 50 से अधिक थानों और लगभग 30 पुलिस चौकियों-बूथों को सजाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली में इस साल के अंत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान जिन मार्गों से विदेशी प्रतिनिधियों को गुजरना है उस पर पड़ने वाले या उनके ठहरने के स्थान के करीब स्थित दिल्ली पुलिस के थानों, बूथ और चौकियों को नया रूप दिया जाएगा।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर नई दिल्ली और दक्षिण पश्चिम जिले में 50 से अधिक थानों और लगभग 30 पुलिस चौकियों व बूथों को नया रूप दिया जाएगा।

योजना के तहत क्षतिग्रस्त निर्देश पट्टिका, गेट और चहारदीवारी को बदलना या उनका नवीनीकरण करना शामिल है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा द्वारा अनुमोदित एक आदेश में कहा गया है कि डीसीपी (जीएम, ऑपरेशन), दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को इस परियोजना के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। आदेश में कहा गया है, वह उन इमारतों, बूथ और चौकियों की पहचान करके संबंधित स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस और अन्य इकाइयों की मांगों के बारे में जानेंगे, जो उन मार्गों पर स्थित होंगी जिनसे प्रतिनिधियों को गुजरना है या या फिर उनके ठहरने के स्थान के निकट स्थित होंगी। ज्ञात हो जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने से 927 करोड़ रुपये की मांग की थी। ताकि इस शिखर सम्मेलन के लिए तैयारियों को युद्धस्तर पर पूरा किया जा सके। इसके लिए सिसोदिया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भी लिखा था। जिसके बाद केंद्र सरकार ने जी-20 की अध्यक्षता के लिए 990 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है।

### हॉलैंड से मंगावाए गए 2 लाख ट्यूलिप बल्ब

सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। जानकारी के मुताबिक हॉलैंड से लगभग 2 लाख ट्यूलिप बल्ब मंगवाए गए हैं, जो सड़को और पार्क का सौंदर्यीकरण बढ़ाएंगे। इसके अलावा सड़क के बुनियादी ढांचे और फुटपाथ में सुधार, इंडिकेटर का नवीनिकरण, फ्लाईओवर के नीचे के जगहों का सौंदर्यीकरण, अच्छी एलईडी लाइट, पेड़ों पर रोशनी, नालियों को ढंकने और टूटे स्लैब को बदलने का काम जारी है।

## नगर निगम अधिकारियों ने ई-बाइक से किया स्मारकों का दौरा

**नई दिल्ली।** नगर निगम के हेरिटेज सेल ने केशवपुरम क्षेत्र के साथ मिलकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षित स्मारकों का ई- बाइक दौरा आयोजित किया।


इस दिशा में आगे बढ़ते हुए केशवपुरम क्षेत्र ने यूलू बाइक के साथ मिलकर हेरिटेज ई बाइक यात्रा शुरू की है जिसके माध्यम से लोग शहर के गौरवशाली धरोहरों से अवलोकन कर सकते हैं। केशवपुरम क्षेत्र ने शनिवार को हैदरपुर स्थित शीशमहल के मुख्य गेट से आरंभ होते हुए हेरिटेज यात्रा का आयोजन किया। क्षेत्रीय उपायुक्त नवीन अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि भविष्य में और भी ऐसी हेरिटेज यात्राएं आयोजित की जायेंगी। इन यात्राओं के माध्यम से हमारे शहर के छुपे हुए नगीने उभर कर सामने आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूजा बेदी ने एजिंग ब्लिसली सम्मेलन में लिया भाग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार से शुरू हुए वैश्विक कल्याण सम्मेलन एजिंग ब्लिसफुली में जाने-माने योग गुरु गुरमुख कौर खालसा, अभिनेत्री पूजा बेदी, फैशन डिजाइनर सुनीत वर्मा और तिब्बती लेखक नामग्याल तकल्हा सहित कई हस्तियों ने भाग लिया।दिल्ली के राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय और हस्तकला अकादमी में शनिवार को शुरू हुए दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य लोगों को बढ़ती उम्र को स्वीकारने और आनंददाई जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। द पॉजिटिविटी प्रोजेक्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित और बिहार सरकार के कला और संस्कृति मंत्रालय द्वारा समर्थित सम्मेलन में शिक्षकों, आध्यात्मिक गुरुओं, कल्याण विशेषज्ञों द्वारा चर्चाएं और कार्यशालाएं शामिल होंगी। चर्चाओं में जोर दिया जाएगा कि बढ़ती उम्र और अधिक आनंददाई और सुंदर हो सकती है।

### 25 हजार रुपए का ईनामी बदमाश गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने फरार चल रहे घोषित बदमाश को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी के ऊपर दिल्ली पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। आरोपित की पहचान जियाउल हक के रूप में हुई है। वर्ष 2021 में रानी बाग में एक कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई रिक्शा सवार 3 यात्री घायल हो गए थे। इस संबंध में रानी बाग थाने में एक मामला दर्ज किया गया और स्थानीय पुलिस द्वारा इसकी जांच की गई। इस दौरान वाहन का पता लगा लिया गया था, लेकिन मामले में मालिक सह चालक फरार चल रहा था। जिसके बाद अदालत के द्वारा उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार, हेड कांस्टेबल नवीन और सिपाही कृष्ण को सूचना मिली थी कि जियाउल हक के सेक्टर 17 रोहिणी आने वाला है। इस सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया गया, जिसके बाद छापेमारी के लिए एसीपी नरेंद्र सिंह ने एक टीम का गठन किया।

### केआर मंगलम विवि का वार्षिकोत्सव मनाया

**नई दिल्ली।** केआर मंगलम विश्वविद्यालय का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध गायक सुख-ई-म्यूजिकल डाक्टरज की धमाकेदार प्रस्तुति रहीं। कार्यक्रम के समापन कुलपति सीएस दुबे के संबोधन से हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में वेबसाइट डिजाइन, फैशन टेल्स- मिस एंड मिस्टर केआरएमयू के अलावा स्पोर्ट्स कार्यक्रम में वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबलटेनिस और एथलेटिक्स(400 मीटर और 100 मीटर, लंबीकूद,डिस्कस थ्रो) इत्यादि कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। वेबसाइट डिजाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिषेक बिष्ठ , एवंलव कपूर ने रनर अप के तौर पर बाजी मारी, प्रोजेक्ट एक्पो इवेंट में कर्ण पाव प्रथम एवं अभिषेक (केआरएमयू) रनर-अप रहा। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर सांस्कृतिक, तकनीकी, खेल भावना बढ़ती है, जो उनका सर्वांगीण विकास में सहायक होती है।

# नन्ही परी गुडलक व अमूल्या का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

प्रवीन शर्मा। सिरसा

**शाह** सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा की दो और नन्हीं-नन्हीं छात्राओं ने अपने अद्भुत बुद्धि कौशल का परिचय देते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। ये छात्राएं है प्री नर्सरी की अमूल्या और नर्सरी की गुडलक। इससे पूर्व सलोमी गिल व अनवीर कौर का नाम भी इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है।

नन्ही उम्र में छात्राओं की बड़ी उपलब्धि से गदगद शाह सतनाम जी

## शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की छात्रा है गुडलक

गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया इन्सां ने समस्त स्टाफ सदस्यों व चारों छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं सभी छात्राओं व उनके अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के पावन आशीर्वाद और शिक्षाओं को दिया। वहीं शनिवार को चारों छात्राओं के



इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाने वाले बच्चों, उनके अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों के साथ स्कूल प्रधानाचार्या।

अभिभावकों को स्कूल में बुलाकर प्रधानाचार्या ने बधाई दी और उन्हें बच्चों को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए प्रेरित किया। 16 जून 2019 में जन्मी अमूल्या ने साठ कार्टून कैरेक्टर के नाम मात्र 39 सेकंड में व 14 अगस्त 2018 में जन्मी गुडलक ने पचास कारों व सोशल मीडिया के लोगोज मात्र तीस सेकंड में बताकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। दोनों छात्राओं के नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुए है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से इन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट, एक पैन, प्रशंसा पत्र, बैज एवं मेडल भेजकर सम्मानित किया गया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली चारों छात्राओं का अगला निशाना एशिया और गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना है। जिसके लिए वह मेहनत कर रहे हैं।

प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया इन्सां ने कहा कि तीन से पांच साल की उम्र के जो बच्चे होते उनकी लर्निंग मेमोरी बहुत अच्छी होती है। इसलिए उन्होंने छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए फ्लैश कार्ड तैयार करवाए और स्टाफ को बच्चों को इनकी तैयारी करवाने के भी निर्देश दिए। क्योंकि ये उम्र वो होती है, जिसमें जैसा ढालना चाहे बच्चे वैसे ही बन जाते है। इसी का परिणाम है नर्सरी और प्री नसज़्री की छात्राओं द्वारा बनाए गए इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड। इसका सारा श्रेय हमारे पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां को देती हूं, जिनके आशीर्वाद से आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

# जल बचाने का संदेश देते हुए एसजीटी में खेली फूलों की होली

## ब्रज की फूलों की होली में रंग गया एसजीटी विश्वविद्यालय का परिसर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में फूलों की होली खेलते कलाकार।

**पर्यावरण** संरक्षण के लिए जल बचाने का संदेश देते हुए एसजीटी विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को राधा-कृष्ण संग फूलों की होली समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पूरे देश की लोक-संस्कृति की झलक एक मंच पर देखने को मिली। गुजराती, हरियाणवी, मिजोरम, राजस्थानी, दक्षिण भारतीय, बॉलीवुड तथा ब्रज की होली पर नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ ही विश्वविद्यालय का पूरा परिसर होली के रंगों से सराबोर हो गया।

समारोह में एसजीटी विश्वविद्यालय के चांसलर पद्मश्री रामबहादुर राय, दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, दशमेश एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर चावला, मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला, संरचना फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक अमोघ देव राय तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

समारोह की शुरुआत वेलकम डांस से शुरू हुई। होली आई रे गाने के बोल पर जब छात्र-छात्राओं ने गुजराती नृत्य गरबा करना शुरू किया तो पूरा पंडाल होली के रंगों से रंग गया। लोक नृत्य बिहू की प्रस्तुति से असम की मिट्टी की सोंधी सुगंध से पूरा माहौल सराबोर हो गया। होलिया में उड़े रे गुलाल...राजस्थानी पारंपरिक नृत्य पर तो वहाँ उपस्थित सभी लोग होली के रंग में इस तरह रंगे कि वे इस नृत्य पर झूमते हुए नृत्य करने लगे। समारोह में हास्य पर आधारित कॉमेडी-सबसे बड़ा मूर्ख को लोगों ने काफी सराहा। लोक नृत्य बैंबू डांस में मिजोरम की लोक-परम्परा की झलक देखने को मिली। समारोह में दक्षिण भारतीय लोक नृत्य और ब्रज की होली पर आधारित नृत्य। छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य के माध्यम से राधा-कृष्ण की लीलाओं को मंच पर प्रस्तुत किया। महाराष्ट्र के कोली स्टाइल होली नृत्य का दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। हरियाणा के कोरड़ा होली लोक नृत्य ने इस राज्य की संस्कृति से दर्शकों का परिचय कराया।

पारंपरिक, शास्त्रीय तथा बॉलीवुड पर आधारित होली गीतों पर नृत्य ने पूरे माहौल को होलीमय बना दिया। समारोह के अंत में राधा-कृष्ण की वेश-भूषा में जब छात्र-छात्राएं मंच पर आए तो लोगों को एक अलग अनुभूति हुई और वहां उपस्थित सभी लोगों ने राधा-कृष्ण संग फूलों की होली खेली और होली के रंग में पूरी तरह सराबोर हो गए। यह पूरा समारोह चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर चावला के निर्देशन में तैयार किया गया और तैयारियों में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. विजय शर्मा की भी बड़ी भूमिका रही।

# सिकंदरपुर बढ़ा गांव में हुआ मेला भंडारा, जागरण और कुश्ती दंगल



सिकंदरपुर बढ़ा में दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते सरपंच सुंदर लाल यादव।

**गुरग्राम।** गांव सिकंदरपुर बढ़ा के सरकारी स्कूल में हर साल होने वाले बाबा खाटू श्यामजी का भव्य मेला, भंडारा, जागरण व कुश्ती दंगल का आयोजन इस साल भी किया गया। यह आयोजन ग्रामीणों एवं मंदिर कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम रवींद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

अपने संबोधन में एसडीएम रवींद्र यादव ने खिलाड़ियों को आपसी प्रेम व सौहार्द की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे हरियाणा के खिलाड़ियों ने खेलों में पर ही ध्यान देकर वर्ल्ड में नाम चमकाया है। सभी खिलाड़ी हरियाणा का गर्व और गौरव हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी मेहनत के बल पर ही आगे बढ़ने के प्रयास करें। नशों से दूर रहें। नशे अक्सर जीवन बर्बाद कर देते हैं। सिकंदरपुर बढ़ा के सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि यह खुशी की बात है कि हमारे इलाके के खिलाड़ी जहां भी जाते हैँ, जीत दर्ज करके आते हैं। खिलाड़ियों की बदौलत ही हमारे देश का सम्मान बढ़ेगा। दंगल में 1 लाख 30 हजार रुपये की पहली कुश्ती अजय पहलवान लाखूवास ने मोसम खत्री को हराकर जीती। दूसरी कुश्ती एक लाख रुपये ईनाम की नासिर पहलवान ने, प्रो कबड्डी में दीपक चामरीया की टीम ने नरवाल क्लब सोनीपत को हराकर 51 हजार रुपये का ईनाम व ट्रॉफी जीती। दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 31 हजार रुपये, तीसरे स्थान पर सीआईएसएफ पानीपत की टीम 21 हजार पर रही।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली विभाग में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं : सत्तार खान



**गुरुग्राम।** बिजली विभाग में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं होगा। बिजली विभाग के कार्यों में पारदर्शिता उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उद्योगपतियों को 24 घण्टे निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जाएगी। बिजली से संबंधित किसी भी प्रकार की दिक्कत उद्योगों को नहीं होने दी जाएगी। यह बात दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन सत्तार खान ने सेक्टर-37 के उद्योगपतियों को एक बैठक के दौरान कही। बिजली विभाग की स्वयं की पहल के दौरान एक्सइएन सत्तार खान ने एफआईआई के कार्यालय में अपनी टीम के साथ सेक्टर-37 के दोनों एसडीओ सुमन कश्यप, विपिन यादव के साथ जेई अजय कुमार ने दौरा किया। बिजली समस्या पर उद्योगपतियों से संवाद किया। संवाद के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने उद्योगपतियों से सुझाव लिए कि कैसे बेहतर तरीके से विभाग अपने उपभोक्ताओं को सेवाएं मुहैया करवाए। संवाद बैठक में उपस्थित एफआईआई के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने जहां विभाग के अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के सुझाव दिए, वहीं सेक्टर-37 पेस सिटी एक व डॉक एरिया की कुछ समस्यायों से भी अवगत करवाया। जिसे अधिकारियों ने तुरंत निपटान के निर्देश विभाग के कर्मचारियों को दिए। बैठक में एफआईआई के प्रांत महासचिव दीपक मैनी, गुरुग्राम के अध्यक्ष पीके गुप्ता, उपाध्यक्ष रवीन जैन, महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, लेबर लॉ एडवाइजर आरएल शर्मा, सदस्य कार्यकारिणी राजीव पराशर, संतराम शर्मा, डॉक्टर केके अग्रवाल, श्रुति बसई वाला, राजेश छाबड़ा तथा अन्य उद्योगपतियों ने सेक्टर-37 की बिजली संबंधी समस्याओं बारे चर्चा की और अपने सुझाव सांझा किए। एक्सईएन सत्तार खान ने बताया कि ट्रांफार्मर बदलने या ठीक करने में लगभग 24 घण्टे का समय लग जाता है। दीपक मैनी ने उनसे आग्रह किया की ट्रांसफार्मर को ठीक करने में विभाग को तेजी लाने की आवश्यकता है। 4 से 5 घंटे में ट्रांसफार्मर को ठीक किया जाना चाहिए, ताकि उत्पादन प्रभावित ना हो। सत्तार खान ने कहा कि विभाग ने कार्य में गति लाने तथा शिकायतों को तुरन्त निपटाने के लिए क्रेन ठेकेदार को हायर किया है। बिजली की शिकायतों को तेजी से निपटाने का प्रयास रहेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में समय समय पर पेट्रोलिंग की जाएगी, ताकि पवार प्रोब्लम ना हो। उन्होंने एफआईआई के बिजली शिकायतों से संबंधित उधोगपतियों के व्हाट्सएप ग्रुप की भी सराहना की।

## वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विकास और कुलदीप का नाम शामिल है। आरोपी विकास उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के गांव उरेंग का तथा आरोपी कुलदीप मूल रुप से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के गांव छलेसर का तथा वर्तमान में आरोपी फरीदाबाद के भूपानी गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी विकास को बटनदार चाकू सहित थाना एनआईटी के एरिया से काबू किया है। आरोपी कुलदीप को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियो से पूछताछ में थाना सूरजकुण्ड के तथा भूपानी के लड़की के अपहरण के मामलों को सुलझाते हुए दोनों लड़कियों को नोएडा से बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपियों से थाना ओल्ड के तीन व आदर्श नगर के एक चोरी के मामले को सुलझाते हुए 4 मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपी नशा करने के आदि हैं अय्याश किस्म के हैं आरोपी नशे की पूर्ति के लिए वाहन चोरी करने की वारदातों को अंजाम देते हैं। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियो को अदालत मे पेश कर जेल भेजा गया।

## चार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को दोपहर बाद बल्लभगढ़ वासियों को करीब 4 करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से बनने वाली आरएमसी गलियों के कार्य का शुभारंभ कर होली पर्व पर विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र के सभी लोगों को होली पर्व की शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने हमेशा से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालो की खैर नहीं है। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की वे शहर में बहन बेटियों को परेशान करने वालों का जेल भिजवाकर उनका इलाज करने का काम करेगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ की विष्णु कॉलोनी में बनाई जाने वाली गली नंबर 9 और उसके साथ लगती हुए अन्य गलियों का निर्माण कराया जाएगा। जिनके ऊपर करीब 20 लाख रुपये की धनराशि की लागत आएगी। वहीं परिवहन मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने स्थानीय नागरिकों के साथ उनके हाथों से नारियल फुड़वाकर कर आरएमसी गली निर्माण विकास कार्य की सौगात दी है।

# मेरे दिल में बसते हैं न्यू कालोनी के नागरिक : यशपाल बतरा

## नगर निगम चुनाव में कमल खिलाने के लिए यशपाल बतरा ने न्यू कालानी के नागरिकों से मांगा समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** नेता एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने कहा कि न्यू कालोनी के लोग मेरे दिल के करीब रहते हैं। मैं उनको कभी भूल नहीं सकता हूं। यह बातें उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। न्यू कालोनी वासियों ने भी बीजेपी नेता बतरा का गर्मजोशी से स्वागत किया और आश्वासन दिया कि आगामी नगर निगम चुनाव में उनका समर्थन भाजपा के साथ रहेगा।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए प्रेजीडेंट अदिति गांधी, गुरुद्वारा सिंह साहब प्रेजीडेंट सरदार सरबजीत सिंह, अरुण पराशर, ललित धींगड़ा राज ठक्कर, गिरिराज आहूजा, हरीश चुटानी, महेंद्र गांधी, हरमीत दुआ, धर्मबीर आहूजा, राजेश अरोड़ा, किरण कौशिक, पुनीत ग्रोवर, राकेश कुमार, सुनील कथुरिया, हरिश चुटानी, डा. परमेश्वर अरोड़ा, आदि लोग मौजूद रहे। बताते चलें कि जनसंपर्क अभियान के दौरान यशपाल बतरा करीब दो महीनों से लोगों के बीच जा रहे हैं और केंद की मोदी और हरियाणा की मनोहर सरकार की नीतियों को बता रहे हैं। नगर निगम



गुरुग्राम की न्यू कालोनी में जनसंपर्क अभियान के दौरान यशपाल बतरा का स्वागत करते क्षेत्र के लोग।

चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने और गुरुग्राम में कमल खिलाने के लिए बतरा लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं।

भाजपा नेता एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर ने बताया कि उन्होंने 2016 में न्यू कालोनी में पहला सरकारी बैडमिंटन इंडोर कोर्ट नगर निगम की तरफ से खुलवाया जिससे गुरुग्राम के खेल प्रेमियों में बैडमिंटन को लेकर क्रांति आ गई। न्यू कालोनी में खुले बैडमिंटन इंडोर कोर्ट से प्रेरित होकर प्राइवेट बैडमिंटन कोर्ट काफी खुल गए, लेकिन गुरुग्राम में सरकारी बैडमिंटन कोर्ट न्यू कालोनी में ही है। बतरा ने बताया कि न्यू कालोनी में सरकारी बैडमिंटन इंडोर कोर्ट खुलने से कालोनी की गुरुग्राम में एक नई पहचान बनी। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने सदा मेरा साथ दिया है। अब आगामी नगर निगम चुनाव में भी वे कमल खिलाने में पूरा सहयोग करें ताकि न्यू कालोनी में विकास के कायज़ लगातार जारी रहे।

# नशे में धुत युवकों ने इंजीनियर पर फायरिंग कर किया जानलेवा हमला

## आरोपियों ने कैफे में भी मचाया हंगामा

## पत्थर से शीशा और अन्य सामान तोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के गुरुग्राम मार्ग पर बने कैफे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो गुटों के बीच हुए झगड़े में इंजीनियर पर फ ायरिंग करते हुए जानलेवा हमला किया। इस दौरान इंजीनियर की गाड़ी और कैफे के अंदर आरोपियों ने पत्थर फेंकते हुए भारी नुकसान कर दिया। शहर थाना पुलिस ने इंजीनियर की शिकायत पर अज्ञात 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले में एक संदिग्ध हत्यारोपी से पूछताछ करने का दावा कर रही है।

शुक्रवार की रात करीब 9 बजे केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के पास बना कैफे पर दो गुटों के बीच गाड़ी खड़ी करने को लेकर झगड़ा हो गया। गांव बेरका थाना भोंडसी निवासी गौत्तम खटाना ने पुलिस को बताया कि वह समय करीब साढ़े 8 बजे कैफे पर खाना लेने के लिए गया था। उसने अपनी गाड़ी को कैफे के बाहर खड़ा कर दिया।

कैफे के बाहर 10-12 नौजवान खड़े हुए थे और वे सभी नशा में धुत थे। उनके से एक युवक ने उसे अपनी गाड़ी हटाने को कहा। जब उसने पूछा कि क्यों हटा और उसने मना कर दिया। जिसको लेकर दोनों में पहले बहस हो गई। उन्हीं नौजवानों में से दो के पास हथियार थे। वे दोनों अपने-अपने हथियार को हवा में लहरा रहे थे। हथियार लहराने वाले एक युवक ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर कर दी। वह अपनी जान बचाने के इरादे से वहां से भागने लगा। उसे भागने के दौरान तीन राउंड गोली चलने की आवाजे आए। वह हथियार बंद युवकों ने उसे जान से मारने के इरादे से उसके ऊपर चलाई, लेकिन वह अपनी जान बचाने में कामयाब हो गया।

> “ **पुलिस** ने इंजीनियर गौत्तम खटाना की शिकायत पर अज्ञात 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की एक गाड़ी का नंबर मिला है। जिसके आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। घटना स्थल पर दो गोली के खोखे बरामद हुए हैं। संदिग्ध हालत में हिरासत में लिया एक युवक से अब तक पूछताछ की गई है।
>
> **सुनील कुमार**
> **( शहर थाना प्रभारी सोहना )**

**कैफे में भी की तोड़फोड़ :** नशा में धुत युवकों ने गौतम खटाना से हुआ झगड़े के बाद कैफे के अंदर सामान को तोड़ना फ ोड़ना शुरू कर दिया। कैफे के दरवाजे पर लगा शीश और गौतम खटाना की गाड़ी को पत्थरों से हमला करके क्षतिग्रस्त कर दिया। कैफे कर्मचारी राकेश ने बताया कि युवकों द्वारा की गई तोड़फोड़ से एक से डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# जनता दरबार में जनसमस्याओं का हो रहा समाधान



सोहना नगर परिषद के गांव बालूदा में जनता दरबार में लगाने पहुंची चेयरपर्सन अंजू देवी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद की नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी ने वार्डों में खुला दरबार लगाने शुरू कर दिए हैं। खुले दरबार में नागरिकों से मूलभूत समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया जा रहा है। नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी ने शनिवार को वार्ड-4 के गांव बालूदा में खुला दरबार लगाया।

इस अवसर पर नगर परिषद प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीओ राजपाल खटाना व जेई दिगम्बर सिंह, वार्ड पार्षद नीतिन यादव और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। यहां पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद अंजू देवी ने गांव की मुख्य सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराने और शहर की चुंगी नंबर एक से सिंहराम विहार तक सड़क को मॉडल बनाने का आश्वासन दिया। गांव के तीन मुख्य कच्चे रास्तों को जल्द ही कंक्रीट का बनाया जाएगा। गांव की जर्जर हालत में पड़ी चौपाल को सुधारा जाएगा। ताकि ग्रामीणों के लिए यह चौपाल उपयोग में आ सके। इससे पहले शुक्रवार को नगर परिषद चेयरपर्सन की तरफ से परिषद के वार्ड एक के गांव रायसीना व मौहम्मदपुर में खुले दरबार लगाए। अंजू देवी ने बताया कि वह जनसमस्याओं को जानने के लिए जानता के बीच में जाएगी, क्योंकि उन्हे जनता ने अपनी समस्याओं समाधान किया जाएगा। नगर परिषद के सभी वार्डों में विकास के कार्य बिना किस भेदभाव के होंगे।

# एसुस ने भारत में ग्राहकों के भरोसे को और अधिक मजबूत करते हुए अपना 200वां स्टोर लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**भारत** में सफलता के नए आयाम रचते हुए, ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज नई दिल्ली में अपने 200वें स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। शहर के इलेक्ट्रॉनिक केंद्र-नेहरू प्लेस में स्थित 500 वर्ग फुट से अधिक में फैला हुआ यह एक्सक्लूसिव स्टोर ग्राहकों को कंज्यूमर पीसी, गेमिंग लैपटॉप्स, क्रिएटर सीरीज, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और अन्य एक्सेसरीज के माध्यम से प्रतिष्ठित नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा।

भारत में ग्राहकों को खरीदी के बेहतर अनुभव प्रदान करने की राह में यह एक्सक्लूसिव एसुस स्टोर, कंपनी के ठोस प्रयासों को दर्शाता है। 200वें स्टोर की शुरुआत, न सिर्फ एसुस इंडिया की खुदरा उपस्थिति को बढ़ाएगी, बल्कि भारतीय बाजार के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता पर नए सिरे से जोर भी देगी। ऐसे में व्यापक उपभोक्ता आधार के लिए इसकी आसानी से सुलभता होगी। इस सफलता के बारे में टिप्पणी करते हुए, अर्नोल्ड सू, बिज़नेस हेड, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिज़नेस ग्रुप, एसुस इंडिया, ने कहा, भारत में एसुस स्टोर्स ने 200 का आंकड़ा पार कर लिया है, इसे लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। हमने पूरे भारत में अपनी विस्तार और विकास योजनाओं को जारी रखा हुआ है, ऐसे में यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। ऐसे में यहां के तमाम ग्राहकों की जरूरतों को देखते हुए हम अधिक ट्रैफिक वाले स्थानों में अपने स्टोर्स की शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि उन्हें आसान पहुंच प्राप्त हो सके। यह गर्व का विषय है कि बेहद कम समय में हमारी खुदरा रणनीति काफी मजबूत हुई है। यह उस समर्पण को इंगित करता है, जो ग्राहकों को सर्वोत्तम प्रोडक्ट्स प्रदान करने के साथ ही



एक उन्नत ब्रांड अनुभव और सेवा देने के बारे में है। ग्राहकों के साथ जुड़ने और उन्हें अविश्वसनीय समाधान देने के प्रयास में इन-स्टोर खरीदारी का अनुभव एक महत्वपूर्ण घटक है। हमारा लक्ष्य इस वर्ष की प्रत्येक तिमाही में कम से कम 20 स्टोर्स शुरू करना और स्टोर्स की कुल संख्या को 300 तक ले जाना है। गहरी पहुंच स्थापित करने के लिए, हम न केवल शहरी बाजारों को, बल्कि कई टचपॉइंट्स स्थापित करने के लिए टियर II और टियर III शहरों में उपनगरीय बाजारों को भी लक्षित कर रहे हैं। उपनगरों में अक्सर सुविधा और पहुँच की माँग की अधिकता देखी जाती है, जिसे हमारे खुदरा स्टोर्स प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसुस को वर्ष 2020 में 50 स्टोर्स से 2023 में 200 स्टोर्स तक ले जाने वाला एसुस का 200वाँ एक्सक्लूसिव लॉन्च बहुत बड़ी उपलब्धि है। ब्रांड की मंशा और अधिक ब्रिक-एंड-मोर्टार टचपॉइंट्स स्थापित करने की है, जिससे कि ग्राहकों को श्रेष्ठतम अनुभव प्रदान किए जा सकें। एसुस ने वर्ष 2021 में एसुस ई-शॉप की नींव रखी थी। आज देश भर में एसुस के न सिर्फ 200 एक्सक्लूसिव आउटलेट्स, बल्कि एक मजबूत खुदरा नेटवर्क भी है। एसुस के पास टियर III और टियर II शहरों में लगभग 1200 प्रीमियम कियोस्क हैं।

# नृत्य, संगीत और श्लोकों ने दर्शकों को कराया भारतीय शास्त्रीय नृत्य की असली धरोहर का अहसास

## गुरु गीता चंद्रन के संस्थान नाट्यवृक्ष द्वारा दो दिवसीय नृत्य महोत्सव 'धरोहर' का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पद्मश्री** गुरू गीता चन्द्रन के संस्थान नाट्य-वृक्ष द्वारा चिन्मय मिशन ऑडिटोरियम, लोधी रोड, नई दिल्ली में 40 से अधिक नर्तकियों के प्रदर्शन का दो दिवसीय उत्सव 'धरोहर' आयोजित किया गया। उत्सव में कई युवा नर्तकियों को पहली बार मंच पर प्रस्तुत किया गया था। दो दिवसीय नृत्य उत्सव धरोहर ने शास्त्रीय नृत्य के पारखी लोगों को भरतनाट्यम नृत्य के कई गुना आयामों और पहलुओं का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया।

ऐसा अवसर जिसने युगों से विचारोत्तेजक माध्यमों के क्रमिक विकास के साथ मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य प्रदर्शनों को देखा है। गुरु गीता चंद्रन के शिष्यों ने प्रख्यात गुरु से सीखे नृत्य रूप की शानदार विरासत को बड़े विश्वास और जुनून के साथ दर्शकों तक पहुंचाया। गुरू गीता चंद्रन ने बताया, भरतनाट्यम एक शास्त्रीय नृत्य रूप है, जहां यह जरूरी है कि छात्रों को मंच, लाइव दर्शकों और प्रदर्शन का अनुभव हो! साथ ही, हमारे देश के संदर्भ में, मुख्य रूप से उत्तर भारत के छात्र, दक्षिण भारतीय कला का रूप सीख रहे हैं। उनके पास राष्ट्र निर्माण और एक-राष्ट्र, एक-सामुदायिक भावना के लिए अमूल्य संदर्भ भी है। इसलिए, धारोहर नाट्य वृक्ष के शिष्यों के जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना है।'' समूह 1 में अवंतिका शंकर, बैशाली सरकार, दीपिका थापा, जसस्मिता सरकार, कनिष्ठा धारेवा, महक चावला और शिखा गुसाईं थीं, जबकि समूह दो में आराध्या वर्मा, अक्षय विश्वनाथन, अनिका गोपाल, शैवी वत्स, श्रीप्रज्ञा रामचंद्रुला, सुहासिनी सेन और स्वरा अरुंधती श्रीनिवासन थे। पहले दिन के अंतिम प्रदर्शन में, समूह-3 में, ज्योत्सना पणिक्कर, निनिका धवन, रीवा नटराजन, संयुक्ता निनन, सरयू श्रीनिवासन और शुभाश्री रॉय ने मोहक नृत्यकला प्रस्तुत की। तीनों समूहों ने गम्भीरनाताई पुष्पांजलि, तिस्राम अलारिप्पु, नतेशा कौटुवम, कल्याणी जतिस्वरम, नट्टईकुरंजी वर्णम, सुंदर श्याम, इदादु पदम, एट्टई कंडू नी और वृंदावनी तिलाना पर प्रस्तुति दी, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। धरोहर के दूसरे दिन तीन समूहों में प्रदर्शन होंगे। जहां नर्तकियों द्वारा मिश्रम पुष्पांजलि, तिस्राम अलारिप्पु, नतेशा कौतुवम, कल्याणी जातिस्वरम, बेहग वर्णम, सुंदर श्याम, सकलम हे सखी, बसो मोरे नैनन में और वृंदावनी तिलाना पर प्रस्तुति दी जायेगी। यह प्रस्तुतियां, समूह 1 में; बिंदु शर्मा, गायत्री सुरेश और मणि टाटा, समूह 2 में; अपेक्षा हरीश, देवयानी सिंह, शरण्या श्रीवास्तव, श्री द्युति रामचंद्रुला, सुहानी ढांडिया और तारिणी ढींगरा और समूह 3 में अक्षरा आनंद, आशुतोष बाजपेयी, डॉली सेठ, कमलिनी मुखर्जी, कृति सरावगी, श्रीमोयी राउत एवम् सीतालक्ष्मी अय्यर द्वारा दी जायेंगी।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 5 मार्च, 2023



# बीके चौक: मिनी जंतर-मंतर और पार्किंग से लगता है जाम

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल के बाहर आए दिन कर्मचारी और विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन होते हैं। वहीं अस्पताल भीतर से निजी वाहन चालकों की पार्किंग का अड्डा बना हुआ है। अस्पताल परिसर लोगों के वाहनों की पार्किंग के अलावा ऑटो स्टैंड में तब्दील हो चुका है। जिस कारण अस्पताल के मुख्यद्वार से अपातकालीन कक्ष की दूरी तय कर पाना एम्बुलेंस चालकों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। अस्पताल की नो पार्किंग में भी वाहनों को

### अस्पताल के भीतर रोज गुरूग्राम जाने वाले लोग खड़े करते हैं वाहन

खड़ा देखा जा सकता है। कई बार तो सड़क के बीचोबीच लोग अपने वाहन पार्क करके चले जाते हैं। जिस कारण यहां अपातकालीन कक्ष तो क्या ओपीडी में भी जाना मरीजों के लिए परेशानियों से भरा होता है।

**पार्किंग स्थल :** बीके अस्पताल में जहां एक तरफ ऑटो चालकों ने अपना कब्जा जमा रखा है, वह जहां-तहां ऑटो को खड़ा करके


बीके सिविल अस्पताल के मुख्यद्वार पर लगा जाम।

सवारियों का जुगाड़ करने निकल जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ गुरुग्राम व अन्य शहरों में नौकरी पर जाने वाले लोग अपने वाहनों को बीके अस्पताल में खड़ा करके बस या कैब से निकल जाते हैं। जिसके कारण यहां मरीजों को परेशानियां झेलनी पड़ती है। मरीजों के वाहन यहां खड़े नहीं हो पाते हैं। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल की एम्बुलेंस भी समय से यहां से निकल नहीं पाती।

**बना मिनी जंतर मंतर :** बादशाह खान अस्पताल के ठीक सामने नगर निगम का मुख्यालय भी मौजूद है। वहीं चौक नगर निगम के अलावा जिला स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारियों अथवा विभिन्न राजनेतिक पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का मिनी जंतर मंतर बन चुका है। यहां आए दिन होने वाले प्रदर्शनों के कारण भी मरीजों और एम्बुलेंस चालकों लाने व ले जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

**पांच से दस मिनट :** गेट से अपातकालीन कक्ष की दूरी तय कर पाना एम्बुलेंस चालकों के लिए परेशानी भरा हो गया है। अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से गेट की दूरी महज एक से दो मिनट की है, लेकिन अस्पताल में यहां-वहां खड़ी गाड़ियों के कारण एम्बुलेंस को दो मिनट के बजाय पांच से दस मिनट तक पहुंचने में लग जाते है। शनिवार और शुक्रवार को अस्पताल में ऐसा ही देखने को मिला। जहां एम्बुलेंस शुक्रवार को एक पार्टी के प्रदर्शन के कारण और शनिवार को मुख्यद्वार पर लगे जाम के कारण फंस गई।

# चाकुओं से गोदकर व्यक्ति की हत्या अन्य दो घायलों की हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीती** रात चावला कालोनी में मामूली कहासुनी पर देर रात चाकुओं से गोदकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। जबकि उसे बचाने का प्रयास कर रहे तीन लोगों को भी चाकू से घायल कर दिया गया। डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल पाल ने मामले में तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। जिसके तहत एसीपी मुनीष सहगल के मार्गदर्शन में पुलिस टीम चावला कॉलोनी ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं।

**यह है पूरा मामला :** मृतक की बहन पूनम ने बताया कि बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी में उसका 50 वर्षीय भाई सुभाष अपने घर में दूध का कारोबार करता था। उसके पांच बच्चे है, जिनमें एक बेटी दिव्यांग है। मौमोज की दुकान चलाने वाले और प्रत्यक्षदर्शी गोपाल सिंह ने उन्हें बताया कि रात करीब 10 बजे वह अपनी दुकान पर था। तभी चार लोग एक व्यक्ति को चाकुओं से मार रहे थे। कुछ लोगों ने बीचबचाव किया


मृतक सुभाष के घर के बाहर खड़े लोग व पुलिसकर्मी। इनसेट में सुभाष की फाइल फोटो।

तो चारों ने उन्हें भी चाकुओं से गोद दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सुभाष की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल है।

आरोपी भाटिया कालोनी निवासी नरेश, ऊंचा गांव निवासी लोकेश और चावला कालोनी निवासी प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

सूबे सिंह के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तीनों आरोपी तीन मार्च की रात को शराब पीकर अपने जानकार चावला कॉलोनी निवासी प्रशांत के पास आए थे। जहां किसी अंजान व्यक्ति से उनका झगड़ा हो गया। उसके बचाव में पीड़ित पक्ष से राजा, वैभव, मृतक सुभाष और अन्य आए।

तभी अंजान व्यक्ति तो मौके से निकल गया। आरोपियों ने पीड़ित पक्ष पर हमला कर दिया। जिसमें तीनों को गंभीर चोट आई। उन्हें बल्लभगढ़ स्थित जयंत अस्पताल में ले गए। जहां से उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया। सूचना पाते ही तुरंत चावला कॉलोनी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर चमन लाल, एसएचओ सिटी बल्लभगढ़ सत्यवान और एसीपी बल्लभगढ़ मनीष सहगल मौके पर पहुंचे। एसीपी ने चावला कॉलोनी इंचार्ज को मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस चौकी चावला कॉलोनी की टीम ने तीन आरोपी नरेश, प्रशांत और लोकेश को काबू कर लिया है। मृतक सुभाष के पुत्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। वारदात में प्रयोग चाकू को बरामद किया जाएगा। आरोपियों के अन्य साथी की पुलिस तलाश कर रही है।

**फांसी की मांग :** मृतक के परिजनों का कहना है कि पांच बच्चों का खर्च वहीं उठाता था। अब बच्चों की देखभाल कौन करेगा। इनके लिए आर्थिक मदद और हत्यारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। क्योंकि आरोपी पहले भी कई बार लोगों को परेशान करने के चक्कर में जेल जा चुके हैं।

# डरकर नहीं आखों में आंखें डाल कर बात करेंगे : गुर्जर



**फरीदाबाद।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र ही नहीं बल्कि प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अब आम जनता को समय पर मिल रहा है। पहले विकास परियोजनाएं वर्षो तक लंबित पड़ी रहती थी, लेकिन अब सभी विकास परियोजनाओं का समय पर उद्घाटन होता है। समय पर ही आम जनता को समर्पित कर दी जाती हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज ग्रीनफील्ड कॉलोनी में ग्रीन फिल्ड माल रोड से मथुरा रोड तथा मथुरा रोड से एनएचपीसी चौक तक 5 करोड़ की लागत से बनने वाली आरएमसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने लोगों को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2014 से पहले ग्रीनफील्ड कॉलोनी समस्याओं का घर था। यहां ना बिजली, ना पीने का पानी, ना ही यहां सड़कें थी। इसका कारण कोर्ट में केस होने की वजह से नगर निगम इसको हैंडओवर नहीं कर पा रहा था।

बिजली और पीने के पानी की समस्या का तो बहुत पहले ही समाधान हमने कर दिया है। यहां पर अब एक सब स्टेशन लगना है जिसकी तैयारियां हो गई हैं और नगर निगम को हैंडओवर करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई है जिसकी कार्यवाही बहुत जल्द पूरी कर ली जाएगी। जनता सरकार बनाती है देश, प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए। मोदी जी के लिए देश प्रथम उसी तरह ग्रीन फील्ड में रहने वाली जनता के लिए भी देश प्रथम है।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**फरीदाबाद।** आरबीएसके की मोबाइल हेल्थ टीम की तरफ से स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया गया। यह जांच शुन्य से 6 साल के बच्चों की हुई। जिसमें उनके वजन से लेकर अन्य बीमारियों की जांच की गई। इस मौके पर टीम 119 नम्बर की डॉ. ममता के अलावा अंजु बाला और कुलदीप मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां बच्चों की बीमारियों के प्रति उनकी माताओं को भी जागरूक किया गया। इसम मौके पर शिक्षिका प्रवीन चौधरी के अलावा अन्य महिलाएं मुख्य रूप से मौजूद रही।

### वर्ल्ड हियरिंग डे पर सप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित हुआ

**फरीदाबाद।** वर्ल्ड हियरिंग डे पर सप्ताहिक कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित किया गया है। इसकी शुरूआत बीके सिविल अस्पताल से एक कार को हरी झंडी दिखाकर डिप्टी सीएमओ डॉ. एके यादव ने की। इसके जरिए लोगों को कानो में बहरेपन से बचाव के लिए डॉक्टरों की टीमों को निर्देश दिए गए है। कार्यक्रम के पहले दिन बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी में स्क्रीनिंग कैम्प लगाया गया। जिसमें डॉ. दिनेश रंगा, ईएनटी डॉ. रतना प्रिया, ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. अर्जुन, डॉ. वंदना के अलावा अन्य डीईआईसी सेंटर का स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहा। वहीं ओल्ड एज होम सेक्टर-11 में बुजुर्गो जांच की और जागरूक किया। जहां मुख्यातिथि के रूप में डॉ. एके यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं दूसरे दिन यानि शनिवार को तिगांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जहां डॉ. गजेन्द्र अधाना, डॉ. सरोज, डॉ. अर्जुन ने लोगों को जागरूक किया।

### बुनियाद लेवल टू में सराय ख्वाजा के 21 विद्यार्थी सफल

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को नि:शुल्क जेईई और नीट की कोचिंग प्राप्त होगी, बुनियाद लेवल टू की परीक्षा में इक्कीस विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय के बहत्तर विद्यार्थियों ने बुनियाद की प्रथम चरण की परीक्षा उत्तीर्ण की। अब द्वितीय चरण की परीक्षा में इक्कीस विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और स्टाफ सदस्यों प्रज्ञा मित्तल, जसबीर भाटी, अजय गर्ग, धर्मपाल शास्त्री सहित सभी अध्यापकों ने सभी सफल हुए इक्कीस विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें तृतीय चरण की परीक्षा में और भी अधिक तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकारी स्कूल के छात्रों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में मोटी फीस नहीं देनी पड़ेगी।

### जल जीवन मिशन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: दीपक



**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन हरियाणा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ढांड खंड के गांव रावण-हेड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गांव खनौदा, रामगढ़ पांडवा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय और खानपुर के राजकीय माध्यमिक स्कूल में आयोजित खंड स्तरीय स्वच्छ जल शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ढांड खंड के बीआरसी बलकार सिंह ने की। मंच संचालन रणधीर सिंह विद्यालय के अध्यापक ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कमलेश देवी रही। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2024 तक हर घर को नल से जल देना है। हरियाणा में वर्ष 2022 में ही हर घर खोल नल से जल देने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। खंड स्तर पर आयोजित स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान समारोह में ड्राइंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता व फील्ड टेस्टिंग टेस्टिंग किट, जल जीवन मिशन के घटकों, जल संरक्षण को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी और आशा वर्कर ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### नगर निगम चुनाव को लेकर अहम बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** शनिवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता वार्ड नंबर 9 से भावी प्रत्याशी मेहरचंद हरसाना के नेतृत्व में नगर निगम चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक तंवर ने शिरकत की और वही अध्यक्षता धर्मवीर भड़ाना ने की। इस मौके पर अशोक तंवर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए, जो जीत पार्टी की झोली में डाल सके। हरियाणा में आम आदमी पार्टी की शुरुआत फरीदाबाद नगर निगम से ही होगी और जो कार्य दिल्ली की गरीब जनता के लिए किए हैं, वही सारे कार्य हरियाणा की जनता के लिए भी किये जायेंगे। इस मौके पर मंजू गुप्ता, आभास चंदेला, वाई के शर्मा, अमन गोयल, राजेंद्र शर्मा, चंचल टावर, सुभाष बघेल, मनोज कुशवाह, महावीर तंवर, सूरज नेहरा, ओपी वर्मा, मुल्क राज भड़ाना, लखविंदर सिंह लक्खा पोसवाल, सूरज नेहरा, मंगतराम भडाणा जीतराम पोसवाल, लटूर प्रधान, कंवरपाल सतीश नागर, सरजीत, महेश पायला, महेंद्र मास्टर, जगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक सीमा त्रिखा को मातृ शोक



**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा की माताजी निर्मला मल्होत्रा का शनिवार, चार मार्च को निधन हो गया। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही शहर के राजनेताओं और गणमान्य लोगों का उनके निवास स्थान सेक्टर 21 में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम करीब पांच बजे उनके निवास स्थान से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें राजनेता, उद्योगपति और अधिकारियों और समेत अनेक गणमान्य लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे उनकी अंतिम यात्रा पटेल चौक स्थित स्वर्गाश्रम पहुंची। जहां विधि विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय निर्मला मल्होत्रा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं।

### औद्योगिक मेले को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी : चौधरी

**फरीदाबाद।** एचएसआईआईडीसी के सम्पदा अधिकारी कम मेला नोडल अधिकारी विकास चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में फरीदाबाद में लगने वाले उद्योगिक विशाल मेले को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। यह मेला अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में लगेगा सैक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में विशाल उद्योगिक इकाईयों का लगाया जाएगा। इस उद्योगिक मेले में अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुडं शिल्प मेले की तर्ज पर हस्तशिल्प कारों और हरियाणवी कलाकारों को आमन्त्रित किया जाएगा।

# नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने ली शपथ



**फरीदाबाद।** द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के द्वारा शनिवार को अरावली गोल्फ कोर्स एनआईटी फरीदाबाद में प्रदेश अध्यक्ष जगबीर चहल की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपप्रधान जोगिंदर गुलिया की उपस्थिति में जिला फरीदाबाद की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से दो वर्ष के लिए गठन किया गया।

इसमें दिनेश कादयान को जिला प्रधान, सचिव कपिल, वरिष्ठ उप प्रधान आनंद, उप प्रधान कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष जगजीत, ऑडिटर अजय, प्रेस सचिव धीरपाल, जिला नुमाइंदा परविंदर, राजेश कानूनगो व विशंभर पटवारी को सलाहकार नियुक्त किया गया। इस अवसर पर वर्तमान पूर्व जिला अध्यक्ष जावेद पटवारी तथा जिले की समस्त कार्यकारिणी व संस्था के सदस्य उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष जयवीर चहल ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। 14 मार्च को पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रव्यापी संसद उच्च का आह्वान भी किया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पूर्व जिला प्रधान जावेद ने माला पहनाकर और बुके भेंटकर शुभकामनाएं देते हुए आए हुए सभी मेहमानों और वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं साथियों के लिए जलपान और दोपहर के भोजन की व्यवस्था की सभी ने उनके कार्यकाल की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्हें भविष्य में भी अपना मार्गदर्शन व अनुभव नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर देते रहने के लिए निवेदन किया।

## जल जीवन मिशन के बारे में दी जानकारी

**फरीदाबाद।** ब्लॉक फरीदाबाद के गांव धौज में आंगनबाडी केंद्र पर सुपरवाइजर ज्ञानवती की अध्यक्षता में विश्व महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला सलाहकार सत्यनारायण नेहरा ने जल जीवन मिशन में महिलाओं की भागीदारी व भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। जल संरक्षण, जल की शुद्धता, स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर ब्लॉक फरीदाबाद की बीआरसी सुमन रानी उपस्थित आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं गांव की महिलाओं को पानी जांच प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताकर उन्हें एफटीके किट के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर बल्लभगढ़ ब्लॉक की बीआरसी सुमन एवं तिगांव ब्लॉक की बीआरसी सुमन लता सहित अनेक आंगनबाड़ी वर्कर, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि व अन्य ग्रामीण महिलाये उपस्थित रही।

# पुरुषों के प्रधानता वाले सेक्टर्स में कदम रख रहीं हैं महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस से पहले भारत के सबसे बड़े ब्लू एवं ग्रे-कॉलर्ड हायरिंग प्लेटफॉर्म वर्क इंडिया की रिपोर्ट से सुखद तस्वीर सामने आई है। वर्क इंडिया की रिपोर्ट में सामने आया है कि रूढ़िवादी सोच को चुनौती देते हुए महिलाएं अब ब्लू एवं ग्रे-कॉलर्ड सेक्टर्स में यानी ऑन-साइट रोजगार के लिए भी आवेदन करने लगी हैं। आमतौर इन सेक्टर्स को पुरुषों की प्रधानता वाले सेक्टर्स माना जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, 2021 की तुलना में पिछले साल सबसे ज्यादा लॉन्ड्री सेक्टर को लेकर महिलाओं की ओर से पूछताछ बढ़ी। 1075 प्रतिशत ज्यादा महिलाओं ने इन सेक्टर्स को लेकर जानकारी जुटाने का प्रयास किया है। महिला आवेदकों के मामले में सबसे आगे फाइनेंस सेगमेंट रहा। 2021 की तुलना में इस सेगमेंट में 621 प्रतिशत ज्यादा महिला आवेदक आईं। फोटोग्राफी सेगमेंट में महिलाओं की ओर से आवेदनों में 223 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली। श्रम वाले रोजगार एवं फिजिकल ट्रेनर के लिए महिलाओं के आवेदनों में क्रमश: 215 प्रतिशत और 201 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली। पारंपरिक तौर पर पुरुषों की प्रधानता वाले सेक्टर जैसे मशीन ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन और हार्डवेयर इंजीनियरिंग में भी महिलाओं की तरफ से आवेदनों में वृद्धि देखने को मिली है। इसी तरह गैर पारंपरिक सेक्टर जैसे ब्यूटी, हॉस्पिटैलिटी और टेलरिंग में भी उम्मीद के अनुरूप पूछताछ देखने को मिली। ऑटोमोबाइल्स, वेयरहाउस, मैन्यूफैक्चरिंग और आश्चर्यजनक रूप से पर्यटन सेगमेंट में 2021 की तुलना में महिलाओं के आवेदन कम देखने को मिले। इन आंकड़ों पर वर्क इंडिया के सह-संस्थापक एवं सीओओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा, 'इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले हमारे लिए यह देखना सुखद है कि महिलाएं अब मशीन ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन और हार्डवेयर इंजीनियरिंग जैसे सेक्टर में भी काम करने की इच्छा जता रही हैं। दुनियाभर में महिलाओं को लेकर सोच में हो रहे बदलाव के बीच भारतीय कंपनियों के लिए भी जरूरी है कि वे एक समावेशी माहौल बनाएं जिससे ब्लू एवं ग्रे-कॉलर्ड नौकरियों में भी महिलाएं कदम बढ़ा सकें।' मात्र सात साल पहले अपना सफर शुरू करने वाले वर्कइंडिया का प्रदर्शन हर साल बढ़ा है और आज भारत के 760 से ज्यादा शहरों में मजबूत उपस्थिति के साथ इस प्लेटफॉर्म पर 2.9 करोड़ से ज्यादा रोजगार के इच्छुक लोग रजिस्टर्ड हैं और हर महीने दो करोड़ से ज्यादा नए एप्लिकेशन सेशन होते हैं। यह प्लेटफॉर्म जोमैटो, एचडीएफसी, टाटा मोटर्स समेत कई बड़े कॉरपोरेट और 15 लाख से ज्यादा सूक्ष्म एवं मध्यम कारोबारों (एसएमबी) की हायरिंग संबंधी जरूरतों को पूरी कर रहा है।

# छिपी प्रतिभाओं के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है सांसद खेल महोत्सव : कृष्णपाल गुर्जर

### सांसद खेल महोत्सव को आमजन से जोड़ने के लिए मैराथन में दौड़े युवा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र में 10 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त जुनून और उत्साह देखने को मिल रहा है। शनिवार सुबह इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब खेल महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए आयोजित की गई मैराथन में लड़के और लड़कियों की युवाओं टोलियों को एक साथ दौड़ते देखा गया।

करीब पांच किलोमीटर की इस मैराथन में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सहित सभी विधायक, प्रशासनिक अधिकारी बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुई। जहां केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर


मैराथन में दौड़ते केन्द्रीय मंत्री और विधायक।

ने मैराथन के शुभारंभ अवसर पर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है। यह सांसद खेलकूद प्रतियोगिता पूरे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति एक जागरूकता पैदा करने का अभियान भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के तमाम लोकसभा क्षेत्रों में यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 10 से 12 मार्च तक फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर युवाओं और बच्चों के लिए अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन खेल स्पर्धाओं में प्रत्येक नागरिक हिस्सा लें। उन्होंने मैराथन में युवाओं के उत्साह को देखते हुए कहा कि यह मैराथन और इसमें शामिल युवा यह साबित करते हैं, कि हम अपने स्वास्थ्य को लेकर बेहद सजग हैं। उन्होंने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को प्रात: 6 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से मैराथन का आयोजन किया गया। जहां केंद्रीय ऊर्जा में भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर 12 फरीदाबाद के खेल स्टेडियम मैराथन की शुरुआत कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और विधायकगण ने हरी झंडी दिखाकर की।

इस मैराथन में क्षेत्र के युवा और पुरुष और महिलाएं शामिल हुई। यह मैराथन सैक्टर- 12 से सैक्टर -14 व सैक्टर-17 डिवाइडिगं रोड होते हुए लेबर चौंक पहुंच कर सीधा जिमखाना क्लब से सैक्टर-15 व सैक्टर -16 के डिवाइडिंग रोड होते हुए पुलिस चौकी से वापस सैक्टर-12 खेल परिसर में सम्पन्न हुई। सरकार द्वारा फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र की 35 लाख की आबादी के लिए खेल,शिक्षा और उद्योग जगत सहित हर वर्ग के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए जिम्मेदारी ले कर कार्य कर रही है।

# मोटापे से जुड़ी हैं 65 तरह की बीमारियां : डॉ. पंकज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हमारे** शरीर में 65 तरह की ऐसी बीमारी है जो डायरेक्टली या इन डायरेक्टली मोटापे से जुड़ी हैं जैसे डायबिटीज, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर बढ़ना, जोड़ों में दर्द, बालों का झड़ना, नींद न आना, गालब्लैडर में पथरी, फैटी लिवर, सांस फूलना, वेरिकोस वेन्स, पाइल्स, गठिया, कई प्रकार के कैंसर और भी बहुत प्रकार की बीमारियां हैं। जो मोटापे के कारण होती हैं। मोटापा को मापने के लिए फार्मूला के तौर पर बीएमआई या बॉडी मास इंडेक्स का उपयोग किया जाता है। 30 या इससे अधिक बीएमआई होने को मोटापा माना जाता है। जीवनशैली में बदलाव के कारण भारत में मोटापा तेजी से एक आम और गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। अगर आप मोटे हैं, स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिंतित हैं, या आपने वजन कम करने की कोशिश की है, लेकिन कम नहीं कर सके, तो डॉक्टर से सलाह लें। सुरक्षित तरीके से वजन कम करने पर मार्गदर्शन लें। वहीं आहार में बदलाव करना ताकि हम कम कैलोरी ले सकें। अधिक व्यायाम और शारीरिक गतिविधि करना। व्यवहार में परिवर्तन लाना और वजन कम करने के कार्यक्रम (वेट लॉस प्रोग्राम) तथा भूख को दबाने के लिए दवा से तथा बैरिएट्रिक या वेट-लॉस सर्जरी से वजन कम करे। यह बातें एशियन अस्पताल के लप्रोस्कोपिक व्स बरिएट्रिक सर्जरी के सेह निदेशक डॉ पंकज हंस ने कही। उन्होंने कहा कि बरिएट्रिक सर्जरी मोटापे को कम करने की सर्जरी है पहले हम व्यक्ति की जांच करते की वह क्यों मोटा हो रहा है क्या उससे कोई हार्मोनल प्रॉब्लम है या उसे भूख ज़्यादा लगती है अगर किसी व्यक्ति का बॉडी मास्स इंडेक्स 35 से ज़्यादा है तब हम उसे वेट लोस्स सर्जरी कराने की सलाह देते हैं जो दो प्रकार से की जाती है पहली है जिसमें हम अमाशय को छोटा करते हैं जिसमें व्यक्ति को कम भूख लगती है इससे धीरे धीरे उसका वजन कम होने लगता है।


डॉ. पंकज हंस।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 5 मार्च 2023



## तीस साल बाद यूपी बोर्ड ने रचा इतिहास

# कहीं नहीं हुई प्रश्नपत्रों की रांग ओपनिंग

**नई रणनीति रही कामयाब, पहली बार नहीं हो रही पुनर्परीक्षा**

**पेपर आऊट की भी नही हुईए नकल माफियाओं के मंसूबे नहीं हो पाए सफल**

**133 फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया सभी जेल की सलाखों के पीछे**

**181687 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर 14 दिवस तक चलीं परीक्षाएं**



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी। शुचितापूर्ण तरीके से बोर्ड की परीक्षा कराने के मामले में इस वर्ष यूपी बोर्ड ने नया इतिहास रच दिया है। यूपी बोर्ड की रचना के सामने नकल माफिया इस बार की परीक्षा में नतमस्तक दिखे। पूर्व के वर्षों में प्रश्नपत्रों के गलत खुलने की घटनाएं बहुत होती रही हैं। इस बार एक जगह भी ऐसा नहीं हुआ। ऐसा बोर्ड की प्रश्नपत्र की फूलप्रूफ व्यवस्था की वजह से हुआ। कहीं से पेपर आऊट की घटना भी सामने नहीं आयी। ऐसे में पुर्नपरीक्षा भी कहीं नहीं करायी गयी। बोर्ड की परीक्षा में 133 छद्म परीक्षार्थियों को पकड़ा गया है। जो दूसरे परीक्षार्थी की जगह बैठकर परीक्षा दे रहे थे। जिसमें सभी को जेल भेज दिया गया। शनिवार को इंटर रसायन शास्त्र एवं समाजशास्त्र के परचे के साथ बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो गयीं। हाईस्कूल की परीक्षाएं शुक्रवार को सामाजिक विज्ञान की परीक्षाओं के साथ ही समाप्त हुईं। इंटर परीक्षा में अंतिम दिन 181687 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। आज कुल 2116095 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचना था। परीक्षा 8656 सेंटरों पर हुई थी। इंटर की परीक्षाएं 14 एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं 12 दिवस चलीं। हाईस्कूल में 3116487 एवं इंटर में 2769258 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। कुल 5885745 परीक्षार्थियों को लेकर शुचितापूर्ण माहौल परीक्षा कराना हर बार बोर्ड के लिए चुनौती रहता है। लेकिन इस बार परीक्षा को लेकर यूपी बोर्ड की नई रणनीति कामयाब रही। इसकी वजह से नकल माफियाओं के मंसूबे सफल नहीं हो पाए। नकल माफियाओं ने इस बार विभिन्न स्कूलों से छद्म परीक्षार्थियों को भी काफी संख्या में फार्म भरवाया था। लेकिन बोर्ड की रणनीति में यह नकल माफिया फंस गए। परीक्षा की समाप्ति तक कुल 133 प्रॉक्सी परीक्षार्थी दबोचे गए। नतीजा यह रहा कि फर्जी परीक्षार्थी सलाखों के पीछे हैं। साथ ही जहां से मुन्ना भाईयों को फार्म भरवाया गया है उन कालेजों को काली सूची में डालकर उनकी मान्यता वापस लेने की कार्रवाई प्रारंभ हो चुकी है। खास बात यह रही कि इस बार प्रश्न पत्रों को चार लेयर में रखा गया था। इसका परिणाम यह रहा कि कहीं से भी गलत प्रश्नपत्र का लिफाफा भी नहीं खुला। इसकी वजह से दोबारा परीक्षा कराने के झंझट से बोर्ड बचा और राजस्व का नुकसान नहीं हुआ। साथ ही बोर्ड की इसको लेकर किरकिरी भी नहीं हुई। पेपर आऊट की घटना भी प्रदेश में कहीं नहीं हुई। यह भी बोर्ड के लिए पीठ थपथपाने वाली जैसी घटना रही। ऐसे समय जब पेपर आऊट होने की घटना आए दिन हो रही है और गत वर्षों में ऐसी घटना बोर्ड परीक्षा में होती रही है तो इस बार ऐसी घटना पर रोक लगी। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि सभी के सहयोग से इस बार परीक्षा सकुशल कराई जा सकी है। उन्होंने कहा कि स्ट्रांगरूमों की लगातार जांच क्षेत्रीय कार्यालय के अपर सचिवों की सर्तकता एवं जिले के शिक्षाधिकारियों की सक्रियता से इतने अच्छे तरीके से परीक्षा संपादित हो पाई। सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से भी परीक्षा नकल विहीन कराने में मदद मिली। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा की कराने की चुनौती में हर स्तर पर सभी ने सहयोग दिया।

### बाह्य प्रदेश के परीक्षार्थियों पर भी रही रोक

**प्रयागराज।** बोर्ड ने फार्म भरवाने में सावधानी बरती। गत वर्षों में बाहर प्रदेश के बड़ी संख्या में परीक्षार्थी यहां से परीक्षा फार्म भरते थे। पश्चिम के कुछ जिलों के लिए यह व्यवसाय था। बोर्ड ने इस पर भी सख्ती से रोक लगाई। नतीजा यह रहा है कि इस बार पांच हजार से परीक्षार्थी ही बाहरी प्रदेशों के रहे जबकि गत वर्षों में इनकी संख्या 40 हजार के आसपास होती रही। सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने इसे भी नई रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने परीक्षा प्रक्रिया शुरू होने के पहले ही दिन से नई व्यूरचना पर काम करना शुरू कर दिया था। उसका नतीजा रहा है कि सबकुछ बेहतर एवं शासन की मंशा अनुरूप निपट गया। सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने बताया कि मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए कई शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बताया कि जिस तरह से यूपी बोर्ड की परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई है उसी तरह कॉपियों का मूल्यांकन भी शुचिता पूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा उन्होंने कहा कि यूपी बोर्ड का रिजल्ट जल्द से जल्द घोषित किए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

### सख्ती ऐसी कि नकल पर लगी रही लगाम

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में इस बार नकल पर भी लगाम रही। सामूहिक नकल की सूचना कहीं से नहीं आई। इस वर्ष मात्र 81 नकलची ही पकड़े गए। कारण यह रहा कि परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई। नकल माफिया यहां भी चालाकी नहीं दिखा पाए। बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि केंद्र के बाहर भी निगरानी रखी गई। किसी बाहरी आदमी को केंद्र के अंदर जाने नहीं दिया गया।

## आगरा में प्रधानाचार्य के बेटे पर युवती से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में प्रधानाचार्य के बेटे पर एक युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में ममला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। युवती का आरोप है कि जब उसने इसकी शिकायत प्रधानाचार्य से की तो उसे स्कूल से निकाल दिया गया। युवती की तहरीर पर थाना मलपुरा में मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना मलपुरा क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि वह विद्यालय में निजी शिक्षिका के तौर पर पढ़ाती थी, लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य के बेटे ने दो साल तक उससे दुष्कर्म किया। पुलिस को दी गई शिकायत में युवती ने कहा है कि जब उसने इसकी शिकायत युवक के प्रधानाचार्य पिता से की तो उसे 10 जनवरी 2022 को विद्यालय से निकाल दिया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि सात जुलाई 2022 को युवक उसके गांव पहुंचा और घर से उसे अपने साथ ले गया। युवती का आरोप है कि उसने उसे अलग-अलग स्थानों पर 45 दिन अपने साथ रखा और उससे संबंध बनाया। युवती ने बताया कि युवक ने 19 अगस्त को उससे भोपाल में शादी रचाई और इसके बाद उसे लेकर अपने घर पहुंचा।युवती ने बताया कि प्रधानाचार्य के परिवार वालों ने उससे गाली गलौज की और उसे थाने ले गए। आरोप है कि पुलिस ने एक कोरे कागज पर युवती से हस्ताक्षर कराया और डरा धमकाकर उसे उसके पिता और भाई के साथ भेज दिया। इस पर पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है।

## विद्युत चोरी में 17 पर एफआईआर, बकाया पर दर्जनों लोगों को कनेक्शन काटे गए

गाजीपुर। विद्युत वितरण खंड द्युतीय आमघाट के अंतर्गत शहर क्षेत्र के मोहल्ला छावनी लाइनएगोराबाजारएखजुरियाए सरैयाएकृष्णापुरी कालोनी में अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह एवम सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे 17 लोग अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए मौके पर पकड़े गए जिनमें सभी लोगो के खिलाफ विजिलेंस थाना रौजा पर विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वही 10 हजार से उपर के 21 बकायेदारों का लाइट केबल पोल से खोल दिया गया है। अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह ने बताया कि जिनकी भी बकाए पर केबिल पोल से खोली गई है अगर बिना अपने बकाया बिलों का भुगतान किए बगैर केबिल पुनः पोल से उपभोक्ता जोड़ा तो उसके उपर विद्युत चोरी में मुकदमा पंजीकृत करवाया जायेगा। आगे उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया कि जिसका भी बिल 10 हजार से उपर का बकाया है वे लोग यथाशीघ्र अपने बिलो का भुगतान कर दे एवम जो भी अभी तक कनेक्शन नही लिया है वे लोग तत्काल झटपट पोर्टल पर अपना आवेदन करके सरल तरीके से विद्युत कनेक्शन ले लेए एवम कोई भी उपभोक्ता मीटर से छेड़छाड़ कत्तई ना करे नही तो जांच के दौरान पकड़े जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। चेकिंग टीम मुख्य रूप से अवर अभियंता अमित गुप्ता सहित समस्त मीटर रीडरएसंविदा कर्मीएडिस्कनेक्शन गैंग उपस्थित रहे।

### नवागत मुख्य विकास अधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण

गाजीपुर। जनपद में नवागत मुख्य विकास अधिकारी सनतोष कुमार वैश्य ने शनिवार 04 मार्च को जनपद में कार्यभार ग्रहण किया। ज्ञातब्य हो कि मुख्य विकास अधिकारी 2004 वैच के पी0सी0एस0 अधिकारी हैए तथा इसके पूर्व वे बदाऊ जनपद में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 के पद पर कार्यरत थे।

### इंडियन बैंक ने लगवाई आरओ युक्त पेयजल मशीन



गोंडा। इंडियन बैंक द्वारा सीएसआर के अंतर्गत वृद्ध आश्रम में रह रहे 80 से ज्यादा वृद्धजन के स्वास्थ और सुविधा हेतु आरओ युक्त पेयजल मशीन लगवाई गई है। जिसका जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी ने इन्डियन बैंक के अधिकारियों की मौजूदगी में शुभारंभ कराया। डीडीओ श्री विद्यार्थी ने इन्डियन बैंक की इस मानवीय पहल का स्वागत एवम् प्रशंसा करते हुए कहा कि वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों के प्रति चिन्ता करना वास्तव में बहुत ही नेक कृत्य है।हर सक्षम व्यक्ति को ऐसे असहाय व्यक्तियों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आरओ युक्त पेयजल मशीन की स्थापना कराकर इंडियन बैंक द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। वहीं बैंक की इस पहल पर वृद्धाश्रम में निवासित वृद्धजनों ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर इंडियन बैंक अंचल कार्यालय से उप अंचल प्रमुख अक्षय साहू, समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी और अग्रणी जिला प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी वहां उपस्थित रहे।

### झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र में झांसा देकर एक युवती से करीब दो वर्ष तक बलात्कार करने और उसकी अंतरंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के आरोपी उसके रिश्तेदार को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार शनिवार को बलिया शहर में एक बस अड्डे के समीप आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बयान के मुताबिक, आरोपी की पहचान बिहार राज्य के सिवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के निवासी अब्दुल सलाम अंसारी के रूप में की गई है। विवेचना कर रहे उप निरीक्षक संजय शुक्ल ने बताया कि अंसारी ने कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली 24 वर्षीय युवती को झांसा देकर उससे करीब दो वर्ष तक बलात्कार किया तथा अपशब्द कहने के साथ उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी ने युवती की अंतरंग तस्वीर व्हाट्सएप्प पर सार्वजनिक कर दी। इस मामले में जनवरी 2023 में युवती की तहरीर पर बलिया शहर कोतवाली पुलिस ने अब्दुल सलाम अंसारी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की बलात्कार, अपशब्द कहने व जान से मारने की धमकी देने से जुड़ी धारा और आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने बताया कि अब्दुल सलाम युवती का निकट संबंधी है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**खीरों(रायबरेली)**- विकास क्षेत्र के गांव अकोहरिया में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय प्रतिनिधियों व किसानों के साथ आधा दर्जन से अधिक पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। मेले का शुभारंभ गाय माता के पूजन माल्यार्पण आरती के साथ किया गया। गौ पूजन के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सतांव के पशु चिकित्सा अधिकारी रमेश चंद्र द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारियों और उचित पोषण के साथ उन्हें स्वस्थ रखने के उपाय बताए गए। पशु चिकित्साधिकारी खीरों डॉ पंकज पटेल ने बेसहारा पशुओं के हित में किए जा रहे सरकारी उपक्रमों के विषय में जानकारी दी और गौशालाओं से गोद लिए जाने वाले गोवंश पर प्रतिदिन के हिसाब से प्रति जानवर पोषण की जानकारी दी तथा उचित पुष्टाहार जैविक खेती के माध्यम से पशु और किसान दोनों किस प्रकार खुशहाल हो सकते हैं इस पर भी प्रकाश डाला गया।इसी बीच पशु चिकित्सा विभाग की ओर से मवेशियों के लिए उत्तम स्वास्थ्य हेतु पोषण सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व सैनिक पुष्पराज सिंह के द्वारा चलाई जा रहे कार्यक्रम, जिसमें बीमारी बेरोजगारी कम करने के उपाय बताए गए। वही कैंसर शुगर किडनी रोग जैसी गंभीर बीमारियों को जैविक उत्पादों के द्वारा किस प्रकार रोका जा सकता है इस विषय पर प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ राज किशोर वर्मा, नीतू यादव, धीरेंद्र यादव,दीपक कुमार, कौशल किशोर व ग्राम प्रधान संतोष पासवान आदि सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### डीएम ने तहसील सदर संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना, निस्तारण के दिये निर्देश

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन समस्याओं को गम्भीरता से सुनें तथा जन समस्याओं की शिकायतों का निस्तारण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा कि शिकायत दोबरा नही आनी चाहिए पुनः शिकायत प्राप्त होने के साथ ही जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

## गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारित हों जन शिकायतें: जिलाधिकारी



**गोंडा।** तहसील सदर में डीएम डा0 उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर ने फरियादियों की जनसमस्याओं को सुनकर उसके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 123 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें 03 का मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश संबंधित विभाग को जारी किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर शिकायतों को निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। साथ ही शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी कराई जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा कुलदीप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकान्त गौतम, शिल्पा वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रशेखर, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### उत्कृष्टता का जश्न मनाया और सम्मानित किया

**वाराणसी।** भारत का अग्रणी टेलीविजन, मीडिया एवं एंटरटेनमेंट दिग्गज - जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइसेस लिमिटेड बॉलीवुड का सबसे बड़ा महोत्सव यानी जी सिने अवॉर्ड्स लेकर आ रहा है, एक ऐसा शो जिसने अपनी शुरुआत से ही सिनेमा में उत्कृष्टता का जश्न मनाया और कई चमकते सितारों, फिल्म मेकर्स और टेक्नीशियनों के प्रेरणादायक सफर को सम्मानित किया है। दुनिया भर के फैंस इस सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट नाइट के गवाह बनेंगे, जब शनिवार 18 मार्च को जी सिनेमा और जी टीवी पर जी सिने अवॉर्ड्स 2023 का प्रसारण किया जाएगा। सितारों से सजे इस समारोह के दौरान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक से बढ़कर एक हस्तियां जी सिने अवॉर्ड्स अरेना के रेड कारपेट पर नजर आए। इसमें कई ग्लैमरस एक्टर्स और एक्ट्रेसेस जैसे आलिया भट्ट, कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी, शाहिद कपूर, वरुण धवन, टाइगर श्रॉफ रश्मिका मंदाना और पूजा हेगड़े ने अपने फैशनेबल रेड कारपेट लुक्स के साथ अपना जलवा बिखेरा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 477 शिकायतों में 24 का निस्तारण




**गाजीपुर।** जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सैदपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एंव पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमे 186 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 03 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 477 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 24 शिकायत व प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 58 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 43 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 की अध्यक्षता में 42 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 09 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 41 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में तहसीलदार की अध्यक्षता में 47 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 60 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत व प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय।

### रोजगार मेले का किया गया आयोजन

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार विधान सभा स्तरीय रोजगार मेला विधानसभा अमेठी अंतर्गत रामगंज स्थित श्री देवी प्रसाद सिंह निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई एवम कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

मेले में कुल 8 प्लेसमेंट कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न पदों के लिए 85 अभ्यर्थियों का चयन किया। मेले में कुल 199 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया।

## मेरठ में वृद्ध की घर में घुसकर हत्या

संवाददाता। मेरठ

**उत्तर** प्रदेश में मेरठ जनपद के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में 75 साल के व्यक्ति की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कंकरखेड़ा के थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौड़ ने बताया कि ब्रह्मसिंह (75) की सिर में गोली मारकर हत्या की गई है। ब्रह्मसिंह अपनी बेटी पुष्पा के साथ सरधना रोड स्थित जंगेठी गांव रहते थे। परिवार वालों से मिली जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार सुबह घटना के समय ब्रह्मसिंह घर में चारपाई पर सो रहे थे।

बेटी पुष्पा दूध लेने गई हुई थी और जब वह लौटी तो देखा कि पिता चारपाई पर खून से लथपथ पड़े हैं। बेटी के अनुसार, घटना के समय घर पर और कोई नहीं था। पुलिस का मानना है कि घटना में मृतक के ही किसी करीबी का हाथ है, जिसे मालूम था कि घर पर कोई नहीं है। राठौड़ ने बताया कि अभी तक घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस परिवार के नजदीकी लोगों से पूछताछ कर रही है।

**बांदा में तालाब में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका**

बांदा। बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव के एक तालाब से पुलिस ने शनिवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बबेरू के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पल्हरी गांव के तालाब से एक युवक का शव बरामद किया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह के साथ एनटीपीसी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**ऊंचाहार।** सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति समर्पित रहते हुए कार्यविधियों का यथाशक्ति अनुपालन तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरणादायी अभिवृत्तियों की तरफ उन्मुख होकर सम्पूर्ण सुरक्षा के साथ हमें अपने दैनिक कार्य को संपादित करना है। इस संकल्प को केन्द्र में रखकर एनटीपीसी ऊंचाहार में कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने उपस्थित जनसमूहों को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्घटनाएं और व्यावसायिक बीमारियां राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल बनाती हैं तथा व्यक्ति, समाज एवं उद्योग के लिए हानिकारक होती हैं। श्री समैयार ने कहा कि एनटीपीसी में बहुत ही उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य नीति है। हम सभी को उसी सुरक्षा नीति के तहत अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करना है क्योंकि जीवन बहुत अनमोल है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री समैयार ने सुरक्षा ध्वज फहराया और सभी कर्मचारियों व वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) गौतम कुमार जाना ने वर्तमान में परियोजना में सुरक्षा हेतु किए जा रहे विशेष कार्यों के विषय में बताया।

## देश बुलडोजर नहीं, कानून और संविधान से चलना चाहिए

भाषा। आजमगढ़



### समाजवादी पार्टी का गठबंधन प्रदेश की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ेगा: अखिलेश

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 80 सीट पर सपा गठबंधन के चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि देश बुलडोजर से नहीं, बल्कि कानून व संविधान से चलना चाहिए। यहां सपा के वरिष्ठ नेता बलराम यादव की पत्नी के निधन के बाद शनिवार को शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। यादव ने कहा कि देश बुलडोजर से नहीं, बल्कि कानून व संविधान से चलना चाहिए।अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का गठबंधन प्रदेश की सभी 80 सीट पर चुनाव लड़ेगा।सपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा), महान दल, अपना दल (कमेरावादी), जनवादी पार्टी आदि के गठबंधन से चुनाव लड़ा था, जिनमें से सुभासपा और महान दल के साथ सपा का गठबंधन टूट चुका है। यादव ने पिछले वर्ष समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट के उपचुनाव में सपा की जीत को लेकर भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा ने जो मैनपुरी में हार देखी है, उसका अभी तक आकलन नहीं कर पाए हैं कि वे लोग इतना बुरी तरह क्यों हारे। सपा प्रमुख ने कहा कि वे (भाजपा) इसलिए हारे कि शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, महंगाई, रोजगार और कानून व्यवस्था तक किसी का भी जवाब इनके पास नहीं है। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर लोकसभा चुनाव में किधर रहेंगे, इस सवाल पर यादव ने कहा कि यह वही जानें। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं को कोई नहीं बता सकता है कि वे कहां हैं। गौरतलब है कि सुभासपा प्रमुख राजभर ने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन से चुनाव लड़ा और सरकार में मंत्री बने, लेकिन दो वर्ष के भीतर ही योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की पहली सरकार से इस्तीफा देकर विद्रोही हो गए। वर्ष 2022 में राजभर ने सपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ा, लेकिन राष्ट्रपति चुनाव में वह भाजपा के पाले में आ गए। इसके बाद उनका सपा से गठबंधन टूट गया। उन्होंने प्रयागराज में तत्कालीन विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और दो सुरक्षाकर्मियों की हाल में हुई हत्या को सरकार की विफलता करार दिया।उन्होंने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए सुरक्षा के संबंध में जो जांच की गई थी उसकी जिम्मेदारी किसकी थी। इसे उन्होंने खुफिया विभाग की विफलता करार दिया। उन्होंने विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल ही में माफिया को मिट्टी में मिला देने वाले बयान पर तंज करते हुए कहा, जो लोग यह कह रहे थे मिट्टी में मिला देंगे तो भाई शीर्ष 10 माफिया की सूची कब आएगी। यादव ने दावा किया कि माफिया की सूची इसलिए नहीं आ रही है क्योंकि हो सकता है कि भाजपा के लोग भी इस सूची में आ जाएं।

### प्राचीन महादेव मंदिर का शिवलिंग क्षतिग्रस्त एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** जिले के जानसठ कस्बे में एक प्राचीन महादेव मंदिर का शिवलिंग क्षतिग्रस्त पाया गया है। पुलिस ने शनिवार को यहां बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।जानसठ के थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल के रूप में हुई है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण तोमर ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा है कि राहुल ने हथौड़े से शिवलिंग को क्षतिग्रस्त किया। मंदिर के सीसीटीवी फुटेज से राहुल की पहचान हुई। इस बीच, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की है।

### फुलवारी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जमकर बरसे बरसाने के रंग



**गोंडा।** फुलवारी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने मटकी फोड़कर होली उत्सव की शुरुआत की। इसके बाद रंग बिरंगे गुलाल से एक दूसरे के साथ होली उत्सव मनाया। विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह जी ने बच्चों को होलिका और प्रहलाद की कहानी सुनाई और बच्चों को ये शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री शैव्या मिश्रा ने होलिका दहन करके बच्चों को होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद प्री-प्राइमरी से यूकेजी तक के बच्चों ने फूलों की होली खेली, जिसे देखकर बरसाने की होली का चित्रण सामने आ गया। इस मौके पर स्कूल के उप- प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा, समन्वयक सौम्या द्विवेदी, ऑफिस निरीक्षक हर्षित सिंह, राहुल पांडेय विद्यालय निरीक्षक ज्योति चौरसिया और अध्यापक गण ज्ञानेंद्र सिंह, चांदनी दूबे, विमला, श्रीजना, सोनू शुक्ला, अंजली, निशी, दिनेश सोनी, सूर्यकांत, राहुल, कुसुम छेत्री, संगीता, श्वेता, सीता और आलोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।




## भोलेभाले चाचाजी

विधानसभा सत्र के दौरान कई बार ऐसा मौका आया जब नेता सदन ने नेता प्रतिपक्ष पर चाचा को लेकर हमला बोला। हर बार चाचा बड़े ही मायूस होकर मासूमियत के साथ जवाब देते और कहते कि हम तो तीन साल तक आप के संपर्क में रहे और आपने कुछ नहीं किया। आपको तो सब पता है। चाचा की यह बात सुनकर विधानसभा हंसी से गूंजने लगती हैं। साथ में उनके इस मासूमियत भरे अंदाज पर विधानसभा के सभी सदस्य मेज थपथपा कर उनका अभिनंदन भी करते हैं। विधानसभा के बजट सत्र में नेता सदन ने इशारों इशारों में चाचा जी की ओर देखकर बोला कि आप बहुत ही सीधे साधे हैं आप के भोलेपन का लोगों ने गलत इस्तेमाल किया है। अगर आपको सही सम्मान और इज्जत मिली होती तो आज आप नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी पर बैठे होते। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने नेता सदन से कहा कि अगर आप चाचा जी का सम्मान करते तो उनकी सुरक्षा वापस नहीं लेते। उनकी सुरक्षा बहाल कर दीजिए। इस पर नेता सदन ने हंसते हुए कहा कि अब आपने पैरवी कर दी है तो इस पर जरूर विचार किया जाएगा। इस वाक्य के बाद सदन के सभी सदस्य हंसने लगे। ऐसे भी कई मौके आए जब नेता प्रतिपक्ष की गैर मौजूदगी में नेता सदन ने विपक्ष में बैठे उनके चाचा जी की भी कई बार बातों बातों में चुटकी ली लेकिन हर बार चाचा जी ने मुस्कराकर और भोलेपन से ही जवाब दिया। कभी भी उत्तेजित होकर तेज आवाज में कुछ नहीं बोले। इसी अंदाज़ पर नेता सदन ने कई बार चाचा जी को सम्मान दिया और सम्मान पूर्वक उनका नाम भी लिया।



## परायी रियासत पर नजर

राजा तो राजा होता है। उसे काम नहीं पद चाहिए होता है जो राजा साहब को भगवा सरकार में मिला हुआ है। राजा साहब प्रतिदिन सजधज कर घर से निकलते हैं और अपने विभाग में आकर बैठ जाते हैं। विभाग में काम तो कुछ होता नहीं तो वहां बैठकर अपनी तारीफ ही लोगों से सुना करते हैं और फिर वापस शान से अपने घर चले जाया करते हैं। वैसे तो राजा साहब कोमिला है स्वास्थ्य महकमा लेकिन इनकी दिलचस्पी सड़क विभाग में ज्यादा दिखाई पड़ती है। शायद यही कारण रहा कि राजा अक्सर सड़क वाले मंत्री के साथ नजर आते रहते हैं। आधिकारिक रूप से राजा के पास जवाब भी रहा है कि वे ऐसी समिति में शामिल है जिसमें उन्हें सड़क वाले मंत्री के साथ रहना है। अब फिलहाल सड़क वाले मंत्री जी को मुरादाबाद का चार्ज दे दिया गया है फिर भी राजा साहब अपना स्वास्थ्य महकमा छोड़कर गाहे बगाहे सड़क वाले मंत्री जी के साथ देखे जाते हैं। वैसे तो राजा साहब के पास धन की कोई कमी नहीं है। अपार धन है इनके पास। फिर पता नहीं क्यों राजा साहब अपने स्वास्थ्य वाले विभाग को छोड़कर सड़क वाले मंत्री में दिलचस्पी रखते है।

## संदेश से बेपरवाह मैडम

पहले एसटीएफ सीबीआई जांच में फंसे एकेटीयू के पुराने कुलपति के दिन फिर से लौट आए हैं। जब तक एसटीएफ जांच कर रही थी तब तक पाठक जी बीमारी की आड़ में फरार चल रहे थे। जैसे ही जांच सीबीआई के हाथ गई पाठक जी ने फिर से अपना कार्यभार संभाल लिया जबकि आमतौर पर सीबीआई जांच बैठने के बाद लोगों की रूह कांप जाती है। मगर पाठक जी को ऐसा लग रहा है जैसे कुछ हुआ ही नहीं। अभी पिछले दिनों की बात है राज दरबार में महामहिम के साथ पाठक जी न केवल बैठक में शामिल हुए बल्कि फोटो सेशन भी कराया। अब यह बात समझ में नहीं आ रही है कि राज्य के प्रथम नागरिक के कार्यालय में एक आरोपी के रूप में दाखिल होना कितना उचित है या फिर एक आरोपी को राज दरबार में बुलाना कितना उचित है जबकि छोटे से आरोप में एक वीसी की बलि चढ़ गई। उसके पीछे भी पाठक जी थे। अब राज दरबार ही पिक एंड चूज की नीति पर चल रहा है तो और किसी से क्या उम्मीद लगाई जा सकती है। फिलहाल राज दरबार में शामिल होना को कतई उचित नहीं माना जा सकता है। मैडम को भी सोचना चाहिए कि इससे क्या संदेश जाएगा।

## मैडम की तिरछी नजर

चारबाग की गुरुनानक मार्केट की अवैध दुकानों और होटलों के निर्माण पर मैडम नाराज क्या हुयीं कि बड़े साहब का सारा दबाव फुर्र हो गया। शासन की ताकतवर मैडम का गुस्सा सातवें आसमान पर था। गुस्सा जायज भी था क्यों कि बीते कई दिनों से मैडम के कई आदेशों को अफसरों ने धुएं में उड़ा दिया था। हाल ही में अवैध दुकानों और होटलों पर कार्रवाई करने के साथ मैडम ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी लेकिन अधिकारियों ने कई हफ्ते और महीने बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं की। फिर क्या था। ताकतवर मैडम की हुंकार से डरे बड़े साहब ने 24 घंटे के अंदर गुरुनानक मार्केट की 44 संपत्तियों का आवंटन रद्द कर दिया। आनन फानन में साहब ने सारी औपचारिकता पूरी कर मैडम को सूचित किया। अवैध आवंटियों की दुआ कोई काम नहीं आयी। लेकिन तथाकथित आवंटियों ने हार नहीं मानीं हैं, दूसरे बड़े खादीधारी से सिफारिश जारी रखी है।



## जैसे को मिला तैसा

यूं तो कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी खाकी के कंधों पर है लेकिन ये लोग स्वयं इसका पालन करना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। यही वजह है कि सड़कों पर खाकी कर्मी आम जनता की तो गाड़ियों के कागज, ड्राइविंग लाइसेंस व हेलमेट चेक करते नजर आते हैं लेकिन खुद धड़ल्ले से यातायात नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भरते रहते हैं। ऐसे ही एक कोतवाल साहब को कानपुर नगर में पब्लिक ने नियमों का पाठ पढ़ा डाला। दरअसल कोतवाल साहब एसयूवी कार से जा रहे थे और उन्होंने एक बाद एक दो कारों में टक्कर मार दी। जिसके बाद पब्लिक ने उन्हें घेर लिया और हंगामा कर दिया। उन्होंने वर्दी का रौब दिखाया तो पब्लिक भड़क उठी। पब्लिक ने उनसे ड्राइविंग लाइसेंस दिखाने को कहा। जो उनके पास नहीं था। अपने को बुरा फंसा देख कोतवाल साहब हाथ जोड़कर पब्लिक के सामने क्षमा प्रार्थना करने लगे। हंगामा होता देखा ट्रैफिक वाले खाकी कर्मी भी पहुंच गए। कोतवाल माफी मांगते रहे लेकिन पब्लिक अड़ गई और उनकी गाड़ी का चालान कराकर ही दम लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। ज्यादातर का यही कहना है कि 'जैसे को तैसा' मिलना ही चाहिए। पब्लिक के इस कदम की खूब सराहना हो रही है।

**यूपीएसआरटीसी का 50वां स्वर्णिम वर्ष**

# सीएम ने रंगों के त्योहार पर दिया बसों का उपहार

## नई राजधानी सेवा की 76 व साधारण सेवा की 39 नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

● ऑनलाइन रिजर्वेशन व यात्री फीडबैक एप्लीकेशन एप यूपी-राही लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रंगों के त्योहार होली पर यूपी को बसों का उपहार दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यूपीएसआरटीसी की एक नई बस सेवा, राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। ये लखनऊ को सभी जिला मुख्यालयों से जोड़ेगी। विभिन्न रूटों के लिए 76 राजधानी एक्सप्रेस और 39 सामान्य बसों सहित 115 नई बसों को हरी झंडी दिखाई गई। राजधानी एक्सप्रेस की बसों में निर्धारित संचालन और सीमित ठहराव जैसी विशिष्ट विशेषताएं होंगी। बसें सभी जिला मुख्यालयों से सुबह 9.30 बजे या उससे पहले लखनऊ पहुंचेंगी और शाम 5 बजे लखनऊ से विभिन्न गंतव्यों के लिए प्रस्थान करेंगी। बसें प्रतिदिन चलेंगी।

शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 50वें स्वर्णिम वर्ष पर आधारित डाक विभाग की ओर से जारी विशेष आवरण व विरुपण का अनावरण किया। ऑनलाइन रिजर्वेशन व यात्री फीडबैक एप्लीकेशन ऐप यूपी-राही की लॉन्चिंग की।

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों में आपातकालीन बटन लगाए गए हैं। बसों के अंदर यात्री प्लाजा, मेन्यू, रेट लिस्ट और मोबाइल नंबर डिस्प्ले किया जाएगा ताकि यात्री अपना ऑर्डर पहले से बुक कर सकें। नई बसें यूरो 6 वाहन हैं। यूपीएसआरटीसी के 50 साल पूरे होने पर निगम की बसों में सीटों की एडवांस बुकिंग और डिजिटल पेमेंट के लिए यूपी राही ऐप के साथ एक विशेष पोस्टर कवर भी लॉन्च किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आजादी का अमृत महोत्सव का पहला वर्ष है। आगामी 25 वर्षों की यात्राओं को लेकर देश बढ़ने जा रहा है। इस प्रथम वर्ष में यूपी परिवहन निगम अपनी स्वर्णिम यात्रा को संजोए हुए नई शानदार यात्रा के लिए कार्य कर रहा है। 25 करोड़ जनता के सुगम व आसान यात्रा के लिए 50 वर्षों से जिस यात्रा को प्रारंभ किया गयाए वह अपने साथ होली के पूर्व कुछ नई उपलब्धियों को जोड़ने जा रहा है। सीएम ने कहा कि परिवहन निगम के कार्यों को बचपन से देखने व जानने का अवसर मिलता था। सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन निगम की भूमिका सराहनीय रही। कुंभ के 45 दिन के आयोजन में 24 करोड़ श्रद्धालु सहभागी बने। इसके लिए परिवहन निगम के बेड़े में राज्य सरकार ने 5 हजार नई बसें उपलब्ध कराई थीं। श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा कराने में परिवहन निगम ने अच्छी भूमिका का निर्वहन किया था। वहीं सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना के दौरान 25 मार्च 2020 को लॉकडाउन लागू हुआ तो दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र समेत देश के अलग-अलग राज्यों से हजारों श्रमिक व कामगार अपने गांवों की तरफ चल दिए। दिल्ली व अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों पर हजारों की भीड़ लग गई। 27-28 में जब यह दृश्य दिखने लगा तो हमने परिवहन निगम की आकस्मिक बैठक बुलाई। बताया गया कि हमारे पास 12 से 14 हजार बसों का बेड़ा है। हमने कहा कि देर न करो। गाजियाबाद, आगरा, झांसी, सहारनपुर समेत अनेक क्षेत्रों से कामगार व प्रवासी श्रमिक आ रहे थे, देखते ही देखते परिवहन निगम के चालक-परिचालक, अधिकारी 12 घंटे के अंदर वहां एकत्र होकर हर किसी को गंतव्य तक पहुंचाने में लग गए। सीएम ने कहा कि जब लोग जान बचा रहे थे तो परिवहन निगम के कर्मचारी जान की परवाह किए बिना प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर यूपी के लगभग 40 लाख व 60 लाख बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम तथा यूपी की ओर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड आदि स्थानों तक जाने वाले कुल एक करोड़ नागरिकों को गंतव्य तक पहुंचाने में लगे थे। इन कर्मचारियों ने पुलिस, होमगार्ड व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ काम किया। दुनिया ने इसकी सराहना की। संकट के समय यूपी सरकार ने अद्‌भुत कार्य किया। उसी दौरान 500 बसें कोटा भेजकर फंसे बच्चों को सुरक्षित लाया गया। चालकों-परिचालकों ने 15 हजार बच्चों को घर पहुंचाया। इनमें साढ़े 4 हजार बच्चे उत्तराखंड के भी थे। परिवहन निगम ने संदेश दिया कि संकट के समय हम नागरिकों के साथ हैं।

## एक हजार नई बसों के लिए हमने 400 करोड़ दिए: योगी

**सीएम** ने कहा कि होली पर 150 नई बसें आई हैं। अच्छी बात है कि यह बसें परिवहन निगम के वर्कशॉप में बन रही हैं। 1000 नई बस ख़रीदने के लिए हमने 400 करोड़ रुपये दिए। बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने के लिए भी 100 करोड़ रुपये दिए। आप संकट के समय यूपी व देश वालों के साथ खड़े रहे। सीएम ने कहा कि आपदा बताकर नहीं आती। आपके पास सामर्थ्य, स्केल व स्किल भी है। लोक कल्याण व विकास के लिए सामर्थ्य का अहसास कराना चाहिए। आपका सामर्थ्य अराजकता व हड़तालए, नागरिकों को परेशान करने के लिए नहीं बल्कि इन्हें राहत देने के लिए दिखना चाहिए।

सीएम ने कहा कि होली पर बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ होती है। अच्छी बस सेवा दें तो आमजन को लाभ मिलेगा। लोग पर्व त्योहार मनाने घर जाते हैं। त्योहारों पर यात्रा को सुगम बनाने के लिए योगदान देना चाहिए। रक्षाबंधन पर परिवहन निगम निशुल्क यात्रा महिलाओं के लिए देता है। अच्छी सेवा को निरंतर बढ़ाना चाहिए। सीएम ने कहा कि यूपी में एक लाख राजस्व गांव हैं। उन सभी गांवों में परिवहन निगम रेलवे व एयरपोर्ट से बेहतर सेवा दे सकता है। किसी यात्री से धोखाधड़ी नहीं होनी चाहिए। आमजन की यात्रा सुरक्षित व आसान हो, गांव से शहर और शहर से लोग गांव जा सकें। आपकी सेवा उनके लिए हमेशा तैयार रहे। इसके माध्यम से परिवहन निगम पर्यटन, राजस्व विभाग से बात करें। कहीं अच्छा ढाबा-होटल बने, लोग उसका उपयोग करें। आप एक लाख जगहों पर यह सुविधा उपलब्ध कराकर लाखों युवाओं को रोजगार व स्वावलंबन से जोड़ सकते हैं। सीएम ने कहा कि आपके पास बहुत अवसर है। हर जनपद, 350 से अधिक तहसीलों, 825 विकास खंड, 762 नगर निकायों को बस सेवा से जोड़ें। आपको लाभ ही लाभ मिलेगा लेकिन निर्णय लेकर समयबद्ध तरीके से काम करना होगा। सीएम ने आशा जताई कि आज शुरू की गई सेवा का होली पर जनता को लाभ मिलेगा।

### कार्मिकों के मन में बसों के प्रति होना चाहिए धर्मस्थल जैसा पवित्र भाव

**सीएम** ने कहा कि किसी व्यक्ति के आने-जाने के लिए सबसे पहला वास्ता बस स्टैंड से पड़ता है। इसलिए बस अच्छी व साफ-सुथरी हो। कार्मिकों के मन में बसों के प्रति धर्मस्थल जैसी पवित्र होनी चाहिए क्योंकि वह उनकी आजीविका का आधार है। उसकी सफाई करें, एक घंटे पहले आकर नियमित फिटनेस चेक कर लें। नागरिकों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। चालक-परिचालक का नियमित मेडिकल चेकअप होना चाहिए। इसके लिए परिवहन निगम को स्वास्थ्य विभाग से एमओयू करना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# सपा गठबंधन के साथियों के साथ सभी 80 सीटों पर लड़ेगी चुनाव: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन के साथियों के साथ यूपी की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव समाजवादी पार्टी ने बड़े अंतर से जीता है। भारतीय जनता पार्टी अभी तक मैनपुरी चुनाव के हार का आंकलन नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मैनपुरी में करारी हार इसलिए मिली क्योंकि उसके पास महंगाईए बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी करने के वादे पर कोई जवाब नहीं दे पा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने हर चीज की महंगाई कर दी है। दूध महंगा हो गया। परिवहन महंगा हो गया। गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ा दिये है। बिजली महंगी होने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार माफ़ियाओं को मिट्टी में मिलाने की बात करती है लेकिन यह बताए कि टॉप टेन और टॉप 100 अपराधियों की सूची क्यों नहीं जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। नोटबंदी फेल हो चुकी है। भाजपा के तमाम नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है और कई जगह नोटों के साथ पकड़े जा रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने नौजवानों को धोखा दिया है। उसने नौकरी और रोजगार नहीं दिया। नौजवान 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी नहीं तो बीजेपी अग्निवीर जैसी आधी अधूरी नौकरी देगी। निजीकरण करेगी और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि हमारा नौजवान वर्दी पहन कर देश की सेवा करना चाहता है। आधी अधूरी नौकरी नहीं चाहता है। नौजवानों को एक होकर देश और समाज को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को हटाना होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास ठप्प है।

## दुराचारी को 20 वर्ष का कठोर कारावास



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**नाबालिग** युवती से दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम पप्पू उर्फ गप्पू कश्यप को पॉक्सो की विशेष अदालत ने 20 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज विजेन्द्र त्रिपाठी ने इस पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने जुर्माने की धनराशि से 40 हजार पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। छह अप्रैल, 2022 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता की मां ने थाना विभुतिखंड में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व सुखेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक मुल्जिम पर घर में घुसकर 15 वर्षीय पीड़िता से जबरिया दुराचार का आरोप है। वह मौके पर रंगे हाथ पकड़ा भी गया था लेकिन धक्का देकर भाग गया था।

# यूपी के 1500 गांव तक पहुंचेगा प्रियंका गांधी का संदेश

● अल्पसंख्यक कांग्रेस करेगी 10 दिवसीय कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ पर हुई। बैठक में विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों सहित समस्त ज़िला-शहर कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन अपनी कमेटी के सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विगत 6 माह में हुए कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही मंडलवार सभी जिला-शहर चेयरमैनों को भी अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्देशित किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम को बधाई देते हुए कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस पूरी जिम्मेदारी के साथ प्रदेश में संगठन का काम मजबूती के साथ कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने 2024 के चुनाव के लिए कमर कस ली है पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर भारत जोड़ो यात्रा की सफलता एवं उसके मूल उद्देश्य को जनता तक पहुचाने का कार्य करेंगे।

बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय जो कांग्रेस से दूर हो गया था अब पुन: कांग्रेस की तरफ वापस आ रहा है। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सिद्दीकी ने कहा कि चुनाव नजदीक है इसके लिए ये जरूरी है कि जो भी लोग 18 साल के हो गए हैं, उनका नाम निर्वाचन नामावली में सम्मिलित कराया जाए साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जागरूक करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सचिव अनिल यादव और पूर्व मंत्री डॉ मसूद अहमद ने भी अपने विचार रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने की सलाह दी है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन दानिश आज़म वारसी ने सभी पदाधिकारियों को सोशल मीडिया से जुड़ी जानकारियों की ट्रेंनिग दी और साथ ही साथ ट्विटर अकाउंट और फेसबुक पर पार्टी की बात को मुखरता से रखने और कांग्रेस नेताओं के विचारों को साझा करने पर बल दिया। बैठक में विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला-शहर अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश भर में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के ऊपर हो रहे अत्याचार एवं बुल्डोजर नीति के खिलाफ संघर्ष करता रहा है आगे भी निरन्तर करता रहेगा। उन्होंने विभाग के द्वारा आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस आपकी पार्टी-अपने गांव अभियान के प्रथम चरण के तहत 10 मार्च से 20 मार्च तक 1500 गांवों तक कांग्रेस का संदेश पहुंचायेगी। यह निर्णय आज कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर संगठन समीक्षा के दौरान लिया गया।

इस अभियान के तहत ज़िला अल्पसंख्यक कमेटी रोज़ दो गांवों में बैठक कर वहां प्रियंका गांधी का संदेश देगी और ग्राम सभा अध्यक्ष नियुक्त करेगी। वहीं शहर कमेटी वकीलों, डॉक्टरों और शिक्षकों के बीच प्रियंका गांधी का संदेश देगी। कार्यक्रम के निर्देशन हेतु मंडल एवं जिला स्तर पर निगरानी कमेटियों का गठन किया जायेगा। यह कमेटियां अपने सुझाव प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करेंगी।

# यूपी राही, बनेगा यात्रियों का हमराही

## यात्री घर बैठे यूपी रोडवेज की बसों में सफर के लिए कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग

● क्यूआर कोड, यूपीआई डेबिट या क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने की मिलेगी सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश में परिवहन को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुदृढ़ बनाने में जुट गई है। यूपी रोडवेज को रेलवे और एयर कनेक्टिविटी की तरह ही समृद्ध बनाया जा रहा है। बसों के मेंटीनेंस से लेकर बस डिपो को आधुनिकतम सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इन सबके साथ ही अब यूपीएसआरटीसी ने टिकट बुकिंग एवं पैसेंजर फीडबैक एप को भी लांच कर दिया है।

यह एप यात्रियों को न सिर्फ घर बैठे बस में यात्रा के लिए एडवांस बुकिंग में सक्षम बनाएगा बल्कि उन्हें कैशलेस सुविधा भी प्रदान करेगा। यही नहीं एप पर यात्री अपने सफर से संबंधित समस्याओं, चालक-परिचालक के व्यवहार, बस की स्थिति और अन्य संबंधित मुद्दों पर अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। इस एप की शुरुआत से बस में यात्रा करने वाले प्रदेश के लाखों यात्री अब हैसल फ्री यात्रा कर सकेंगे। यूपी राही एप के औपचारिक शुभारंभ के साथ ही यह एप आधिकारिक रूप से काम करने लगा है। यात्री इसे गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। यह एप हिंदी और अंग्रेजी में है। यूपीएसआरटीसी के जनरल मैनेजर आईटी युजवेंद्र कुमार ने बताया कि इस एप के माध्यम से यात्री डिजिटल माध्यम से टिकट बुक कर पाएंगे। हालांकि एप डाउनलोड करने के बाद उन्हें सबसे पहले खुद का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वह एप पर मौजूद सभी सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। सबसे महत्वपूर्ण फीचर इस एप में टिकट बुकिंग को लेकर है। अभी आप बस में सफर के दौरान ही कैश या डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदते हैं। हालांकि उसमें कई तरह की समस्याओं की जानकारी मिलती थी। कैश के संबंध में कभी कंडक्टर के पास खुले पैसे नहीं होते थे तो कभी यात्रियों को ज्यादा पैसे देने पड़ जाते थे। इसी तरह कैशलेस में भी कई बार नेटवर्क की प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता था। एप की शुरुआत से इन सारे झंझटों से छुटकारा मिल जाएगा। एप के माध्यम से यात्री टिकट बुक करने के लिए क्यूआर कोड, यूपीआईए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या किसी भी अन्य डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल कर सकेंगे। टिकट बुक करने के बाद यात्रियों को टिकट का प्रिंटआउट लेने की जरूरत नहीं होगी। वो एप पर ही टिकट बुकिंग का स्टेटस दिखाकर अपनी यात्रा कर सकते हैं। इसके अलावा इस एप में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण फीचर यात्रियों के फीडबैक से संबंधित है। कोई यात्री अपने सफर से संबंधित कोई जानकारी देना चाहता है तो एप में इसकी सुविधा प्रदान की गई है। अपने फीडबैक में वो क्रू के बारे में जानकारी दे सकते हैं। जैसे कंडक्टर का व्यवहार कैसा था, ड्राइवर सही से बस को ड्राइव कर रहा था या नहीं। ऐसे ही दस बिंदुओं पर यात्री अपने फीडबैक को हम तक पहुंचा सकते हैं। उनके सफर का अनुभव सीधे विभाग के अधिकारियों तक पहुंचेगा। उनके सुझावों से हमें अपनी सेवाओं में सुधार का भी अवसर मिलेगा। फीडबैक से प्राप्त सूचनाओं के संकलन से हमें कमियों और क्वालिटी को बेहतर करने में सहायता मिलेगी। युजवेंद्र कुमार ने बताया कि इसके अलावा भी एप में यात्रियों के लिए कुछ और हेल्पफुल फीचर्स दिए गए हैं। इसमें यात्री अपने पुराने सफर को ट्रैक कर सकेंगे। इसमें उनके सभी पुराने ट्रांजैक्शंस को संभाल कर रखा जाएगा। इसके अलावा यात्रियों को टिकट बुक करते समय बस चुनने का मौका मिलेगा। मसलन यदि वो वॉल्वो बस से सफर करना चाहते हैं तो उनके रूट पर कोई वॉल्वो बस संचालित हो रही है या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें एप पर मिल जाएगी। इसी तरह उनके रूट पर नॉन स्टॉप बस है तो वो भी दिखाई देगा। लो फ्लोर एसी बसें, राजधानी, ऑर्डिनरी, जनरथ, एसी स्लीपर, पिंक एक्सप्रेस, शताब्दी, ग्रामीण सेवा समेत सभी कैटेगरी की बसों की इसमें सूचना होगी। एप पर उन्हें गंतव्य स्टेशन का नाम डालने पर यह भी दिखाई देगा कि उनके रूट पर कौन सी बस कितने बजे की है। वो अपनी सुविधानुसार पिकअप प्वॉइंट भी चुन सकेंगे।

# दहशत में है हजारों की आबादी गलत बयानी कर रहा वन विभाग

संवाददाता। सीतापुर

## मिश्रिख इलाके में जंगली जानवर दिखने का मामला

## ग्रामीण कह रहे बाघ जैसा, बिना जांच नकार रहा वन विभाग

## 36 घंटों से घरों में सहमे हुए हैं ग्रामीण

## खेती किसानी से लेकर बच्चों के स्कूल जाने पर लग गया ब्रेक

## शुक्रवार को हो-हल्ला मचने पर पहुंचे थे बीट प्रभारी, मगर अब तक नहीं पहुंचे रेंजर

**मिश्रिख** वन रेंज अंतर्गत गोमती की तराई वाले वृंदावन में देखा गया जानवर बाघ, तेंदुआ, शेर है या भेड़िया, लकड़बग्घा, सियार यह तो तभी तय हो सकेगा, जब वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर पगचिन्हों की जांच और जानवर देखने का दावा करने वाले ग्रामीणों की जुबानी सुनेंगे, लेकिन हाल यह है कि आधा दर्जन से ज्यादा गांवों में इस जानवर की दहशत दैनिक कामकाज पर ब्रेक बन गई है। बावजूद इसके सूचना मिलने के 36 घंटे बाद भी वन विभाग का कोई आला अफसर मौका मुआयना को नहीं पहुंचा है। यह हाल तब है जब शुक्रवार के दिन में ग्रामीणों द्वारा बाघ देखने का दावा करते हुए, काफी हो हल्ला किया गया था, तब स्थानीय बीट प्रभारी अब्दुल महमूद मौके पर पहुंचे थे, पगचिन्ह को लेकर किसी नतीजे पर न पहुंच पाने की हालात में बीट प्रभारी ने मौके से ही मिश्रिख रेंजर दिनेश चंद्र गुप्ता को जानकारी दी थी, इसके बाद भी रेंजर ने मौके पर पहुंचना मुनासिब नहीं समझा और अपने कार्यालय में बैठकर ही मीडिया को गुमराह करने वाले बयान देते रहे। पिसावां और मिश्रिख के बीच बहती गोमती नदी की तलहटी में पहले भी बाघों की आमद होती रही है, बहुत ज्यादा वक्त नहीं बीता जब पिसावां के प्रेमपुर इलाके में कई दिनों तक बाघ की दहशत बनी रही थी। इस बार मामला उससे थोड़ा आगे बढ़कर लेकिन गोमती नदी के ही किनारे आबाद गांव का है, लिहाजा ग्रामीणों के डर को एक दम से खारिज नहीं किया जा सकता। बताते चलें कि जहां पर ग्रामीण बाघ देखने का दावा कर रहे हैं, वहां पर आपस में सटी दो ग्राम पंचायते दधनामऊ और गुलरिहा हैं, इन दोनों में तीन-तीन मजरें हैं, और ग्रामीणों के मुताबिक लगभग 8 से 10 हजार की आबादी इनमें निवास करती है। शुक्रवार को जंगली जानवर देखे जाने की सूचना आम होने के बाद से पूरे इलाके में खौफ घरकर गया है। ग्रामीण डर के मारे न अपने खेतों की तरफ जा पा रहे हैं और न ही बच्चों को स्कूल भेजने का खतरा उठाने को तैयार हैं। गांव से लेकर खेत और स्कूल तक सिर्फ खौफ और सन्नाटा पसरा हुआ है। फिलहाल वन विभाग के जिला कार्यालय का हाल अजब गजब बना हुआ है। इस जंगली जानवर की पहचान हुई या नहीं इसे जानने के लिए आई इंडिया कार्यालय से जब जानकारी चाही गई तो वहां कार्यरत स्टेनों सुनील बाबू का नंबर दिया गया। इस नंबर पर बात करते ही उधर से महोली रेंजर कल्पेश्वर नाथ का फोन आया, तो वह खुद किसी भी जानकारी से अनभिज्ञ दिखे। यही नहीं मिश्रिख रेंजर दिनेश चंद्र गुप्ता जिनके क्षेत्र में यह गांव आते हैं, उनका नंबर 7839434727 स्वीच आफ मिला। साफ जाहिर है कि उधर हजारों की आबादी दहशत के साए तले जीने को मजबूर है और इधर वन विभाग के अधिकारी अगंभीर बने हुए है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित

**मोहम्मदी खीरी**। तहसील सभागार मे सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 31, पुलिस विभाग से 02 तथा विकास विभाग से 04 एवं नगर



पालिका से सम्बन्धित 03 एवं कृषि विभाग से सम्बन्धित 01 शिकायत प्राप्त हुई। सभी विभागों को मिलाकर कुल 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की 09 शिकायतों का निस्तारण करवा दिया गया। उक्त समाधान दिवस में तहसीलदार मोहम्मदी व पूर्ति निरीक्षक, वनविभाग तथा बालविकास आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे तथा ईओ मोहम्मदी एवं बरबर तथा अधिशासी अधिकारी विद्युत एवं स्वस्थ्य विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिसका स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

## आठ साल पहले हुई हत्या पर कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा, जुर्माना भी

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश के सीतापुर जिले में करीब आठ साल पहले एक युवक की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में कोर्ट ने शनिवार को आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड भी लगाया है। ये सजा अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 ने सुनाई है। यह पूरा मामला सीतापुर के महोली इलाके के गांव बसवै का है। अभियोजक पक्ष के अनुसार, घटना 7 अक्टूबर 2015 की है। बताया ये जाता है कि गांव के निवासी हरिनाम उर्फ चीनू ग्राम समाज की जमीन पनर लहसुन प्याज बोये था। करीब 8 बजे गांव के ही राम खेलावन ने अपने घर से निकलकर हरिनाम को मारने की नियत से दौड़ाया। युवक जब भागा तो आरोपी रामखेलावन ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायलावस्था में युवक को लखनऊ में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान हरिनाम की मौत हो गई। मामले में मृतक की मां वादी बनी। उनकी तहरीर पर पुलिस ने मामले में रामखेलावन के खिलाफ हत्या आदि की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले में साक्ष्य जुटाते हुए आरोप पत्र तैयार किया। इसके बाद उसे कोर्ट में सौंपा। मामला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 में चल रहा था। पुलिस ने विवेचना करते हुए चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद कोर्ट ने मामले में पुलिस की विवेचना और गवाहों की दलीलों को सुनने के बाद तमाम साक्ष्य आरोपी के खिलाफ होने की दशा में कोर्ट ने उसे दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 के न्यायाधीश आबिद शमीम ने शनिवार को राम खेलावन को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। मामले में वादी पक्ष की ओर से पैरवी संतोष कुमार शुक्ला ने की है।

# अलग पहचान व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**खीरी** में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे जिले में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मनाते हुए शनिवार को महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्यों से अपने क्षेत्र में, अपने कार्यों द्वारा अलग पहचान बनाने वाली और बेहतर कामकाज वाली महिला कार्मिकों का कलेक्ट्रेट में सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह, एसपी गणेश कुमार साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। स्कूली छात्राओं महिला कार्मिकों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डीएम एसपी ने जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह व उनकी टीम को सामाजिक उत्थान महिला सशक्तिकरण के लिए किए विशेष प्रयासों के लिए सम्मान पत्र से नवाजा। कार्यक्रम में सीएमएस, जिला महिला चिकित्सालय डॉ ज्योति मेहरोत्रा सहित 11 महिला आरक्षीए महिला कल्याण 20, पंचायती राज 08, खाद एवं रसद दो, स्वास्थ्य 09, विकास 06, ग्राम विकास 05, बाल विकास एवं पुष्टाहार16, राजस्व 08, आपदा दो, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा 05-05 महिला अधिकारी, कार्मिकों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने महिलाओं से आह्वान किया कि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ें। यह पूरी सदी महिलाओं की सफलता की गवाह है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है पर अभी भी बहुत कुछ करने की ज़रूरत है। कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। डीएम की पत्नी, जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि समाज में जब भी महिलाओं की बात की जाती है तो उसका तात्पर्य यह होता है पूरे संसार की आधी आबादी की बात हो रही है। ऐसे में महिलाओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वयं भी आगे बढ़े और दूसरों को भी समाज में तरक्की करने की प्रेरणा दें। एसपी ने महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अग्रिम बधाई दी। आज समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। कुछ वर्ष पहले कुछ ऐसे क्षेत्र जहां पर पुरूषों का एकाधिकार था आज वहां पर पुरूषों को महिलाओं से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है जो महिला सशक्तिकरण की मिसाल है।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत एक दूजे के हुए 173 जोड़े

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत जिला मुख्यालय पर रॉयल पैराडाइज में शनिवार को ब्लॉक लखीमपुर की 126 और नकहा की 47 कुल 173 बेटियां धार्मिक रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बंधीं। इनमें से 167 बेटियों ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच सात फेरे लिए। 06 बेटियों का मौलानाओं ने निकाह कराया। योजना के तहत सभी बेटियों के खातों में 35-35 हजार रुपए भेजे गए। गृहस्थी शुरू करने के लिए सभी नव विवाहितों को वर वधु के वस्त्र, बक्सा, डिनर सेट, कुकर, लेडीज पर्स, पायल, बिछिया, पगड़ी, साफा, दुल्हन के लिए चुनरी, कुकर, बर्तन, श्रृंगारदान आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। समारोह में ग्रामीण क्षेत्र की 173 बेटियों के हाथ पीले हुए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के लिए वरदान साबित हो रही है। गरीब परिवारों से जुड़ी बेटियों की शादी को लेकर उनके माता पिता को काफी चिंता रहती थी, लेकिन इस योजना ने ऐसे अभिभावकों की इस परेशानी को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी है। गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ अब आसानी से पीले हो रहे हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि योजना के तहत जोड़ों के खाते में निर्धारित धनराशि भेजने के साथ ही उन्हें घर ग्रहस्थी चलाने को जीवनोपयोगी सामग्री भी प्रदान की जा रही है। जीवन में तमाम उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन वैवाहिक जीवन के हर परिस्थिति में पति-पत्नी को साथ रहना चाहिए। जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने सभी 173 जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान करके सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया और सरकार द्वारा मिलने वाली हर योजनाओं का लाभ देने का आश्वासन देते हुए विदा किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकासखंड लखीमपुर एवं नकहा के 173 लाभार्थी जोड़ों के लिए आयोजित विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह, सीडीओ- अनिल कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र पाल सिंह, विधायक सदर प्रतिनिधि कपिल वर्मा, डीपीआरओ सौम्यसील सिंह, बीडीओ पीयूष सिंह एवं आलोक कुमार वर्मा ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

## क्विक न्यूज

### स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी ने अफसर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, न्याय की लगाई गुहार

**शाहजहांपुर**। स्वास्थ्य विभाग की एक महिला कर्मचारी ने विभाग के एक अफसर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसकी बेटी पर भी बुरी नजर रख रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पुलिस से शिकायत की, पर कार्रवाई नहीं की गई। अब पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति की 12 साल पहले मौत हो चुकी है। महिला स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी व यूनियन में पदाधिकारी भी है। वह अपनी बेटी के साथ गांव में अकेली रहती है। घर के पड़ोस में स्वास्थ्य विभाग में तैनात एक अधिकारी भी रहता है। बताया कि पति की मौत के बाद से दोनों में बातचीत होने ली। दोनों में नजदीकियां बढ़ीं। पिछले 10 सालों से दोनों का मिलना जुलना लगा रहा। इस दौरान शारीरिक संबंध भी बने। इस बीच जब भी वह शादी की बात करती, तो प्रेमी मना कर देता था। अब उसने शादी का ज्यादा ही दवाब बनाया तो वह मारपीट करने लगा। पीड़िता ने युवक पर 10 साल से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

### अवैध कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**निघासन-खीरी**। होली के त्योहार को मद्देनजर नजर रखते हुए सीओ निघासन संजय नाथ तिवारी ने अवैध कच्ची शराब माफियाओं के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशानुसार कोतवाली क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक निघासन अरुण कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में निघासन पुलिस द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध जबरदस्त अभियान चलाकर पांच अभियुक्तों-जुगाड़ी लाल पुत्र गरीबा निवासी खैरहनी, शीशपाल पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम बल्लीपुर, रमाकांत पुत्र इतवारी, विशाल पुत्र चुन्ना निवासी ग्राम प्रीतम पुरवा तथा छोटेलाल पुत्र भगौती निवासी ग्राम बरोठा को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शीशपाल व छोटेलाल अपने-अपने घर में कच्ची शराब का निष्कर्षण करने में तल्लीन थे, दोनों की तलाशी लेने पर 20-20 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी हुई। अभियुक्त गण जुगाड़ी लाल, रमाकांत एवं विशाल को, जो 50 लीटर शराब के साथ विभिन्न जगहों पर सप्लाई करने जा रहे थे, पुलिस ने कुशल रणनीति बनाकर गिरफ्तार किया। कुल मिलाकर 90 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी हुई है और साथ में 3500 लीटर लहन को भी नष्ट किया गया है जोकि निघासन पुलिस बल की बड़ी कामयाबी है।

### विद्युत करेंट की चपेट में आकर श्रद्धालु की मौत

**संडीला(हरदोई)**। विद्युत करेंट की चपेट में आकर एक श्रद्धालु की दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बलरामपुर के ग्राम सिकंदर बोझी निवासी झिम्मुन अपनी पत्नी और पुत्री के साथ क्षेत्र में चल रही 84 कोसी प्रिक्रमा में भाग लेने के लिए हत्याहरण तीर्थ आए थे। तीर्थ स्थल में स्नान करने के बाद अपने भीगे कपड़ों को सुखाने के लिए झिनमुन बस पर चढ़ गए। बस के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुज़र रही थी। इस विद्युत करेंट की चपेट में आने से झिनमुन की तत्काल मौत को गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### त्याग और बलिदान से ही क्षत्रियों ने इतिहास रचा ... मुनीश सिंह परिहार

**शाहजहांपुर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा संगठन,सृजन ,विस्तार के अंतर्गत विकासखंड मदनापुर के ग्राम फिरोजपुर टुडे के शिव धाम मंदिर परिसर में न्याय पंचायत पदाधिकारियों का प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी शेर बहादुर सिंह ने एब संचालन जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एड0) ने किया सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सम्मेलन के



मुख्य अतिथि पदम सिंह ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मजबूत संगठन का होना अति आवश्यक है जिसमें कुशल नेतृत्व की प्रमुख भूमिका है महासभा हर क्षेत्र के अग्रणी व्यक्तियों को नेतृत्व के लिए आगे लाने का प्रयास निरंतर कर रही है इस मौके पर क्षत्रिय महासभा के जिला प्रभारी पवन कुमार सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज निरंतर जागरूकता की ओर अग्रसर है समाज की प्रवृत्ति बदल रही है क्षत्रिय समाज वैमनस्यता, ईर्ष्या कम होने से हिंसा की प्रवृत्ति भी घटी है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि इसी कारण वह समाज का नेतृत्व करते रहे तथा लोकतंत्र में भी प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं ।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली**। डीजल खरीदने के लिए मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर जा रहे एक किसान को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई ट्रक फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी 45 वर्षीय राजवीर पुत्र सोमपाल कि कल शाम गांव से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राजवीर कल शाम को मोटरसाइकिल से गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए घर से निकला था लेकिन पंप के पास ही उसे एक तेजी से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची राजवीर की मौत हो चुकी थी पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### कक्षा नौ की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली**। परीक्षा छूटने के कारण परेशान छात्रा ने आज सुबह घर में ही दरवाजा बंद करके फांसी लगा ली जिला अस्पताल पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के दुर्गा नगर निवासी ऑटो चालक अशोक कुमार की 14 वर्षीय बेटी साक्षी गंगवार ने आज सुबह खुद को घर के एक कमरे में बंद करने के बाद छत के कुंडे से साड़ी बांध कर फांसी लगा ली जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के पिता ने बताया कि साक्षी घर से कुछ ही दूरी पर स्थित सूरजमुखी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी लेकिन वह साक्षी की फीस लंबे समय से नहीं दे पाया था जिसके चलते फीस के 25000 रुपए बकाया था और स्कूल प्रबंधन ने साक्षी को परीक्षा में नहीं बैठने दिया और दो परीक्षाएं छूटने के बाद साक्षी मानसिक रूप से परेशान चल रही थी जिसके चलते उसने आज सुबह जब उसकी मां कमलेश घर के आंगन में सफाई कर रही थी उसने मौका मिलते ही खुद को कमरे में बंद कर लिया और छत के पंखे से लटक कर फांसी लगा ली मां ने जब उसे दरवाजा बंद करते देखा तो पिता अशोक को सूचना दी जो उसने दरवाजे को तोड़कर फांसी पर लटक रही साक्षी को नीचे उतारा और इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

# शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाएं होली का त्यौहार: डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी होलीए शब ए बरात, नवरात्रि, रमजान के पर्व के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा की उपस्थित में आयोजित हुई। डीएम ने कहा कि यद्यपि अपना जनपद अत्यन्त शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के वातावरण का प्रतीक है फिर भी हमें अति आत्मविश्वास से बचना होगा तथा होली सहित सभी महत्वपूर्ण त्यौहारों



को बेहतर ढंग से मनाने व फीडबैक प्राप्त करने के लिए इस बैठक की महत्ता काफी अधिक है। सर्तकता ही बचाव है, आपसे प्राप्त फीडबैक हमें इन त्यौहारों पर अपनी योजनाएं बनाने में काफी उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह होली के त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें तथा आवश्यक स्थानों पर पुलिस तैनात रहेगी। किसी भी दशा में किसी भी स्तर के अधिकारी की लापरवाही अक्षम्य होगी। कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थो एवं शराब की दुकानों पर प्रशासन की नजर रहेगी। विद्युत व पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जायेगी साथ ही यातायात व्यवस्था को भी ध्यान में रखा जायेगा। एसपी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खीरी की जनता हमारी प्रत्येक मुहिम में बढ़-चढ़ कर सहयोग प्रदान करती है जिससे सिद्ध होता है कि यहां की जनता प्रशासन के लिए समस्या के बजाय समाधान का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की गई है कि हम शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में होली सहित सभी महत्वपूर्ण त्यौहार मना सकें।

# लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने दी होली की सौगात

संवाददाता। सीतापुर

## 20 करोड़ 92 लाख 7 हजार रूपए से बनेगी चौड़ी सड़क, करीब तीन रूपए हुए जारी

## महोली, हरगांव, भदफर मार्ग पर होगा काम

## करीब साढ़े 9 कि.मी. सड़क का होगा चौड़ीकरण

**क्रोमा**-योगी सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सीतापुर के गांजर वासियों के लिए होली की बड़ी सौगात दी है। धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके वर्तमान में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद इस क्षेत्र के महोली और हरगांव से होते हुए गांजर के विकास हेतु हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। यही वजह है कि अपने प्रयासों ने उन्होंने गांजरी इलाके को होली के अवसर पर एक सड़क की सौगात दी है। इस संबंध में शासन के उपसचिव राजेश प्रताप सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सड़क चौड़ीकरण और सुदृणीकरण का यह कार्य महोली, हरगांव, भदफर मार्ग के किलोमीटर संख्या 53 से रमनाफार्म, महादेव अटरा होते हुए देईरामा चौराहे तक कराया जाएगा। इसकी लंबाई करीब साढ़े 9 किलोमीटर होगी। इस कार्य में आने वाले खर्च की लागत 20 करोड़ 92 लाख 7 हजार रूपए तय की गई है। इसमें से 2 करोड़ 9 लाख 20 हजार जारी भी कर दिए गए है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार यह कार्य पूर्ण होने से उन्हें आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी। साथ ही सड़क चौड़ीकरण होने के चलते माल ढुलाई के लिए बड़े वाहनों का आवागमन भी आसान हो जाएगा।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें:डीएम

संवाददाता। शाहजहांपुर

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों व समस्याओं को सुना तथा उनका गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील तिलहर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुयीए जिसमें से 07



प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर यह निर्देश दिया कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्यतः राजस्वए आपूर्तिए पुलिसए कृषि विभागए दिव्यांगजन सशक्तीकरणए समाज कल्याणए कृषि आदि विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। पारिवारिक लाभ योजना के लम्बित फार्मो का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये तथा जांच कर अनावश्यक रूप से प्रकरण को लम्बित रखने हेतु उत्तर दायी कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी तिलहर को नगर क्षेत्र एवं तहसील परिसर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता हैए जिसके क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए।

# पेज एक का शेष

## डीडीए ने...

हाउस और मेसर्स दिल्ली टेस्ट हाउस, डीडीए के सभी संबंधित अधिकारियों और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जीवन को खतरे में डालने और दूसरों की सार्वजनिक सुरक्षा और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए।

## सिसोदिया को...

थी। हालांकि, अदालत ने फिलहाल सिसोदिया की सीबीआई हिरासत दो दिन के लिए ही बढ़ाई। सिसोदिया के वकील ने सीबीआई की याचिका का विरोध किया। वकील ने कहा कि जांच पूरी करने में एजेंसी की अक्षमता हिरासत का आधार नहीं हो सकती और उन्हें खुद को दोषी मानने के लिए नहीं कहा जा सकता है। सिसोदिया ने कहा कि सहयोग नहीं करना हिरासत का आधार नहीं हो सकता है और उन्होंने हिरासत के अनुरोध संबंधी सीबीआई की याचिका का विरोध किया। सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने कहा, सहयोग नहीं करना हिरासत का आधार नहीं हो सकता। वे यह नहीं कह सकते कि हम उनके अपराध कबूल करने तक इंतजार करेंगे। उन्हें जांच पूरी करनी चाहिए थी। जांच पूरी करने में उनकी अक्षमता हिरासत का आधार नहीं हो सकती।

## अयोध्या विकास...

अयोध्या मस्जिद की परियोजना को मंजूरी दे दी है। कुछ विभागीय औपचारिकताओं के बाद स्वीकृत नक्शे कुछ दिन में इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन को सौंप दिए जाएंगे। ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने बताया कि सभी मंजूरी मिलने के बाद एक बैठक की जाएगी और मस्जिद के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। हुसैन ने कहा कि हमने 26 जनवरी, 2021 को मस्जिद की नींव रखी थी, हमने इस दिन को अयोध्या मस्जिद की नींव रखने के लिए चुना क्योंकि सात दशक पहले इसी दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और पुस्तकालय के निर्माण की मंजूरी के लिए जुलाई 2020 में अयोध्या विकास प्राधिकरण में आवेदन किया गया था। गौरतलब है कि नौ नवंबर, 2019 को एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का आदेश दिया था और सरकार से जिले में एक प्रमुख स्थान पर मस्जिद के निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन आवंटित करने को कहा था।

## ऑस्ट्रेलिया में...

मंदिर में भी इसी तरह तोड़फोड़ की गई थी। 12 जनवरी को मेलबर्न के स्वामीनारायण मंदिर को असामाजिक तत्वों ने भारत विरोधी नारों से विरूपित कर दिया था। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों के खिलाफ तोड़फोड़ की बार-बार निंदा की है और ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ इस मुद्दे को उठाया है।

## केंद्र सरकार...

एक बार फिर मौजूदा नई पेंशन योजना में संशोधन करने का अनुरोध करते हैं ताकि केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिल सके।

## इंफ्लुएंजा-ए...

मरीजों में बुखार, 86 फीसदी को खांसी, 27 फीसदी को सांस फूलना, 16 फीसदी को गले में घरघराहट की समस्या पाई गई। आईसीएमआर की निगरानी में पाया गया कि 16 फीसदी रोगियों को निमोनिया और 6 फीसदी को दौरे पड़ने की शिकायत मिली। आईसीएमआर के अनुसार, एच3एन2 के गंभीर मरीजों में से करीब 10 फीसदी को ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और 7 फीसदी मरीजों को आईसीयू में ले जाने की जरूरत पड़ी।

## एंटीबायोटिक के...

चलते भी सांस की नली में संक्रमण के मामले देखे जा रहे हैं। आईएमए ने लोगों को लक्षण देखकर ही इलाज करने की सलाह दी है साथ ही एंटीबायोटिक्स से बचने की सलाह दी है. ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी ताकत बनने लगती है। आईएमए का कहना है कि दवाएं लेने से पहले जांच करना इसलिए जरूरी है कि संक्रमण बैक्टीरिया के चलते है भी या नहीं।

# त्योहारों पर संडीला की गंगा जमुनी तहज़ीब रखें कायम: एसडीएम

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**कोतवाली** में आहूत शांति कमेटी की बैठक में बोलते हुए नवागंतुक एसडीएम दिव्या मिश्रा ने कहा कि संडीला की गंगा जमुनी तहज़ीब के बारे में उन्होंनें काफी जानकारी प्राप्त की है। होली और शब ए बारात के मौके पर यहां परंपरा कायम रहनी चाहिए। शांति कमेटी की बैठक में नगर पालिका परिषद के एक दर्जन से अधिक निवर्तमान सभासदों, ग्राम प्रधानों तथा प्रबुद्ध नागरिकों के बीच बोलते हुए मिश्रा ने कहा कि सभी त्यौहार प्रेम और भाईचारा बढ़ाने की भावना से मनाए जाते हैं और संडीला की तो गंगा जमुनी तहज़ीब बहुत मशहूर है। त्यौहारों पर इस एकता और भाईचारे को न केवल बनाए रखने बल्कि उसे और अधिक मजबूत किए जाने की जरूरत है। एसपी अंकित मिश्रा ने कहा कि सभी लोग त्यौहारों को शांति और भाईचारे से मनाएं। किसी प्रकार का हुड़दंग अथवा समुदायों के प्रति वैमनस्य बढ़ाने वाली कोई बात नहीं की जानी चाहिए और यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर अथवा अन्य किसी कारण से हुड़दंग, हंगामा अथवा लड़ाई झगड़ा करता है तो समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों की जिम्मेदारी है कि इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई ही जाएगी। इसी अवसर पर पूर्व चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री ने होलिका दहन स्थलों की सफाई तत्काल कराने की मांग की, जबकि निवर्तमान सभासद हसन मक्की ने शब ए बारात के मौके पर मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों के आसपास सफाई और रोशनी की व्यवस्था कराने की मांग की। इन मांगों पर एसडीएम दिव्या मिश्रा ने अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ता को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं होली

● अराजकता फैलाने वालों से सख्ती से निपटे पुलिस-वृंदा शुक्ला

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार को होली के त्यौहार एवं शबे बरात के त्यौहार को लेकर हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक कोतवाली कर्वी में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सभी समुदाय के लोगों से कहा कि पुलिस व प्रशासन की तरफ से त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई है। पर्याप्त पुलिस बल की भी व्यवस्था लगाई गई है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि सभी स्थानों पर अच्छी साफ सफाई व्यवस्था कराएं। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति लगातार बनी रहे, जहां पर समस्या हो वहां पर टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। विद्युत व्यवस्था भी निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सभी अस्पताल खुले रहें तथा एंबुलेंस को भी संचालित करते रहे, सभी जगह चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहें कहीं पर कमी नहीं होना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि आप लोग जो जनपद में शांति पूर्वक त्योहारों को मनाते आ रहे हैं, उसी प्रकार इस त्यौहार को भी आपसी सौहार्द के साथ मनाएं, जन जागरूकता करें कि कोई भी व्यक्ति जहरीली शराब का सेवन न करें तथा जहरीली शराब के बारे में अगर आप लोगों को जानकारी हो तो तत्काल पुलिस व प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उस पर कार्यवाही की जा सके। त्यौहार के दौरान कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए। सभी समाज के लोग इस पवित्र त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाएं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था लगाई गई है। कोई भी व्यक्ति किसी के बिना मर्जी के रंग अबीर नहीं डालेगा खासकर महिलाओं एवं अन्य समुदाय के व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए त्यौहार को सौहार्द के साथ मनाएं। कोई भी शरारती तत्व अगर किसी भी तरह की अनर्गल चेष्टा करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# फलफूल रहा मप्र से मौरम की ओवरलोडिंग की ढुलाई का धंधा

संवाददाता। उरई (जालौन)

● बंगरा में एक स्थान पर लगाया गया अवैध तरीके से मौरम का डम्प

**मप्र** से ओवरलोड मौरम भरे वाहनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि अब मप्र से जो भी वाहन ओवरलोड मौरम भरकर आ रहे हैं वह मौरम को तिरपाल से ढाककर लेकर आ रहे है। बंगरा तिराहे पर भोर के तीन बजे से ही सुरक्षित ओवरलोड वाहनों की निकासी कराने के लिये रैकी का काम शुरू हो जाता है। जब तक जिम्मेदार अधिकारी नींद से जागते हैं तब तक ओवरलोड मौरम भरा वाहन जनपद की सीमा से सहजता से निकल जाता है।

पिछले वर्ष जिला प्रशासन द्वारा मप्र से आने वाले ओवरलोड व बगैर एमएम 11 के मौरम भरे वाहनों की धरपकड़ का अभियान चलाया तो तीन दर्जन से अधिक वाहन पकड़े गये थे। जिन्हें सीज कर दिया गया था। लेकिन अब रात्रि होते ही मप्र से ओवरलोड मौरम का धंधा फिर से शुरू हो गया है। मौरम माफियाओं ने कई स्थानों पर अधिकारियों की रैकी करने के लिये अपने गुर्गो को जिम्मेदारी सौंपी है जो भोर के 3 बजे अपने आवासों से निकलकर बंगरा तिराहे पर खड़े नजर आते हैं। सूत्रों की मानें तो ओवरलोड मौरम भरे वाहनों की सुरक्षित निकासी के लिये बंगरा पुलिस चौकी की मिलीभगत होने की चर्चायें आमजन की जुबान से सुनी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर किया जाये समाधान : सीडीओ

**जालौन (उरई)।** संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निस्तारण करें। इनके निस्तारण की गुणवत्ता की जांच मुख्यमंत्री कार्यालय से लगातार की जा रही है। अगर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं हुआ तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफकार्रवाई हो सकती है। कार्यवाही न हो इसलिए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें। यह बात सीडीओ ने तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को दिए। तहसील समाधान में आयोजित समाधान दिवस में सीडीओ अभय कुमार श्रीवास्तव ने शिकायतों को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शिकायत के मौके पर जाकर तथा शिकायतकर्ता को जानकारी देकर इनका निस्तारण 5 दिन में करा दें। जिससे बार बार आने वाली शिकायतों पर रोक लग सके। समाधान दिवस में 12 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमें मंडी की 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा सर्वाधिक राजस्व विभाग की 7, पुलिस विभाग की 3, बिजली व सिंचाई विभाग की 1-1 शिकायत पंजीकृत हुई। इस मौके पर सीओ उमेश पांडेय, तहसीलदार बलराम गुप्ता, बीडीओ संदीप यादव, ईओ सीमा तोमर, जेई जलसंस्थान आलोक श्रीवास्तव, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार, डॉ. राजीव दुबे, जेई बिजली पैथनीराम, एडीओ मनीष निरंजन, एसएसआई आनंद कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरसी जमा न करने वाले 18 उपभोक्ताओं के काटे गये कनेक्शन

**जालौन (उरई)।** एक लाख से अधिक के बकाएदारों की आरसी कटने के बाद भी बकाएदार बिजली जला रहे थे। ऐसे बिजली विभाग की टीम ने ऐसे 18 लोगों के कनेक्शन काट दिए। बिजली विभाग के एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी की टीम ने नगर में बकाएदारों के खिलाफअभियान चलाया। इस दौरान 1 लाख से 6 लाख रुपये तक के बकाएदारों के खिलाफअभियान चलाया गया। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली विभाग के बिल जमा न करने वाले लोगों के कनेक्शन काट दिए गए थे। इसके बाद भी जब उनके द्वारा बिल जमा नहीं किया गया। तो उनकी आरसी काट दी गई थी। शनिवार को ऐसे व्यक्तियों के यहां चेकिंग की गई। जिनमें फरीदा, बसीम अहमद, आदित्य कुमार, कैलाश, भानू, प्रहलाद आदि समेत 18 लोग आरसी जारी होने के बाद भी चोरी से बिजली जलाते हुए मिले। इन सभी लोगों के कनेक्शन काट दिए गए हैं। साथ ही इनके खिलाफप्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

### होली पर्व की सामग्री पाकर खिले दिव्यांग छात्र

**फतेहपुर।** होली में रंगो की बहार हो, हर दिल में प्यार हो, हर चेहरे में खुशी हो, ऐसा अपना होली का त्योहार हो। इस भाव को अंतर्मन में रखकर शनिवार को प्रातः 11 बजे डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में समाजसेवी यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खंभापुर के दिव्यांग बच्चों के बीच होली की खुशियां बांटी। सर्वप्रथम डॉ. अनुराग ने सभी बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधि खिलाई तत्पश्चात डॉ अनुराग के पुत्र अर्णव व पुत्री अनुष्का ने सभी बच्चों को गुलाल लगाकर पिचकारी, अबीर के पैकेट, रंग एवं खाद्य सामग्री में गुझिया, समोसे, केला, संतरे, बिस्कुट इत्यादि का वितरण कर सभी होली की बधाई दी। बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश हुए। इस अवसर पर वार्डेन मनीष यादव, चेतन यादव सहित प्रमुख सहयोगी शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### दो महिलाओं ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत युवती समेत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के मुरादीपुर गांव निवासी रामबरन की पुत्री काजल ने शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार सुल्तानपुर घोष कस्बा निवासी अहमद अली की 35 वर्षीय पत्नी रोशनी ने मामूली विवाद के चलते डाई पीकर जान देने की कोशिश की। कुछ समय बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने काजल की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया।

### सड़क हादसे में तीन घायल

**फतेहपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुये सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगांव थाना क्षेत्र के चुरियारा गांव निवासी रामकुमार का 32 वर्षीय पुत्री दिलीप बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के महाऋषि निवासी गुड्डू का 23 वर्षीय पुत्र शिवकामादू मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। उधर जाफरगंज कस्बा निवासी गुड्डा का 32 वर्षीय अमित सड़क हादसे में चोटहिल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### कुठौंद ब्लाक प्रमुख ने बीडीओ की शिकायत डीएम से की

**कुठौंद (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती प्रेमलता द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या पर भ्रष्टाचार करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि बीडीओ मनरेगा की सामग्री भुगतान में 60-40 के अनुपात के संबंध में अवगत कराया कि खंड विकास अधिकारी कुठौंद के द्वारा ग्राम पंचायत कुरेपुरा कनार में 60-40 का अनुपात न होते हुए भी लगभग 13 लाख का भुगतान कर दिया गया है। जबकि विकासखंड की अन्य ग्राम पंचायतों में अनुपात सही होते हुए भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख का कहना था कि बीडीओ स्वेच्छाचारिता पूर्ण कार्य कर बेवजह विकास कार्यों में अड़ंगा डालकर ग्रामीणांचल के विकास कार्यों को अवरुद्ध कर रही है।

### चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का आरोपी को गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन)।** कुठौंद थाना द्वारा एसपी डा. ईराज राजा एवं क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे के निर्देशन में थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग दौरान संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तारी एनबीडब्ल्यू संदिग्ध अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना पुलिस द्वारा श्याम सिंह उर्फ आशीष पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम चिटकेयन पुरवा थाना दिबियापुर जनपद औरैया उम्र करीब 28 वर्ष को चोरी के 700 रुपए के साथ मदारीपर हिराहे से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक रिंकू चौधरी, उप निरीक्षक विनीत कुमार, कांस्टेबल अंशुल आदि ने गिरफ्तार किया के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी आसपास के थानों व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है इससे पहले भी थाना अध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में कई गैंगस्टर एवं वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिससे थाना क्षेत्र में शांति व्याप्त हैं।

### दो दर्जन से अधिक लोगों ने बसपा का दामन थामा

**फतेहपुर।** बहुजन समाज पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत अस्ती वार्ड में सेक्टर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर दो दर्जन से अधिक लोगों ने बसपा का दामन थाम लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता नीला परचम फहराने के लिए तैयार है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुरलीधर गौतम ने की।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार को तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के लिए निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि शासन से निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है, जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए, उस निस्तारण के संबंध में संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि होली के त्यौहार एवं शवे बरात को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं अपने-अपने क्षेत्र में दुरुस्त करा ले ताकि त्यौहार के दिन कोई समस्या न हो, त्योहारों को सतर्क दृष्टि रखते हुए सकुशल संपन्न कराना हम आपका दायित्व है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी पी के त्रिपाठी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एस के शुक्ला, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, खंड विकास अधिकारी कर्वी आस्था पांडेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अतीक अहमद का फतेहपुर से गहरा कनेशन

संवाददाता। फतेहपुर

● चांद बाबा, छम्मन और जग्गा से शुरू हुई कहानी पप्पू गंजिया अतीक और उसके भाई अशरफ, गुड्डू मुस्लिम से जुड़ती है कड़ी

● माफिया कनेक्शन से बहुरे स्थानीय करिंदो के दिन, जुटाई अकूत संपत्ति

**जनपद** मुख्यालय के एक चर्चित इलाके से प्रयागराज के बाहुबली माफिया अतीक अहमद एवं उसके खास गुर्गों का गहरा ताल्लुक रहा है। चांद बाबा, छम्मन और जग्गा से शुरू हुई कहानी पप्पू गंजिया, अतीक और उसके भाई अशरफ, गुड्डू मुस्लिम तक की कड़ी को सलीके से जोड़ती है! इसमें कुछ स्थानीयों का किरदार भी खासा महत्वपूर्ण रहने की बात कहीं जाती रही हैं!

उल्लेखनीय है कि जनपद में भी बाहुबली अतीक के मददगारों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गहराई से मंथन शुरू हो गया है। फतेहपुर में अतीक के मददगारों की सूची तैयार करने के साथ उनकी संपत्तियां भी चिह्नित की जा रही हैं। चिन्हित सम्पतियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण के साथ जब्तीकरण की कार्रवाई संभावित है। अतीक के नजदीकीयो के आपराधिक रिकार्ड के साथ उन्होंने पैसा कहां से कमाया इसका भी विवरण तैयार हो रहा है। इस सम्बंध में विवरण तैयार करने में कई खुफिया एजेंसियां सक्रिय होने की संभावनाएं बलवती है। गौरतलब है कि फतेहपुर से माफियाओं की कहानी वास्तव में तो शुरू होती है दहाना के हाईप्रोफाइल कनेक्शन से किन्तु लगभग चार दशक पूर्व इस पर रंग चढ़ा चांद बाबा की इंट्री से! जानकर बताते हैं कि अस्सी के दशक में एक बड़े मामले को लेकर इलाहाबाद के माफियां चंदबाबा को फतेहपुर शहर के चौक – लल्लू मियां की कोठी के बीच एक चर्चित इलाके में शरण लेना पड़ा था, जुड़ाव बेहद रिस्की था किन्तु कई हफ्तों तक चांद बाबा को छिपया गया था। माफिया कनेक्शन की मूल शुरुआत एहसान स्वरूप यहीं से होने का हवाला मिलता हैं! उसके बाद जब कभी इलाहाबाद में पुलिस का दबाव बढ़ता तो छम्मन और जग्गा जैसे पेशेवर अपराधियों को भी यहां आश्रय मिला!

ज्ञातव्य रहे कि शुरुआती दिनों में तो इलाहाबादी माफिया चांदबाबा और अतीक अहमद (चकिया) के बीच छत्तीस का आंकड़ा था किन्तु बाद में जब चांदबाबा का अन्त हुआ तो प्रयागराज के एक फेमस बिरियानी वाले के जरिए अतीक अहमद की स्थानीय उन चर्चित लोगों में पैठ हो गई जहां कभी चांदबाब को शरण मिलती थीं। इस बीच इलाहाबाद के चर्चित मवाली पप्पू गंजिया ने फरारी के दौरान फतेहपुर में बैठकर अपना आतंक का साम्राज्य संचालित किया, जिसको लेकर कुछ एक मौकों पर पुलिसिया कार्यवाही भी हुई किन्तु वह हाथ नहीं लगा। अब तक मोहल्ले स्तर के स्थानीय इन मवालियो के भी अपराधिक प्रभुत्व की दुनियां में कुछ हद तक दिन बहुरने शुरु हो गए थे! साथ ही अतीक से कनेक्शन के बाद दिन दूनी रात चौगुनी बरक्कत होने की चर्चाएं आम तो रही किन्तु सरकार, शासन और प्रशासन में माफिया की हनक ने अतीक के इन गुर्गों को कभी भी सीधे निशाने पर नहीं लिया गया! समय बदला और अतीक के इन स्थानीय करीबियों ने पड़ोसी जनपद कानपुर की ओर रुख किया। वहां पर पहले प्रयागराज के चर्चित उस्मानी बिरियानी वाले ने अपने संबंधों के चलते उंगली पकड़वाई फिर कुछ हद तक सोलंकी परिवार ने हनक बनवाई तो काफी कुछ अतीक का प्रभाव वहां भी काम आया, और स्थानीय अनुभव काफी आगे ले गया। नतीजतन अकूत संपत्ति जुटाने की पटकथा लिखीं गई।

क्योंकि अतीक के इन गुर्गों के अच्छे दिन सिर चढ़कर बोल रहें थे, ऐसे में अतीक अहमद के भाई अशरफ गुड्डू मुस्लिम से नजदीकियां कभी कम नहीं हुई। स्थानीय एक शादी समारोह में असरफ की सलीके से सहभागिता की वीडीओ क्लिप, अशरफसे जेल में मिलाई, गुड्डू मुस्लिम को पनाह के कई प्रमाण भी जांच एजेंसियों के हाथ लगने से प्रयागराज के माफिया के साथ-साथ उसके स्थानीय इन करिंदो की मुश्किलें बढ़ सकती हैं! इन स्थानीय करिंदों का अतीक कनेक्शन और इनके धन बल की कुण्डली भी खंगाले जानें की बात कहीं जा रही है।

अब देखना यह है कि बाबा के शासन में क्या कोई कार्यवाही हो पाती है या फिर सेटिंग- गेटिंग से आगे भी काम चल जाता है!

# बुन्देलखंड के एडीएफ ने की जांच, प्रबंधन पर होगी कड़ी कार्रवाई

● मजदूरों को सुरक्षा कवच न मिलने से आय दिन हो रही है घटनाएं

संवाददाता। हमीरपुर



**हमीरपुर** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में कल देर रात हुये विस्फोट का निरीक्षण करने आज बुन्देलखंड के प्रभारी उपनिदेशक(कारखाना) ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया, निरीक्षण में मजदूरों को कार्य करते समय सुविधा मुहैया न कराने पर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा है।

उपनिदेशक कारखाना(एडीएफ)सचिन यादव ने शनिवार का सुमेरपुर स्थित फैक्ट्री में जाकर औचक निरीक्षण किया, फैक्ट्री मे कल देर रात लोहा गलाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट के चलते चरण सिंह निवासी ग्राम बदनपुर,जितेंद्र यादव निवासी पंधरी, अरविंद निवासी ग्राम बांकी,छोटे निवासी ग्राम दपसौरा गंभीर रुप से झुलस गये। कई घंटे तक मजदूरों का इलाज नही कराया गया,मजदूरों ने जब हंगामा किया तब प्रबंधन ने एम्बुलेंस से घायल मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिनकी हालत ठीक बतायी जाती है। जानकारी होने पर उपनिदेशक (कारखाना)सचिन यादव ने कानपुर से सीधे सुमेरपुर जाकर फैक्ट्री का निरीक्षण किया,कानपुर के एडी के पास चित्रकूट व झांसी मंडल का चार्ज है। उनके साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी हमीरपुर असद खान व अन्य लोग उपस्थित रहे। उपनिदेशक ने आज बताया कि जांच में तमाम अनियमितताएं पायी गयी है,मजदूरों को भट्टी में कार्य करते समय बचाव के लिये यूनीफार्म,अप्रेन,शूज नही दिये जाते न ही फैक्ट्री एक्ट के तहत मजदूरों से काम लिया जाता है। श्री यादव ने बताया कि इस मामले की जानकारी शासन को दी जायेगी। और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। उपनिदेशक ने फैक्ट्री से मजदूरों के साथ बातचीत की और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

# फिर पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा सप्लायर युवक, भेजा गया जेल

**जालौन ( उरई )।** मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। कोतवाली पुलिस ने ग्राम खर्रा के तिराहे से 4 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र में चल रही मादक पदार्थों की बिक्री को रोकने के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गयी है। 2 दिन से पुलिस गांजा का व्यापार करने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद कुमार, एसआई ओमकार सिंह, रानी गुप्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खर्रा के तिराहे से गांव के निवासी करन पटेल को पकड़ा। पकड़े गये युवक के पास से पुलिस ने 4 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। सीओ उमेश पांडेय ने बताया युवक गांजा का व्यापार करता है। युवक गांजा को बेचने के इरादे से जा रहा था।

# महिला प्रधान अंशिका गौतम ने उपचुनाव में दोबारा जीत हासिल की

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



**विकासखंड** क्षेत्र के ग्राम परछछ में सम्पन्न हुए उपचुनाव में दोबारा चुनी गई महिला प्रधान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 57 मतों से पराजित किया। दोबारा जीत हासिल करने वाली महिला प्रत्याशी आंशिका गौतम ने गांव की जनता को बधाई दी तो वहीं चुनाव अधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। विकासखंड मौदहा के परछछ ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए उपचुनाव के लिये मतगणना का कार्य चुनाव अधिकारी रामसागर चौरसिया व सह चुनाव अधिकारी संजीव कुमार की देखरेख में प्रारंभ हुआ मत आठ प्रत्याशियों ने चुनाव में प्रतिभाग किया था, जिसमें प्रत्याशी उदित नारायण को एक वोट भी नहीं मिल सका और उन्हें शून्य में ही संतोष करना पड़ा इसी तरह सुरेश कुमार मात्र दो ही मत मिल सके। वहीं जीती हुई महिला प्रधान की मां विजेता देवी को जनता ने 13 मत मिले। रामसूरत को 911 मत पा सका पर वह जीत के लक्ष्य से केवल 57 मतों से पीछे रह गया और उन्हें पूर्व में प्रधान रही अंशिका गौतम के चुनाव चिन्ह इमली ने पराजित कर दिया जिन्हें 968 वोट मिले और चुनाव अधिकारी ने उन्हें विजयी घोषित कर प्रमाण पत्र सौंप दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार व उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विकासखंड में ही अपना डेरा जमा लिया था।

# डीएम की अध्यक्षता में संम्पूर्ण समाधन दिवस, 55 ने दर्ज करायी शिकायतें

**घाटमपुर।** तहसील के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ जिसमें पंहुचे 55 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायते दर्ज करायी वही मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका।



रोस्टर के तहत आज का संम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होना था लेकिन वो दोपहर बाद पंहुचे जिसके चलते पहले उप जिलाधिकारी अमित ओमर ने आये हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी बाद में मुख्य बिकास अधिकारी सुधीर कुमार ने शिकायते सुनी और संवंन्धित बिभाग के अधिकार को जॉच कर कार्यवाही का आदेश देते रहे। दोपहर बाद जिलाधिकारी बिशाख जी अय्यर पंहुचे और आये हुए फरियाादियों की शिकायते सुनी और समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के आदेश अधीनस्तों को दिये उप जिलाधिकारी अमित ओमर ने बताया कि दिवस में 55 शिकायतें आयी है जिसमें राजस्व 29, पुलिस 11 और बीडियो 08 तथा बाकी अन्य बिभागों से संवंन्धित है।

# हिंदू मैरिज एक्ट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का अधिकार : अपर जिला जज

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस तहसील सदर में वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि अपर जिला जज एवम् सचिव एच जे एस ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग का सहयोगी संगठन विधिक सेवा प्राधिकरण है।

संविधान में महिलाओ को पुरुषो के बराबर का अधिकार है।महिलाओ को अपने अधिकार व शक्तियों के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मां के अस्तित्व को कोई चुनौती नहीं दे सकता है क्योंकि हम सब को जन्म देने वाली मां है।महिलाओ पर किए गए अपराध को कोई छिपा नहीं सकता है।वहअपराध एक न एक दिन सामने जरूर आता है।हिंदू मैरिज एक्ट में महिलाओ को पोषण व अवकाश का प्रसूति अधिकार भी है। मेंटीनेंस यानी भरण पोषण का अधिकार भी महिलाओ को न्यायालय के माध्यम से मिलता है। इसी एक्ट में पुत्री को भी शादी होने पर भी मैके की संपति पर बराबर का अधिकार मिलता है और विधवा को भी ससुराल में संपति का अधिकार मिलता है।

महिलाओ को अपने को कमजोर नहीं समझना चाहिए।उनके अधिकारों के लिए न्यायालय के दरवाजे खुले हुए हैं।विशिष्ठ अतिथि तहसीलदार श्रद्धा पांडेय ने कहा कि यह महिला सप्ताह 4 से 11 मार्च तक मनाया जा रहा है।पूरे देश में महिलाओ की आधी आबादी है जिसमे 20 प्रतिशत ही पढ़ी लिखी महिलाए है।

प्राधिकरण के माध्यम से महिलाओ के अधिकारों की लड़ाई निशुल्क लड़ी जाती है।पुलिस भी बिना महिला पुलिस के महिला से कोई पूछताछ नही कर सकती है।

# तहसील दिवस में 120 शिकायतो के सापेक्ष केवल 7 शिकायतों का निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर का समाधान दिवस जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमे 120 शिकायते आई और मौके पर सात शिकायतो का निस्तारण किया गया।जिसमे 55 राजस्व शिकायते,17 शिकायते पुलिस,18शिकायते विकास,2-2 शिकायते विघूत ब चकबंदी,19 अन्य शिकायते आई।

अवशेष शिकायतो को विभिन्न विभागों में निस्तारण के लिए भेज दिया गया।एक शिकायत नगला खरबंदी की प्रधान रीता शाक्य ने सभी सद्स्यो के साथ पूर्व प्रधान सत्यदेव शाक्य द्वारा 2015 में उनकी कार्यकाल में बने ग्राम सचिवालय में कब्जा कर लेने से संबन्धित रही। डी एम ने कार्यवाही को आदेश किया है। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणाएसी एम ओ डा अवनींद्र कुमार, एस डी एम संजय कुमार,तहसीलदार श्रद्धा पांडेय सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# शिवपाल ने त्रयोदशी संस्कार में पहुंचकर श्रद्धांजलि दी

संवाददाता। कानपुर देहात



**पूर्व** मंत्री व लगातार तीन बार अकबरपुर रनियॉ विस से विधायक रहे रामस्वरूप सिंह गौर के लम्बी बीमारी के बाद हुये निधन के बाद रूरा कस्बे के पालीवाल लॉन में आयोजित किये गये त्रयोदशी संस्कार में भारी संख्या में पहुॅचे जनप्रतिनिधियो, प्रशासनिक, पुलिस अन्य क्षेत्रीय व कस्बाई संभ्रान्तजनों ने उनके चित्र पर पुष्पॉजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धॉजलि दी। इस मौके पूर्व मंत्री के सुपौत्र नीरज सिंह गौर पूर्व सपा प्रत्याशी अकबरपुर रनियॉ सहित अन्य परिजनों ने विशाल भोज का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में कस्बाई व क्षेत्रीय जनों ने भोजन ग्रहण किया। व्यापक जमीनी आधार के चलते असीम लोकप्रियता प्राप्त रामस्वरूप सिंह गौर विगत 50 वर्षो से रूरा कस्बे की पहचान रहे है, गरीबों व वॅचित वर्ग के लिये उनकी सेवाओं के चलते उन्हें अपार सम्मान व सहयोग प्राप्त हुआ, विधायक व मंत्री बनने के बाद भी रूरा कस्बे में स्थायी रूप से निवास कर उन्होंने रूरा कस्बे से अपना लगाव जगजाहिर किया था, रूरा कस्बे व क्षेत्र के सैकडों गॉवों में व्यक्तिगत पहुॅच व प्रतिष्ठा लगाकार मदद करने के कारण उनके निधन से हजारों लोगों को अपार दुःख पहुॅचा था। शुक्रवार को उनके सुपौत्र पूर्व अकबरपुर रनियॉ विस प्रत्याशी नीरज सिंह गौर व पूर्वमंत्री के परिजनों ने पालीवाल लॉन में त्रयोदशी संस्कार के अवसर पर विशाल विशाल भोज का आयोजन किया, इस अवसर पर विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारियों सहित क्षेत्रीय व कस्बाई जनता ने पूर्वमंत्री के चित्र पर पुष्पॉजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धॉजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रमुख रूप पूर्व कैबिनेट मंत्री व समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता शिवपाल सिंह यादव, पूर्व विधानपरिषद सभापति सुखराम सिंह यादव, भाजपा नेता राजू सिंह, रजोल शुक्ला, रविशशि द्विवेदी, पूर्व सॉसद राजाराम पाल, पूर्व विधायक डा0 आरपी कुशवाहा, पूर्व चैयरमैन संदीप कश्यप रिंकू, जितेन्द्र सिंह गौर काशीपुर,अवनेन्द्रप्रताप सिंह छोटू तोमर, मुकीद, मॅजूर अहमद, रशीद अहमद, चन्द्रभान कुशवाहा, पूर्व चैयरमैन देवप्रताप सिंह गौर, बडे मुनुआ, शेरा सिंह गौर, विनय सिंह, पॅकज सिंह, राजकुमार सिंह, चौ0 भूपेन्द्र सिंह यादव, शालू सिंह भदौरिया, अनुराग भट्ट, सैनूर अहमद, नागेन्द्र सेंगर अमित श्रीवास्तव एडवोकेट, पूर्व एसडीएम अकबरपुर आनन्द कुमार सिंह, सट्टी थानाध्यक्ष विनय कुमार यादव सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय व कस्बाई नागरिक मौजूद रहे।

# हमारा सबसे मजबूत व अनुशासित दुश्मन साम्यवादी चीन : हेली

भाषा। वाशिंगटन



**रिपब्लिकन पार्टी की** ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के सामने अब तक का सबसे मजबूत और अनुशासित दुश्मन साम्यवादी चीन है। रिपब्लिकन पार्टी के शीर्ष वार्षिक कार्यक्रम कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कांफ्रेंस में दिए प्रभावशाली भाषण में भारतीय मूल की अमेरिकी हेली ने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना करते हुए उसे समाजवादी पार्टी बताया। उन्होंने भाषण में अमेरिका की विदेश नीति पर अपना ध्यान केंद्रित किया और कहा कि अमेरिका को उन देशों को मदद नहीं देनी चाहिए जो उससे नफरत करते हैं। उन्होंने हाल में जासूसी गुब्बारे वाली घटना का उल्लेख करते हुए कहा, मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि अमेरिकी नागरिक आसमान में देखेंगे और पाएंगे कि चीन का एक खुफिया गुब्बारा हम पर नजर रख रहा है। यह राष्ट्रीय शर्मिंदगी की बात थी। हेली ने कहा, कोई गलती मत करना : साम्यवादी चीन हमारे सामने सबसे मजबूत और अनुशासित दुश्मन है। हमें चीन को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता है। कोविड से शुरू कीजिए और गिरोहों के बारे में बात करने से पहले हमें यह देखने की जरूरत है कि चीन यह देश है जो हमारी सीमा में फेंटानिल भेज रहा है। हेली (51) ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए मैदान में उतरने की घोषणा की थी। उसके बाद से ही उन्होंने अपनी पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। प्राइमरी चुनाव के दौरान उनका मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। हेली 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अभी तक इकलौती महिला दावेदार हैं। रिपब्लिकन पार्टी की नेता ने कहा, मुझे विश्वास नहीं होता कि (राष्ट्रपति) जो बाइडन चीन को क्यों बगैर सजा छोड़ रहे हैं।

## आसियान के नेतृत्व वाले तंत्र में भारत के योगदान को सदस्यों ने स्वीकार किया हैः कुमारन

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त पी. कुमारन ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) के नेतृत्व वाले कई तंत्रों में भारत के सक्रिय और सकारात्मक योगदान को इसके सदस्य देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने सिंगापुर के चांगी नौसेना अड्डे का तीन-दिवसीय दौरा करने वाले आईसीजीएस समुद्र पहरेदार पोत में शुक्रवार को आयोजित स्वागत समारोह में कहा, भारत के आसियान देशों के साथ गहरे सांस्कृतिक संबंध हैं जो हाल के वर्षों में उज्ज्वल आर्थिक संबंधों और साझा भविष्य की बढ़ती भावना के साथ मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से आसियान के नेतृत्व वाले कई तंत्रों में भारत के सक्रिय और सकारात्मक योगदान को दक्षिण पूर्व एशियाई सदस्य देशों और अन्य देशों ने कई बार स्वीकारोक्ति प्रदान की है।

# अमेरिका, जर्मनी ने रूस पर दबाव बनाने के लिए मिलकर काम किया : बाइडन व शोल्ज

भाषा। वाशिंगटन



**यूक्रेन पर** हमले के विरुद्ध रूस पर दबाव बनाए रखने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज द्वारा अत्यंत गहनता से और मिलकर काम करने की घोषणा किए जाने के बाद दोनों नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति के औपचारिक कार्यालय ओवल ऑफिस में शुक्रवार को एक घंटे से अधिक समय तक बैठक की। एक प्रशासनिक अधिकारी ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि इस बैठक में केवल बाइडन और शोल्ज शामिल हुए तथा उनके शीर्ष सलाहकारों को भी इसमें शामिल नहीं किया गया। बैठक समाप्त होने के बाद बाइडन और शोल्ज बाहर आए और अमेरिकी राष्ट्रपति ने मजाकिया अंदाज में कहा कि दोनों नेताओं ने दुनिया की सभी समस्याएं खुद ही सुलझा ली हैं। बाइडन और शोल्ज के बीच हुई बैठक की आधिकारिक जानकारी में केवल यह बताया गया कि दोनों नेताओं ने युद्ध पर चर्चा की और अन्य वैश्विक मामलों पर अपने विचार साझा किए। बाइडन ने यूक्रेन को अहम सैन्य सहायता मुहैया कराने के लिए जर्मनी को धन्यवाद दिया। हमने यूक्रेन को अहम सुरक्षा सहायता मुहैया कराने के लिए एकजुट होकर काम किया और शोल्ज ने भी अमेरिका-जर्मनी के प्रयासों को लॉकस्टेप (निकटता से मिलकर किए गए प्रयास) बताया। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड और शीर्ष विधि अधिकारियों से मुलाकात की है और रूस के खिलाफ युद्ध अपराधों के मामले में अभियोग चलाए जाने की वकालत की है। जेलेंस्की ने लीव में हुई बैठक के बारे में कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।

## अमेरिका में एक महिला ने अपने पांच बच्चों पर चाकू से हमला किया, तीन की मौत

**इटली (टेक्सास)।** अमेरिका के टेक्सास में एक महिला ने कथित तौर पर अपने पांच बच्चों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें तीन बच्चो की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी सामने आई है। केटीवीटी-टीवी की खबर के अनुसार, टेक्सास के इटली क्षेत्र में स्थित एक घर से शाम करीब चार बजे स्वास्थ्यकर्मियों के पास फोन आया, जिसके बाद दो लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## कतर में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में हिस्सा लेंगे पाक पीएम शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अल्प विकसित देशों (एलडीसी) पर पांचवें संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेने के लिए रविवार से दो दिवसीय यात्रा पर कतर जाएंगे। विदेश कार्यालय ने शनिवार को इस बात की घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि पांच-नौ मार्च तक आयोजित होने वाले सम्मेलन में अल्प विकसित देशों में सतत विकास में तेजी लाने के लिए कदमों पर विचार किया जाएगा, जिससे इन देशों की समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ने में मदद की जा सके। शहबाज को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने आमंत्रित किया है।

## अमेरिका करेगा संस्कृति महोत्सव 2023 की मेजबानी

**वाशिंगटन।** चौथा विश्व संस्कृति महोत्सव अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में आयोजित किया जाएगा। गैर-लाभकारी और मानवतावादी संस्थान आर्ट ऑफ लिविंग ने यह जानकारी दी। ऐतिहासिक नेशनल मॉल में 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस तीन-दिवसीय महासम्मेलन में विश्व के कई नेताओं और दुनिया भर से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। विश्व संस्कृति महोत्सव के पिछले तीन संस्करण बेंगलुरु (2006), बर्लिन (2011) और नई दिल्ली (2016) में आयोजित किए गए थे।

## फ्रेंच आल्पस में 40 बच्चों को लेकर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 21 घायल

**पेरिस।** फ्रेंच आल्प्स की यात्रा के बाद प्राथमिक विद्यालय के 40 छात्रों को घर ले जा रही एक बस शनिवार को एक ढलान से खाई में गिर गई, जिससे चालक और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोर शहर के मेयर फेबियन मुलिक ने बताया कि अठारह बच्चों और एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आईं।

# पाकिस्तान को सर्वाधिक संख्या में आतंकियों को पनाह देने की अनूठी विशिष्टता प्राप्त है : भारत



भाषा। जिनेवा

**भारत ने** पाकिस्तान के दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार को लेकर उसकी आलोचना करते हुए कहा कि इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा घोषित सर्वाधिक संख्या में आतंकवादियों को अपने यहां शरण देने की एक अनूठी विशिष्टता प्राप्त है और इसकी नीतियां विश्व भर में हजारों लोगों की मौत के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। जिनेवा में, शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के बयान पर जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए भारत ने कहा कि जब यह (पाकिस्तान) पूरी तरह से अपने आवाम का दमन नहीं कर रहा होता है, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय आतंकियों को पनाह देने और उकसाने में अपनी पूरी ऊर्जा सक्रियता से झोंकता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में सचिव सीमा पुजानी ने कहा, इसे (पाकिस्तान को) यूएनएससी द्वारा घोषित सर्वाधिक संख्या में आतंकवादियों और आतंकी संगठनों की मेजबानी करने की अनूठी विशिष्टता प्राप्त है। ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान की शीर्ष सैन्य अकादमी के ठीक सामने स्थित एक परिसर में छिपा हुआ था। इसकी सुरक्षा एजेंसियों ने हाजिफ सईद और मसूद अजहर को दशकों तक सहायता मुहैया की और पनाह दी। उन्होंने पाकिस्तान के बयान के जवाब में कहा, आतंकवाद को समर्थन देने के पाकिस्तान के इतिहास के ए कुछ दुर्दांत उदाहरण भर हैं। पाकिस्तान की नीतियां विश्व भर में हजारों लोगों की मौत के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। पुजानी ने कहा कि जब पाकिस्तान की आबादी अपने जीवन, आजीविका और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रही है, ऐसे में इस पड़ोसी देश का भारत के प्रति यह रवैया वहां की सरकार की गुमराह प्राथमिकताओं का संकेत है। न्होंने कहा कि इसके नेताओं और अधिकारियों को भारत के खिलाफ बेबुनियाद दुष्प्रचार करने के बजाय अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल अपने लोगों के फायदे के लिए करना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी के अनुचित संदर्भों को खारिज किया

**जिनेवा।** भारत ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर को लेकर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के अवांछित संदर्भों को खारिज कर दिया और पाकिस्तान को नई दिल्ली के खिलाफ नापाक एजेंडा चलाने के लिए अपने मंच का इस्तेमाल करने देने के लिए उस पर निशाना साधा। मानवाधिकार परिषद के 52वें सत्र के उच्च स्तरीय खंड में जवाब देने के अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए जिनेवा में भारत के स्थाई मिशन की प्रथम सचिव सीमा पुजानी ने ओआईसी प्रतिनिधि द्वारा दिए गए बयान को सिरे से खारिज कर दिया। पुजानी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ओआईसी के बयान के संबंध में, हम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के अनुचित संदर्भों को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख का पूरा क्षेत्र भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। पाकिस्तान ने भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। पुजानी ने कहा, अपने सदस्य पाकिस्तान को आतंकवाद को छोड़ने और भारतीय क्षेत्र पर अपना कब्जा हटाने के लिए कहने के बजाय, ओआईसी ने पाकिस्तान को नई दिल्ली के खिलाफ नापाक एजेंडा चलाने के वास्ते अपने मंच का इस्तेमाल दिया है। भारत ने पहले जेद्दा स्थित ओआईसी की भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए उसकी आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा है कि ओआईसी पहले ही सांप्रदायिक, पक्षपातपूर्ण और मुद्दों पर तथ्यात्मक रूप से गलत दृष्टिकोण अपनाकर अपनी विश्वसनीयता खो चुका है।

## बाइडन के सीने से निकाला गया घाव कैंसरयुक्त था : चिकित्सक

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन के सीने से पिछले महीने हटाया गया त्वचा का एक घाव कैंसरयुक्त था। उनके डॉक्टर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के डॉक्टर केविन ओ कोनोर ने बताया कि 16 फरवरी को राष्ट्रपति की शारीरिक जांच के दौरान सभी कैंसरयुक्त ऊतक सफलतापूर्वक हटाए गए। उन्होंने बाइडन (80) को व्हाइट हाउस की अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए पूरी तरह स्वस्थ करार दिया। डॉक्टर ने बताया कि बाइडन के सीने से जिस जगह से घाव निकाला गया वह पूरी तरह ठीक हो गई है और राष्ट्रपति त्वचा की नियमित जांच कराते रहेंगे। उनकी छाती से जो घाव निकाला गया वे बेसिल कोशिकाएं थीं। बेसिल कोशिकाएं कैंसर की सबसे आम और आसानी से ठीक होने वाली कोशिकाएं हैं। ओ कोनोर ने बताया कि ए अन्य कैंसर की तरह अधिक तेजी से फैलती नहीं हैं लेकिन इनका आकार बड़ा हो सकता है इसलिए इन्हें हटा दिया जाता है। यह कैंसर धूप के संपर्क में आने से फैलता है। ओ कोनोर ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपनी युवावस्था के दौरान धूप में काफी समय बिताया था।

## यरूशलम के पवित्र तेल से किया जाएगा चार्ल्स का राज्याभिषेक

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स के छह मई के आधिकारिक राज्याभिषेक के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले तेल को यरूशलम के चर्च ऑफ द होली सेपल्चर में एक समारोह में पवित्र किया गया है। बकिंघम पैलेस ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार्ल्स-तृतीय के औपचारिक राज्याभिषेक के दौरान लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में आयोजित होने वाले धार्मिक समारोह के हिस्से के रूप में 74-वर्षीय महाराजा के सिर, छाती और हाथों पर प्रतीकात्मक तौर पर पवित्र तेल का स्पर्श कराया जाएगा। उनकी पत्नी कैमिला का भी उसी पवित्र तेल से रानी के तौर पर अभिषेक किया जाएगा। पैलेस ने कहा कि मैरी मैग्डलीन मोनास्ट्री और पश्चिमी एशिया में मोनास्ट्री ऑफ असेंशन में माउंट ऑफ ओलिव्स से काटे गए दो पेड़ों से यह पवित्र तेल तैयार किया गया है।

## चीन ने रक्षा बजट में वृद्धि के संकेत दिए

**बीजिंग।** चीन ने अपने वार्षिक संसद सत्र से पहले जटिल सुरक्षा चुनौतियों का हवाला देते हुए शनिवार को अपना रक्षा बजट बढ़ाने का संकेत दिया। संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री ली कचियांग के उत्तराधिकारी के नाम समेत नए मंत्रियों की जानकारी सामने आ सकती है। शीर्ष सलाहकार निकाय चाइनीज पीपुल्स पॉलिटिकल कन्सल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) की बैठक के साथ ही शनिवार को चीनी संसद का बजट सत्र शुरू हुआ। वहीं, राष्ट्रीय विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की बैठक रविवार से शुरू होगी। सप्ताह भर से अधिक समय तक चलने वाले सत्रों में 5,000 से अधिक प्रतिनिधि और सलाहकार भाग लेंगे, जिसके दौरान चीन औपचारिक रूप से अपने नए मंत्रिमंडल और शीर्ष आधिकारिक नेतृत्व की घोषणा करेगा। संभावना जताई जा रही है कि इस दौरान चीनी प्रधानमंत्री ली के उत्तराधिकारी के तौर पर राष्ट्रपति शी चिनफिंग के करीबी ली कियांग का नाम घोषित किया जा सकता है।

## पाकिस्तान : इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता रिहा

**लाहौर।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अधिकांश नेताओं और कार्यकर्ताओं को शनिवार को रिहा कर दिया गया। अदालत के आदेश के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को रिहा किया गया। इन्हें संघीय सरकार की विफलता के खिलाफ सामूहिक गिरफ्तारी आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए गिरफ्तार किया गया था। पार्टी की जेल भरो तहरीक के लिए पिछले महीने 600 से अधिक पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। यह आंदोलन मौलिक अधिकारों के उल्लंघन, संविधान के दुरुपयोग और देश में आर्थिक बदहाली के खिलाफ था। पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व वित्त मंत्री असद उमर, पंजाब के पूर्व राज्यपाल उमर सरफराज चीमा, सीनेटर आजम स्वाति और वलीद इकबाल जेल से रिहा किए गए प्रमुख नेताओं में शामिल थे।

# समुद्र स्तर में वृद्धि से चेन्नई और कोलकाता को खतरा

● अध्ययन में खुलासा

भाषा। वाशिंगटन

**एक नए शोध** में यह बात सामने आई है कि इस सदी में समुद्र का स्तर बढ़ने से कुछ एशियाई महानगरों के साथ-साथ पश्चिमी उष्णकटिबंधीय प्रशांत द्वीप समूह और पश्चिमी हिंद महासागर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शोध दल ने कई एशियाई महानगरों की पहचान की, जो ग्रीनहाउस गैसों का उच्चस्तरीय उत्सर्जन जारी रहने की सूरत में सन् 2100 तक विशेष रूप से महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर सकते हैं। इन महानगरों में चेन्नई, कोलकाता, यांगून, बैंकॉक, हो ची मिन्ह सिटी और मनीला शामिल हैं। अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र स्तर में अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक उतार-चढ़ाव की पड़ताल की गई है। अध्ययन में दुनिया भर में समुद्र के स्तर के जोखिम वाले क्षेत्रों का मानचित्रण करके प्रभावों के बारे में जानकारी जुटाई गई है। यह अध्ययन नेचर क्लाइमेट चेंज पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि समुद्र का तापमान बढ़ने से इसका स्तर बढ़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पानी गर्म होने पर फैलता है और बर्फ की परतें पिघलने से महासागरों में अधिक पानी आता है। विभिन्न अध्ययनों में यह संकेत भी मिला है कि समुद्र स्तर में वृद्धि क्षेत्रीय रूप से भिन्न-भिन्न होगी, क्योंकि समुद्र की धाराओं में बदलाव से उत्तरपूर्वी अमेरिका समेत कुछ समुद्र तटों पर अधिक पानी होने की आशंका होगी।

# इंडोनेशियाई तेल डिपो में आग लगने से अब तक 18 लोगों की मौत



● दर्जन भर से अधिक लापता

भाषा। जकार्ता

**इंडोनेशिया** की राजधानी जकार्ता में एक ईंधन भंडारण डिपो में लगी भीषण आग में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। वहीं, बचावकर्ता एवं दमकलकर्मी शनिवार को भी राहत एवं तलाश अभियान में जुटे रहे और एक दर्जन से अधिक लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। सरकारी तेल और गैस कंपनी पर्टामिना द्वारा संचालित ईंधन भंडारण डिपो उत्तरी जकार्ता के तनाह मेराह इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र के पास स्थित है। यह इंडोनेशिया की ईंधन जरूरतों के 25 प्रतिशत की आपूर्ति करता है। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 260 दमकलकर्मी और 52 दमकल गाड़ियां आसपास के इलाके में आग बुझाने के काम में लगी हैं। पर्टामिना के जावा क्षेत्र के प्रबंधक इको क्रिस्टियावान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि भारी बारिश में संभवतः बिजली गिरने के कारण पाइप लाइन टूट जाने से आग लगी है। डिपो के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें गैसोलीन की तेज गंध आ रही थी, जिससे कुछ लोगों को उल्टियां भी हुईं और रात करीब आठ बजे भीषण विस्फोट हुआ। बचावकर्ता उन 16 लोगों की तलाश कर रहे हैं, जो लापता बताए जा रहे हैं और पांच अस्पतालों में करीब 42 लोगों का इलाज किया जा रहा है। इनमें से कुछ लोगों की हालत गंभीर है। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख लिस्टियो सिगित प्राबोवो ने कहा कि 1,300 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और उन्हें 10 सरकारी कार्यालयों, रेड क्रॉस कमांड पोस्ट और एक स्पोर्ट स्टेडियम में शरण लेनी पड़ी।

## आईएईए प्रमुख ने ईरान के अधिकारियों से की मुलाकात

भाषा। दुबई

**संयुक्त राष्ट्र** की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मरियानो ग्रॉसी ने शनिवार को ईरान में अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब कुछ दिन पहले यह खुलासा हुआ था कि ईरान ने यूरेनियम के कणों को हथियार के स्तर तक संवर्धित किया है।

**Public Notice**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT Sh.Harihar Prasad S/o Late Sh.Chandra Banshi Prasad R/o 309-B, Management Apartment, Plot No.17, Sector-5, Dwarka, New Delhi had executed his last WILL on 29.09.2020 in respect of his moveable and immoveable properties in favour of his only son Mr. Rajiv Ranjan and later he has expired on 19.4.2021.NOW Mr. Rajiv Ranjan wants to get the above Will dated 29.09.2020 registered. In case any person has any objection to the same, he may kindly contact the undersigned or The Sub-Registrar-I, Kashmere Gate, Delhi within 7 days from the date of this notice.( NUTAN GUPTA ) Advocate4/30,West Patel Nagar, New DelhiPh.9625504688, 25881171

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री सुशांत सलूजा और श्रीमती हिना सेठी निवासी 1675/5, गली नंबर 2, गोविंदपुरी एक्सटेंशन, कालकाजी दिल्ली-110019, सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रहे हैं। इस संपत्ति से संबंधित कागजात एसएचएफएल को संपत्ति के एवज में ऋण के लिए प्रस्तुत किया गया यानी (उक्त मंजिल) निर्मित संपत्ति सं.182, ब्लॉक-ई, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 में स्थित छत के अधिकार के साथ संपूर्ण तृतीय तल, एरिया परिमाप 280 वर्ग गज और बिक्री विलेख दिनांक 19.04.2021, दस्तावेज सं. 2422-एसआरओ-V, और घोषणा विलेख दिनांक 06.02.2023, दस्तावेज सं. 304, एसआरओ-V, एरिया 280 वर्ग गज, इसी के माध्यम से मालकिन श्रीमती रश्मि कुमार हैं मूल (ए) श्री डी आर नेब के पक्ष में आवंटन पत्र और कब्जे का प्रमाण पत्र, (बी) कुमारी आर रत्नमाला के पक्ष में मूल म्यूटेशन पत्र दिनांक 06.05.1972, (सी) श्रीमती आर रत्ना मोहना के पक्ष में कुमारी रत्ना माला खन्ना द्वारा निष्पादित मूल जीपीए, (डी) श्रीमती रश्मि कुमार के पक्ष में मूल एनओसी/बिक्री अनुमति, (ई) श्रीमती गुलशन कौर और श्री इंद्रजीत सिंह भाटिया के पक्ष में श्री सुरेश कुमार और श्रीमती कविता कुमार द्वारा निष्पादित मूल एटीएस, वसीयत और पंजीकृत जीपीए दिनांक 08.09.2014(दस्तावेज सं.990), (एफ) श्रीमती गुलशन कौर और श्री इंद्रजीत सिंह भाटिया के पक्ष में श्रीमती कविता कुमार द्वारा निष्पादित मूल पंजीकृत वसीयत दिनांक 08.09.2014, (जी) श्रीमती गीता सचदेव के पक्ष में श्रीमती गुलशन कौर और श्री इंद्रजीत सिंह भाटिया द्वारा निष्पादित मूल एटीएस दिनांक 17.05.2016, (एच) श्री सुरेश कुमार (50%शेयर) और श्रीमती कविता कुमार (50%शेयर) द्वितीय तल और ऊपर की पूरी छत, दस्तावेज सं. 3193, के संबंध में, के पक्ष में श्रीमती गीता अरोड़ा द्वारा निष्पादित मूल बिक्री विलेख दिनांक 01.03.2006 और उपरोक्त संपत्ति से संबंधित अन्य दस्तावेज कहीं खो गए हैं एलएआर नंबर 212823/2023 को दिल्ली पुलिस के 04.03.2023 को पंजीकृत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7,बेसमेंट,प्लॉट नंबर सी 78,सेक्टर 2,नोएडा यूपी 201301,ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**CHANGE OF NAME**

I, Naveen S/o. Prakash, declare that I have changed my name to Naveen Mehra. Hence, from now on and in future, I shall be known by my new name.

Old Name:
Naveen
New Name:
Naveen Mehra
Address : D2/3, Mahendra Enclave, Shastri Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201002

# भालू,छिपकली व डायनासोर की तरह मानव भी था पहले मछली

भाषा। रीडिंग (ब्रिटेन)



**मानव उद्विकास** के बारे में जब आप सोचते हैं, तब यह संभावना अधिक होती है कि आप प्राचीन काल में जंगलों में रहने वाले चिंपाजी या प्रारंभिक मानवों द्वारा गुफाओं की दीवारों पर उकेरी गई विशालकाय जंतुओं की कल्पना करें। लेकिन भालुओं, छिपकली,गुंजन पक्षी और डायनासोर के साथ-साथ हम मानव भी असल में एक तरह से मछलियां ही हैं (यह सुनना थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन इसका साक्ष्य हमारे जीन, शरीर-रचना और जीवाश्मों में मौजूद है। हम जंतुओं के एक ऐसे समूह से ताल्लुक रखते हैं जो जमीन पर रहने वाली सार्कोप्टरिजिया है। लेकिन उद्विकास के क्रम में हुए अत्यधिक परिवर्तन के कारण हमारा यह मौजूदा स्वरूप है। सार्कोप्टरिजिया या लोब-फिन मछलियाँ ऐसी मछलियाँ होती हैं, जिनके फिन (पर) केवल एक मुख्य हड्डी से उनके धड़ से जुड़े होते हैं। हम मछलियों को तैराकी करने में माहिर समझते हैं, लेकिन असल में उन्होंने यह क्षमता कम से कम पांच गुना चल कर विकसित की है। कुछ प्रजातियों ने सुविकसित पर का उपयोग कर इस दिशा में खुद को अधिक विकसित

## ●उद्विकास के क्रम में तब्दीली आती गई

किया। हमारे सार्कोप्टरिजिया पूर्वज ने स्थल पर आने से पहले फेफड़े और अन्य श्वसन तंत्र, अस्थियुक्त अंग और एक मजबूत मेरुदंड विकसित किए। यह अनुकूलन न सिर्फ जलीय परिवेश में उपयोगी साबित हुआ, बल्कि इससे हमारे पूर्वजों को रहने के लिए स्थल तलाशने में भी मदद मिली, जहां उन्होंने जीवन के लिए अनुकूलन किया। जल से स्थल पर आना रीढ़दार प्राणी के उद्विकास में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। शायद इसकी शुरुआत हमलावरों से बचने के लिए हुई होगी, लेकिन हमारे पूर्वजों ने रहने के लिए जो जगह ढूंढी थी, वह पहले से काई,हॉर्सेटेल और फर्न जैसे पादपों से समृद्ध था।

## हम अकेले नहीं हैं

वर्तमान में मछलियों की 30,000 से अधिक प्रजातियां हैं, जिनमें से कुछ ही चल सकती हैं। सार्कोप्टरिजिया, कई तरह से अन्य प्रकार की मछलियों से अलग है। उदाहरण के लिए, हमारे पैरों में हड्डियों का सहारा है, जिनके ऊपर मांसपेशियां हैं और यह हमें जमीन पर चलने में मदद करती है। इस अनुकूलन ने डेवोनियन काल (करीब 37.5 करोड़ वर्ष पूर्व) के अंत में हमारे जल से स्थल पर आने में उभयचरों (जल में और स्थल पर रहने वाले जीवों), स्तनधारियों, सरीसृप और पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई होगी। चलने वाली सार्कोप्टरिजिया मछलियां या तो विलुप्त हो गईं या उनका उद्विकास इतना अधिक हो गया कि हम बाद के समय में उनकी पहचान मछली के रूप में नही कर सकें। इसका एक उदाहरण मडस्किपर मछली है। यह मैंग्रोव वन के दलदली क्षेत्र में पाई जाती है और स्थल पर चलने के लिए अपने पर का इस्तेमाल करती है। एक अन्य उदाहरण चलने वाली कैटफिश है, जो जमीन पर चलने के लिए अपने पर का उपयोग करती है। एक बड़ा सवाल यह है कि चलने में सक्षम बनाने वाली मांसपेशी के विकास के लिए किस जीन ने अहम भूमिका निभाई होगी? इसका पता लगाने के लिए सियोल और न्यूयॉर्क के शोधार्थियों की एक टीम ने इस विषय पर गौर किया कि तंत्रिका में कौन सा जीन सक्रिय था, जो चुहिया, मुर्गी और स्केट (एक तरह की मछली) में पैर की मांसपेशियों को नियंत्रित करता है। उन्होंने प्रेरक तंत्रिका में इसी तरह की जीन पद्धति का पता लगाया जो इन मांसपेशियों को काम करने में मदद करती है। हमारे पूर्वज शिकार करने, हमलावर जंतुओं से बचने के लिए दौड़ा करते थे। इसने हमारी शरीर-रचना को आकार दिया। कई अध्ययनों से यह प्रदर्शित हुआ है कि चलना और दौड़ना हमारी तंदुरूस्ती एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## जलवायु परिवर्तन से जानवरों को खतरा

**मेलबर्न।** सभी प्राणियों को जीने के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है। वे इसका उपयोग सांस लेने, स्वत संचार करने, भोजन पचाने और चलने-फिरने में करते हैं। युवा प्राणी विकास के लिए और बाद में प्रजनन के लिए ऊर्जा का उपयोग करते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228 ए. एजेसी बोस रोड, कोलकाता – 700 020
सीआईएन : एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजमणि कुमार/शबनम कुमारी/एस ओ राधे श्याम प्रसाद किसान कालोनी फेज 2 निकट बेऊर अखाड़ा अनीशाबाद पटना बिहार पटना–800002/ एलबीपीटीएन00005314853 | खसरा सर्वे प्लॉट नंबर 59 (पार्ट), थाना कोड–113, थाना नंबर 33, टौजी नंबर –5070, खाता नंबर –72, वार्ड नंबर–7, मौजा–बेऊर, मौसम मोहल्ला किसान कालोनी, थाना फुलवारी शरीफ, सब–रजिस्ट्री फुलवारी शरीफ, सदर रजिस्ट्री कार्यालय और जिला पटना, बिहार पटना (क्षेत्रफल परिमाप कुल क्षेत्रफल 1772 वर्ग फीट अथवा 4.0679522 डेसीमल) | 04–02–2023 रू. 1,02,32,996/– | 05–09 –2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 04 मार्च, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# राहुल की तरह आरोप तो पाकिस्तान भी नहीं लगाता

**● सिर्फ इसलिए कि आप होनहार नहीं हैं, इसका यह मतलब नहीं कि भारत आकर्षक स्थान नहीं: संबित पात्रा**



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ बोलने को लेकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राहुल ने देश के हालात को लेकर ऐसे आरोप लगाए हैं, जैसे (आरोप) पाकिस्तान भी लगाने की हिम्मत नहीं करता। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि जहां पूरी दुनिया भारत के बारे में अच्छे शब्दों का उपयोग कर रही है, वहीं देश के मुख्य विपक्षी नेता विदेश में पर दावा कर रहे हैं कि देश बर्बाद हो गया है और कोई लोकतंत्र नहीं है, जबकि न्यायपालिका और मीडिया का बुरा हाल है।उन्होंने गांधी पर ऐसे समय में निवेशकों को भारत में निवेश करने से हतोत्साहित करने का आरोप लगाया जब दुनिया देश को एक आकर्षक स्थान के रूप में देख रही है और विदेशी कंपनियां यहां व्यापार करने के लिए चीन छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, एक बड़े विश्वविद्यालय में, वह लोगों से भारत के बारे में खराब बातें कह रहे हैं। जबकि पाकिस्तान भी अब वैश्विक मंच पर भारत के बारे में ए बातें कहने की हिम्मत नहीं करता। गांधी इसे (देश को) एक ऐसी जगह के रूप में पेश कर रहे हैं जहां अब लोकतंत्र नहीं है और न्यायपालिका को कमजोर किया गया है। पात्रा ने सवाल किया कि क्या गांधी भारत को नीचे गिराने के लिए किसी एजेंसी के वेतनमान पर एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान में, गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और उन (राहुल) समेत कई नेताओं की निगरानी की जा रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने भारतीय लोकतंत्र पर कथित हमले के पांच प्रमुख पहलुओं को सूचीबद्ध किया - मीडिया और न्यायपालिका पर कब्जा और नियंत्रणअ निगरानी और धमकानाअ संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जबरदस्तीअ अल्पसंख्यकों, दलितों और आदिवासियों पर हमले और असहमति की आवाज बंद करना। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेता ने अल्पसंख्यकों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों के रूप में व्यवहार किए जाने की बात की और आरोप लगाया कि राहुल गांधी और गांधी परिवार भारत के ताने-बाने को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पात्रा ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा, सिर्फ इसलिए कि आप एक होनहार बच्चे नहीं हैं और अपनी वंशवादी पार्टी के होनहार बच्चे नहीं हैं।

## जो लोग देश में नाकाम हो गए वे विदेश से खेल कर रहे हैं : नकवी

**रामपुर(उत्तर प्रदेश)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक हालिया व्याख्यान को लेकर शनिवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग देश में नाकाम हो गए, वे विदेशी धरती से खेल कर रहे है। राहुल पर तंज कसते हुए नकवी ने कहा किजिन्हे देश मे शिकस्त मिली है वे परिवार को खतरे को देश को खतरे के रूप में पेश कर रहे है, ताकि वे राष्ट्र के मजबूत लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा सकें। नकवी ने कहा कि जो लोग परिवार को एक लोकतंत्र समझते है, वे इस तरह के बयान दे रहे है। नकवी के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान मे उनके हवाले से कहा गया है, आज देश मे परिवार की परिक्रमा नहीं की जा रही है, बल्कि कड़ी मेहनत करने वालों का शासन है। जो लोग परिवार को लोकतंत्र का पर्याय समझते है, वे मौजूदा माहौल मे संकट मे है। नकवी ने यहां अपने आवास पर होली मिलन कार्यक्रम मे यह बात कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक मूल्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे मजबूत और सुरक्षित है।

# स्वास्थ्य, विकास एवं जलवायु जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति की गेट्स ने प्रशंसा की

**● मोदी से की मुलाकात**



भाषा। नई दिल्ली

**माइक्रोसॉफ्ट के** संस्थापक बिल गेट्स ने स्वास्थ्य, विकास एवं जलवायु जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह देश यह दिखा रहा है कि जब नवाचार में निवेश किया जाता है, तो क्या-क्या संभव है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने कई सुरक्षित, प्रभावी और किफायती टीके विकसित करने की अद्भुत क्षमता के लिए भारत की प्रशंसा की। इनमें से कई टीके विकसित करने में गेट्स फाउंडेशन ने मदद की है। उन्होंने कहा कि इन टीकों ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान लाखों लोगों का जीवन बचाया और दुनियाभर में अन्य बीमारियों को फैलने से रोका। गेट्स ने कहा कि उन्होंने भारत की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मोदी ने शनिवार को ट्वीट किया, बिल गेट्स से मिलकर और उनके साथ अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करके खुशी हुई। बेहतर और अधिक टिकाऊ ग्रह बनाने का उनका जुनून और उनकी विनम्रता स्पष्ट रूप से नजर आती है। उन्होंने एक लेख में कहा, ऐसे समय में जब दुनिया के सामने इतनी सारी चुनौतियां हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा से प्रेरणा मिलती है। गेट्स ने कहा कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण पिछले तीन वर्षों में उन्होंने ज्यादा यात्रा नहीं की, लेकिन वह खासकर कोविड के टीके विकसित करने और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश के मामलों को लेकर मोदी के संपर्क में रहे।

## महाराष्ट्र में दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत

**लातूर।** मध्य महाराष्ट्र के लातूर जिले में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक घटना में टेम्पो में ले जाई जा रही नौ भेड़ों की भी मौत हो गई। लातूर तहसील में शुक्रवार रात सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेम्पो ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## दार्जिलिंग के पास टॉय ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा

**गुवाहाटी।** दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) टॉय ट्रेन का इंजन शनिवार को पटरी से उतर गया। ट्रेन के पटरी से उतरने की यह पिछले 10 दिनों में दूसरी घटना है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के एक अधिकारी ने यहां बताया कि इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नही हुआ है। हालांकि, रेलवे पटरी के पास से गुजरने वाली सड़क कई घंटों तक अवरुद्ध रही। यूनेस्को से विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त टॉय ट्रेन एनएफआर के कटिहार मंडल के डीएचआर के तहत संचालित होती है।

## कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने हड़ताल स्थगित की

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियो द्वारा लक्षित हत्याओं के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बाहर स्थानांतरित करने की मांग कर रहे कश्मीरी पंडित सरकारी कर्मचारियो ने अपनी 310 दिनों लंबी हड़ताल को यह कहते हुए स्थगित कर दिया कि वे आत्मसमर्पण कर रहे है क्योंकि अधिकारियो ने उनका वेतन रोक दिया है। प्रदर्शनकारियो मे प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत विभिन्न सरकारी विभागो मे काम करने वाले कश्मीरी पंडित शामिल थे।

## कोच्चि के कुछ हिस्सों में आसमान में धुआं छाया

**कोच्चि।** केरल की औद्योगिक राजधानी कोच्चि के कुछ हिस्सो के ऊपर शनिवार तड़के धुआं छा गया। दो दिन पहले ब्रह्मपुरम अपशिष्ट शोधन संयंत्र मे भीषण आग लग गई थी जिसे अभी तक बुझाया नही जा सका है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। तटीय शहर मे वायु गुणवत्ता की स्थिति बिगड़ने के बाद कोच्चि निगम के अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए भारतीय नौसेना की मदद लेने का फैसला किया।

## हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के एक आतंकवादी की संपत्ति जब्त की। यह आतंकी पिछले महीने पाकिस्तान में मारा गया था। अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने पाकिस्तान से संचालित आतंकवादियों के खिलाफ कार्वाई के तहत उत्तरी कश्मीर जिले के क्रालपोरा के बाबरपोरा इलाके के निवासी बशीर अहमद पीर की संपत्ति कुर्क की।

# राहुल की टिप्पणी पर भाजपा की आलोचना अज्ञानता या भ्रामक राजनीति : कांग्रेस



भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** कैमब्रिज विश्वविद्यालय में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टिप्पणियों पर उनकी आलोचना को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पलटवार करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के बयान या तो अज्ञानता से या पूरी तरह से भ्रामक राजनीति से उपजे हैं और दोनों का ही लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। विश्वविद्यालय में गांधी ने टिप्पणी की थी कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और उनके (राहुल) समेत कई राजनीतिक नेताओं की निगरानी की जा रही है। इस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का भाजपा से वाक युद्ध छिड़ गया और सत्तारूढ़ दल ने विपक्षी नेता पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इसके बाद कांग्रेस ने पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उन बयानों का हवाला दिया जब उन्होंने विदेश में आंतरिक राजनीति से जुड़े मुद्दे उठाए थे। अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि गांधी भारतीय राजनीति के एक प्रमुख सदस्य हैं और पहले सत्तारूढ़ दल में और फिर विपक्ष में रहते हुए उन्होंने आम जनता की आवाज़ बुलंद की है। श्रीनेत ने कहा कि गांधी चार बार के चुने हुए सांसद हैं और जब वह कैमब्रिज में एक ऐसी दुनिया के बारे में बोलते हैं जो तनाव से ग्रस्त है और उस दुनिया में भारत क्या अहम भूमिका निभा सकता है तो वह वास्तव में भारतीय लोकतंत्र को सराहते हैं। वह (गांधी) उन मूल्यों के ध्वजवाहक हैं जिनपर राष्ट्र का निर्माण हुआ है। जब वह महात्मा गांधी और हमारे संविधान के मूल्यों और हमारे देश की नींव के बारे में बात करते हैं तो वह असल में भारत का मान बढ़ाते हैं।

## सरकार ने अडाणी को एकाधिकार दिया और उपभोक्ताओं के शोषण की छूट दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अडाणी समूह को एकाधिकार दे दिया है, जिससे वे उन उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं, जिन्हें हवाई अड्डे और बिजली जैसी बुनियादी ढांचागत सेवाओं का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की लगातार मांग करने का मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शर्मिंदा करना नहीं बल्कि इसका उद्देश्य प्रकरण के सभी आयामों को उजागर करना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी की हम अडाणी के हैं कौन श्रृंखला के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तीन सवाल पूछते हुए कहा कि इन सवालों का मकसद इस ओर ध्यान केंद्रित करना है कि कैसे अडाणी समूह को एकाधिकार दिया गया, जिससे उन उपभोक्ताओं के शोषण की छूट मिली, जिन्हें हवाई अड्डों और बिजली जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का उपयोग करने की आवश्यकता है।

# क्षेत्रीय समस्याओं के लिए हम क्षेत्रीय समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे : नौसेना प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली

**क्षेत्रीय** समस्याओं के लिए क्षेत्रीय समाधानों की आवश्यकता पर बल देते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने शनिवार को कहा कि समुद्री क्षेत्र में समसामयिक चुनौतियों से समान सोच वाले देशों के बीच मुद्दों पर आधारित अभिसरण के जरिए बेहतर ढंग से निपटा जा सकता है। नौसेना प्रमुख ने भारत के अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि छोटे समूहों और क्षेत्रीय ढांचे में काम करना विश्वास बनाने और समग्र परिणाम प्राप्त करने में मददगार है। रायसीना डायलॉग के एक सत्र को संबोधित करते हुए एडमिरल कुमार ने कहा कि क्षेत्र में भारत की नीति सम्मान, संवाद, शांति और समृद्धि के सिद्धांतों पर आधारित है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सागर या क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा एवं विकास के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती है। इस मौके पर अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमांडर एडमिरल जॉन एक्विलिनो, ब्रिटिश नौसेना प्रमुख एडमिरल बेन के. और जापान के रक्षा मंत्रालय के रक्षा प्रमुख जनरल कोजी यामाजाकी भी मौजूद रहे।



## त्रिपुरा में चुनाव के बाद हुई हिंसा में आठ लोग घायल

**अगरतला।** त्रिपुरा मे चुनाव के बाद हुई हिंसा मे कम से कम आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राज्य मे चुनाव के बाद हिंसा की घटनाओं के सिलसिले मे 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को जीबीपी अस्पताल मे घायल लोगो से मुलाकात की और पुलिस से शांति बनाए रखने के लिए उपद्रवियो के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने को कहा। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ज्योतिष्मान दास चौधरी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि चुनाव के बाद हिंसा के ज्यादातर मामले सिपाहीजाला और खोवाई जिलो से सामने आए, जहां कुछ लोग घायल हो गए और उन्हे पास के स्वास्थ्य केंद्र मे स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी की मौत की सूचना नही है।

## पूजा स्थल को लेकर विवाद के बाद पुलिस दल पर हमला करने के मामले में 60 लोग गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले मे पूजा स्थल को लेकर जनजातीय समुदायो के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस दल पर हमला करने के मामले में पुलिस ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष समेत 60 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरमो गांव में गौरी चौरा स्थल पर पूजा को लेकर हुए विवाद और पुलिस दल पर हमला करने के मामले में पुलिस ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष जे लिंगो समेत 60 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले मे 200 लोगों को हिरासत मे लिया था, जिनमे से 140 लोगों को पूछताछ के बाद वापस भेज दिया गया था। 60 लोगों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें विधिक कार्यवाही के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## महाराष्ट्र में लगाया गया विश्व का पहला बांस क्रैश बैरियर

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र मे चंद्रपुर और यवतमाल जिलो को जोड़ने वाले एक राजमार्ग पर 200 मीटर लंबा बांस का क्रैश बैरियर लगाया गया है। गडकरी ने इसे दुनिया की पहलौ ऐसी क्वायद करार दिया। गडकरी ने इसे देश और इसके बांस क्षेत्र के लिए एकौ उल्लेखनीय उपलब्धिै बताते हुए कहा कि यह क्रैश बैरियर स्टील का एक सही विकल्प प्रदान करता है और पर्यावरण संबंधी चिंताओ को दूर करता है। गडकरी ने एक ट्वीट मे कहा, दुनिया के पहले 200 मीटर लंबे बांस के क्रैश बैरियर के निर्माण के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की गई है, जिसे वाणी-वरोरा राजमार्ग पर लगाया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि इस बांस के क्रैश बैरियर कौ बहू बल्लौ नाम दिया गया है।

## पाइपलाइन बंद करने की मांग पर अड़े मछुआरे

**नागपट्टनम (तमिलनाडु)।** नागपट्टनम जिले के नागौरपट्टीनाचेरी तट पर एक रिफाइनरी की पाइपलाइन से हुए तेल रिसाव पर काबू पा लिया गया है और इस मुद्दे का स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि शुक्रवार सुबह रिसाव का पता लगाने वाले मछुआरो का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। वे अधिकारियों से पानी के नीचे स्थित कच्चे तेल की इस पाइपलाइन को हटाने की मांग कर रहे है। चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) की कावेरी बेसिन रिफाइनरी की पाइपलाइन मे रिसाव संभवतः बृहस्पतिवार की रात को हुआ होगा। रिसाव का कारण डेढ़ महीने मे एक बार कराईकल बंदरगाह तक कच्चे तेल की ढुलाई के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पुरानी पाइपलाइन का क्षतिग्रस्त होना हो सकता है।

## ई-कॉमर्स में शहरों की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

**मुंबई।** ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने देश के टियर-2 और 3 शहरों सहित अपनी सेवाओं की बड़े पैमाने पर मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए अपने नए कैंपेन की शुरुआत की है। दक्षिण एशिया में प्रीमियर एक्सप्रेस एयर-इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन के साथ-साथ डिस्ट्रीब्यूशन एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सेवाएँ प्रदान करती है। ब्लू डार्ट आज यह देश के 55,400 से अधिक स्थानों पर उपलब्ध हैए जिसमें ऐसे बाजार भी शामिल है जहाँ इसकी सेवाएँ कम उपलब्ध हैं। डिजिटाइजेशन, किफायती डेटा और स्मार्टफोन इंडिया और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही खाई को पाट रहे हैं। ई-कॉमर्स उद्योग में शहरों की बाजार हिस्सेदारी साल 2021 में 34.2 प्रतिशत थी। जो साल 2022 में बढ़ाकर 41.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान टियर प्प् शहरों की बाजार हिस्सेदारी 19.4 प्रतिशत से बढ़कर 21.4 प्रतिशत हो गई। केतन कुलकर्णी चीफ कमर्शियल ऑफिसर ने कहा कि देश भर में खासतौर पर भारत के ऐसे बाजारों में सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है जहाँ ऐसी सेवाएँ पहले से मौजूद नहीं हैं।

## कांग्रेस में आपसी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है: वसुंधरा राजे

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को राजस्थान मे सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस मे चल रही सियासी खींचतान पर निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस मे जारी आपसी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है। राजे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच चल रही खींचतान पर तंज कसते हुए कहा, एक-दूसरे को चोट पहुंचाने में इन्होने कमी नही छोड़ी। पूरे चार साल एक-दूसरे को पछाड़ने मे लगा दिए, लेकिन किसने किसको पछाड़ा.. यह मेरा विषय नही है। इनकी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है। सालासर में अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजे ने भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, गैंगवार और दलित प्रताड़ना पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है और बिना पैसे के कोई काम नही होता है।

## तुनिषा शर्मा आत्महत्या मामला : उकसाने के आरोपी अभिनेता शीजान खान को जमानत मिली

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले मे वसई की एक अदालत ने पिछले साल अभिनेत्री तुनिषा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार टेलीविजन अभिनेता शीजान खान को शनिवार को जमानत दे दी। तुनिषा शर्मा ने जिले मे वालिव के समीप एक टेलीविजन धारावाहिक के सेट पर 24 दिसंबर 2022 को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अभिनेत्री की मां की शिकायत पर 28 वर्षीय खान को अगले दिन गिरफ्तार किया गया था। खान अभी जेल में है। अतिरिक्त सत्र अदालत के न्यायाधीश आर डी देशपांडे ने खान को।,00,000 रुपए के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने अभिनेता को अपना पासपोर्ट जमा कराने तथा अदालत की अनुमति के बिना देश छोड़कर नही जाने को भी कहा। खान की ओर से पेश वकील शरद राय ने कहा कि चूंकि मामले में जांच पूरी हो गई है और आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है तो आरोपी को जमानत पर रिहा किया

## पंजाब में कानून-व्यवस्था चरमराई, सो रही सरकार: ठाकुर

**रूपनगर (पंजाब)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को पंजाब मे आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक सरकार बनने के बाद राज्य मे कानून व्यवस्था चरमरा गई है और उसे जागकर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने पिछले महीने अजनाला में हुई घटना की पृष्ठभूमि मे यह टिप्पणी की, जिसमे स्वयंभू सिख उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके साथी अपने एक सहयोगी की रिहाई के लिए तलवार और बंदूकें लेकर पुलिस से भिड़ गए थे। आप या राष्ट्रीय राजधानी की उसकी सरकार का नाम लिए बिना कहा कि दिल्ली में वे कहते है कि पुलिस को उन्हे सौप दिया जाना चाहिए, उन्होने (यहां पंजाब मे) पुलिस का क्या कर दिया है।

# देशभर में बदलाव की बयार चल रही है: शरद पवार



भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र में हाल** में हुए विधानसभा उपचुनाव में पुणे शहर की कसबा पेठ सीट पर कांग्रेस के हाथों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि देशभर में बदलाव की बयार चल रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने पुणे जिले में अपने गृह नगर बारामती में पत्रकारों से यह बात कही। उन्होंने कहा, कस्बा पेठ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार साबित करती है कि लोग एक विकल्प पर विचार कर रहे हैं। देशभर में बदलाव की बयार चल रही हैं। बृहस्पतिवार को घोषित चुनाव परिणाम में, भाजपा लगभग तीन दशक से अपना गढ़ रही कसबा पेठ विधानसभा सीट पर कब्जा बरकरार रखने में नाकाम रही।

## कसबा पेठ उपचुनाव झांकी है, महाराष्ट्र बाकी है: राउत



**पुणे।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि कसबा पेठ उपचुनाव में महा विकास आघाड़ी की जीत सिर्फ एक झांकी है और एमवीए सहयोगी अगर एकजुट होकर चुनाव लड़ें, तो अगले साल महाराष्ट्र में 200 से अधिक विधानसभा और 40 लोकसभा सीट जीत सकते हैं। एमवीए में राउत की पार्टी के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उसी साल लोकसभा चुनाव भी होंगे। राज्यसभा सदस्य राउत ने पुणे में यह बात कही, जहां उन्होंने लगभग तीन दशक से भाजपा का गढ़ रहे कसबा पेठ में पार्टी के हेमंत रसाने को हराने वाले नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक रवींद्र धंगेकर से मुलाकात की।

# मेघालय : एचएसपीडीपी विधायक के दफ्तर में लगाई आग

**● एनपीपी-भाजपा का समर्थन कर रहे थे**

भाषा। शिलांग

**मेघालय** में एनपीपी-भाजपा गठबंधन का समर्थन करने वाले एचएसपीडीपी के विधायक मेथोडियस डखार के शिलांग स्थित कार्यालय को कथित रूप से उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आग लगा दी। एनपीपी के वरिष्ठ नेता प्रेस्टोन तिनसोंग ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि कोनराड के. संगमा के नेतृत्व में राज्य में फिर से सरकार बनाने का दावा पेश करने वाली एनपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा डखार और उनकी पार्टी के एक अन्य विधायक शक्लियार वरजरी ने शुक्रवार को की थी। एनपीपी नेता व निवर्तमान उपमुख्यमंत्री तिनसोंग ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के गुस्से से भरे समर्थक शुक्रवार की रात शहर के लाइतुमखराह इलाके में स्थित दखार के दफ्तर पहुंचे और उसे आग लगा दिया। उन्होंने बताया, दमकल कर्मी समय रहते मौके पर पहुंचे और आग बुझाई।

## नगालैंड में एनडीपीपी-भाजपा सरकार सात मार्च को लेगी शपथ, मोदी रहेंगे मौजूद

**कोहिमा।** नगालैंड मे एनडीपीपी-भाजपा सरकार सात मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी मे शपथ लेगी। यह जानकारी यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 60 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए चुनाव 40:20 सीट बंटवारा फॉर्मूले के साथ लड़ा था और लगातार दूसरी बार सत्ता मे वापसी की। एनडीपीपी और भाजपा ने चुनाव क्रमशः 25 और 12 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की। राज्य मे विधानसभा चुनाव 27 फरवरी को हुआ था। हालांकि अभी तक गठबंधन मे से किसी ने भी नई सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया है, लेकिन भाजपा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि एनडीपीपी अध्यक्ष नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री बने रहेंगे। वर्ष 2018 के चुनाव में एनडीपीपी और भाजपा ने इसी फॉर्मूले पर विधानसभा चुनाव लड़ा था और क्रमशः 18 और 12 सीटों पर जीत हासिल की थी।

## एनपीपी के शिरा मेघालय विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर

**शिलांग।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के वरिष्ठ विधायक टिमोथी डी शिरा को मेघालय विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) के रूप में शनिवार को शपथ दिलाई गई। रेसुबेलपाड़ा से विधायक शिरा को राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में निवर्तमान मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा और एनपीपी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। संगमा ने शुक्रवार को 32 विधायकों के समर्थन के साथ राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

# जोशीमठ :प्री-फैब्रिकेटेड मकान तैयार

**विस्थापित परिवारों को होंगे आवंटित**

भाषा। गोपेश्वर



**उत्तराखंड के** भूधंसाव प्रभावित जोशीमठ में विस्थापित परिवारों के लिए उद्यान विभाग की जमीन पर बन रहे मॉडल प्री-फैब्रिकेटेड मकानों का निर्माण अब पूरा हो गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को उन दो स्थलों का दौरा किया जहां प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग की जमीन पर तीन मॉडल प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए गए हैं, वहीं शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर ढाक गांव में बन रहे कुल 15 में से दो घर भी बनकर तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के बीच तैयार घरों का आवंटन शुरू करने के लिए कहा गया है। प्री-फैब्रिकेटेड घरों का निर्माण उसके पहले से तैयार अलग-अलग ढांचों को एक जगह संयोजित कर किया जाता है। डीएम ने कहा कि ढाक गांव में कार्यान्वयन एजेंसी को शेष घरों का निर्माण पूरा करने के लिए कहा गया है जो निर्माण के अंतिम चरण में हैं। इस बीच, प्रभावित परिवारों के बीच मुआवजे का वितरण भी शुक्रवार से शुरू हो गया है और अब तक प्रभावित मकान मालिकों को मुआवजे के रूप में 1.1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

## उच्चतम न्यायालय ने बाघों की कथित मौत पर केंद्र से जवाब तलब किया

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह देश में बाघों की कथित मौत के बारे में उसे जानकारी उपलब्ध कराए। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने बाघों की मौत के बारे में समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए यह जानकारी तलब की। शीर्ष अदालत अधिवक्ता अनुपम त्रिपाठी की ओर से 2017 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें लुप्तप्राय बाघों को बचाने की मांग की गई थी। यद्यपि याचिकाकर्ता मौजूद नहीं हैं, प्रतिवादी भारत में बाघों की कथित मौत के बारे में पता लगाएंगे।

# शेखावत ने गहलोत पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया

**● दिल्ली की अदालत में शिकायत दायर की**

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में एक आपराधिक शिकायत दायर करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर संजीवनी घोटाले पर टिप्पणी करके उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरप्रीत सिंह ने मामले का संज्ञान लिया और शेखावत की शिकायत के समर्थन में गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए इसे सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गहलोत ने संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में भाजपा नेता की भूमिका होने का आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया। शिकायत में दावा किया गया है, उनकी (शेखावत) प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति हुई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गहलोत मानहानिकारक टिप्पणी कर रहे हैं, शेखावत की छवि धूमिल करने और उनके राजनीतिक करियर को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, गहलोत ने जयपुर में संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत का कदम घोटाले को राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाएगा।

# मुंबई इंडियंस की जीत से डब्ल्यूपीएल का आगाज

## गुजरात जायंट्स को 143 रन से करारी शिकस्त दी

**भाषा।** नवी मुंबई



कप्तान हरमनप्रीत कौर की आतिशी पारी के बाद गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन मैच में शनिवार को यहां गुजरात जायंट्स को रिकॉर्ड 143 रन से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान का धमाकेदार आगाज किया। हरमनप्रीत ने केवल 30 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली जिसमें 14 चौके शामिल हैं। उनके अलावा हेली मैथ्यूज ने 31 गेंदों पर 47 और एमिलिया केर ने 24 गेंदों पर नाबाद 45 रन की उपयोगी पारियां खेली। हरमनप्रीत और केर ने चौथे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की, जिससे मुंबई ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पांच विकेट पर 207 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बड़े लक्ष्य के सामने गुजरात जायंट्स की टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 23 रन था। उसकी टीम आखिर में 15.1 ओवर में 64 रन पर ढेर हो गई। गुजरात की तरफ से दयालन हेमलता ने सर्वाधिक नाबाद 29 रन बनाए। इससे पहले महिला टी20 क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड 122 रन का था जो वेलिंगटन ने 2021 में ओटागो के खिलाफ दर्ज किया था। मुंबई की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर सैका इशाक ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा अनुभवी नैट साइवर ब्रंट और एमिलिया केर ने दो-दो विकेट हासिल किए। गुजरात जायंट्स का शीर्ष क्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया। कप्तान बेथ मूनी पारी के पहले ओवर में ही टखना मुड़ने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि हरलीन देओल और ऐशलीग गार्डनर खाता भी नहीं खोल पाई। एस मेघना (दो) आउट होने वाली चौथी बल्लेबाज थी जिससे पांचवें ओवर में ही स्कोर चार विकेट पर 12 रन हो गया। सैका इशाक ने एनाबेल सदरलैंड (छह) और जॉर्जिया वेयरहम (आठ) को बोल्ड करके गुजरात जायंट्स की वापसी की रही-सही उम्मीदों को भी समाप्त कर दिया। हेमलता ने आखिर तक एक छोर संभाले रखा। उन्होंने अपनी 23 गेंद की पारी में एक चौका और दो छक्के लगाए। उनके अलावा 11वें नंबर की बल्लेबाज मोनिका पटेल (10) हे दोहरे अंक में पहुंची। इससे पहले मूनी ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसकी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया (एक) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें बाएं हाथ के स्पिनर तनुजा कंवर ने प्वाइंट पर कैच कराया। मुंबई अगर पावरप्ले में 44 रन बनाने में सफल रहा तो इसका श्रेय मैथ्यूज को जाता है जिन्होंने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने मध्यम गति की गेंदबाज मानसी जोशी की पहली गेंद को छह रन के लिए भेजा। इस बीच नैट साइवर ब्रंट (18 गेंदों पर 23 रन) ने भी मोनिका पटेल पर लगातार दो चौके जमाए। जॉर्जिया वेयरहम ने साइवर ब्रंट को आउट करके इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी का अंत किया। मैथ्यूज भी अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाई और ऐशलीग गार्डनर की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौटी। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। अनाबेल सदरलैंड पर लगाए गए उनके दोनों छक्के दर्शनीय थे। इन दोनों के आउट होने के बाद हरमनप्रीत और केर ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियंस** : भाटिया का वेयरहम बो कंवर 01, मैथ्यूज बो गार्डनर 47,साइवर ब्रंट का राणा बो वारेहैम 23, कौर का हेमलता बो राणा 65, केर नाबाद 45,वस्त्राकर का पटेल बो राणा 15,वोंग नाबाद 06,**अतिरिक्त** : 05,**कुल योग** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन ,**विकेट पतन** :1-15, 2-69, 3-77, 4-166, 5-201,**गेंदबाजी** : गार्डनर 4-0-38-1,जोशी 2-0-17-0,कंवर 2-0-12-1, पटेल 2-0-34-0, वेयरहम 3-0-30-1, सदरलैंड 3-0-32-0, राणा 4-0-43-2

**गुजरात जायंट्स** : मेघना बो साइवर ब्रंट 02,मूनी रिटायर्ड हर्ट00,देओल का वॉन्ग बो साइवर ब्रंट 00, गार्डनर का मैथ्यूज़ बो वॉन्ग 00, सदरलैंड बो इशाक़ 06, हेमलता नाबाद 29,वेयरहम बो इशाक़ 08,राणा पगबाधा बो केर 01,कंवर का साइवर ब्रंट बो केर 00,जोशी पगबाधा बो इशाक 06, पटेल बो इशाक 10, **अतिरिक्त** 02,कुल (15.1 ओवर में सभी आउट) 64, **विकेट पतन**:1-1, 2-3, 3-5, 4-12, 5-22, 6-23, 7-23, 8-49, 9-64, **गेंदबाजी**: नैट साइवर-ब्रंट 2-0-5-2 ,वोंग 3-0-7-1, इशाक 3.1-1-11-4, केर 2-1-12-2, वस्त्राकर 2-0- 9-0,कालिता 2-0-12-0,1 मैथ्यूज 1-0-8-0

# शमी चौथे टेस्ट में करेंगे वापसी



## ●पिच पूरी तरह स्पिनरों के मुफीद होने की संभावना कम

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के सबसे व**रिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है। शमी को कार्यभार प्रबंधन के तहत इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट से विश्राम दिया गया था। भारतीय टीम प्रबंधन ने मेडिकल स्टाफ के परामर्श से आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के ज्यादातर मैचों को खेलने वाले और एकदिवसीय विश्व कप की योजना में शामिल तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन की योजना बनाई है। शमी शुरुआती दो टेस्ट खेले थे और वह एकदिवसीय टीम का भी हिस्सा हैं। इंदौर टेस्ट में टीम में उनकी जगह उमेश यादव को शामिल किया गया था। शुरुआती तीन टेस्ट में सिराज ने सिर्फ 24 ओवर गेंदबाजी की है और 17 से 22 मार्च तक खेले जाने वाले तीनों एकदिवसीय में उनके अंतिम एकादश में शामिल रहने की संभावना है। ऐसे में उन्हें मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट में विश्राम दिया जा सकता है। शमी इस श्रृंखला में अब तक सबसे बेहतर तेज गेंदबाज रहे है। उन्होंने दो मैचों में 30 ओवर गेंदबाजी की है और सात विकेट चटकाए है। मोटेरा की सूखी पिच पर टीम को उनकी अधिक जरूरत होगी। ऐसी पिच रिवर्स स्विंग के लिए अनुकूल हो सकती है। भारत चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-1 से आगे चल रहा है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में सीधे क्वालीफाई करने के लिए उसे इस मुकाबले को जीतना होगा। इंदौर में होलकर स्टेडियम की पिच को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने खराब की रेटिंग दी थी लेकिन गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) इस तरह का कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा। राज्य संघ के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें (पिच को लेकर) भारतीय टीम प्रबंधन से कोई निर्देश नहीं मिला है और हमारे स्थानीय क्यूरेटर सामान्य पिच तैयार कर रहे हैं जैसा कि हमने पूरे सत्र में किया है। दरअसल, यहां जनवरी में आखिरी रणजी मैच में रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 500 (508) से अधिक का स्कोर बनाया था और गुजरात की टीम ने पारी की हार के बावजूद दोनों पारियों में 200 से अधिक का स्कोर बनाया था। इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। टेस्ट मैच शुरू होने में चार दिन से कम बाकी है और अभी यह पता नहीं है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) क्यूरेटर तपोश चटर्जी और आशीष भौमिक जब यहां की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेंगे तो पिच का मिजाज कैसा होगा। जाहिर तौर पर पिछले कुछ दिनों से बीसीसीआई की मैदान और पिच समिति स्थानीय क्यूरेटर को निर्देश दे रही है. लेकिन निश्चित रूप से हमारा प्रयास एक अच्छी टेस्ट मैच पिच तैयार करना है। अहमदाबाद में पिछली बार कोविड-19 महामारी के दौरान दो टेस्ट मैच खेले गए थे। यह दोनों मैच दिन-रात्रि थे और ए मुकाबले दो दिनों के अंदर खत्म हो गए थे।

## अमन राज ने जीता गुजरात ओपन

**अहमदाबाद।** पटना के अमन राज ने शनिवार को यहां अंतिम दौर मे एक ओवर 73 कार्ड के साथ कुल 11 अंडर 277 का स्कोर बनाया और गुजरात ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप 2023 खिताब अपने नाम किया। सत्ताईस साल के अमन (66-68-70-73) पहले दौर से ही लीडरबोर्ड पर पहले स्थान पर चल रहे थे और अंत मे एक करोड़ पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट के विजेता रहे।

## जूनियर फुटबॉलर अंडर-20 भारतीय टीम में

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) द्वारा समर्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) श्रीजा इंडिया के धातीग्राम सेंटर की टीम का हिस्सा रह चुकी प्रतिभाशाली फुटबॉलर सोनाली सोरेन ने हाल में अपना जूनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। सोनाली ने ढाका में अंडर-20 सैफ महिला चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सोनाली ने अपना फुटबॉल करियर श्रीजा इंडिया के सेंटर की टीम मे खेलकर शुरू किया था।

## अटवाल कट से चूके, भाटिया संयुक्त 11वें स्थान पर

**रियो डी ग्रांडे (प्यूर्टो रिको)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल प्यूर्टो रिको ओपन के दूसरे दौर मे यहां एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बावजूद कट में जगह बनाने से चूक गए। अटवाल ने पहले दौर में 77 का खराब स्कोर किया था जिससे उनका कुल स्कोर चार ओवर का रहा। कार्सन यंग ने पांच अंडर 67 का कार्ड खेल और दो दौर के बाद वह चार शॉट की बड़ी बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उनका कुल स्कोर 14 अंडर 130 है और वह पीजीटी टूर पर अपना पहला खिताब जीतने के लिए अच्छी स्थिति मे है।

## लीपजिग को 2-1 से हराकर डॉर्टमुंड बुंडेसलीगा तालिका में शीर्ष पर

**बर्लिन।** कप्तान मार्को रेउस और एमरे कैन के गोल से डॉर्टमुंड ने बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मुकाबले में शुक्रवार को लीपजिग को 2-1 से शिकस्त दी और तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रेउस ने 21वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जबकि कैन ने 39वें मिनट में इसे दोगुना कर दिया। लीपजिग के लिए मैच का इकलौता गोल एमिल फोर्सबर्ग ने मैच के 74वे मिनट मे किया।

## आकांक्षा व करण बने चैम्पियन

**नई दिल्ली।** निशानेबाज आकांक्षा बसंल और करण सहरावत शनिवार को यहां डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 11वी इंडिया ओपन चैम्पियनशिप में चैम्पियन रहे। आकांक्षा (सीआईएसएफ) ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और करण (हरियाणा) ने पुरूषो की इसी स्पर्धा मे जीत हासिल की। आकांक्षा ने उत्तर प्रदेश की याशिका गोयल को 17-15 से जबकि करण ने उत्तराखंड के अक्षित चौहान को 16-8 से पराजित किया।

## मोहन बागान आईएसएल के सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** एटीके मोहन बागान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां ओडिशा एफसी को 2-0 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। आईएसएल में तीसरी बार खेल रहे एटीके मोहन बागान की तरफ से मोरक्को के मिडफील्डर हुगो बौमस (36वें) और ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्री पेट्राटोस (58वें मिनट में) ने गोल दागे।

# दिल्ली कैपिटल्स का आरसीबी पर पलड़ा भारी



## ●बेहतर घरेलू प्रतिभाओं से भरी है दिल्ली की टीम

### सानिया आरसीबी महिला खिलाड़ियों को खेल के मानसिक पहलुओं से रूबरू करवाएंगी

मुंबई। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नही है लेकिन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र मे वह खिलाड़ी के तौर पर वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के युवा क्रिकेटरों को मानसिक पहलुओं से निपटने के बारे मे बताएंगी। सानिया को आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के लिए अपना मार्गदर्शक (मेंटोर) बनाया है। आरसीबी का नेतृत्व भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना कर रही है और टीम रविवार को अपने अभियान का आगाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। आरसीबी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमे सानिया टीम के खिलाड़ियों से बातचीत करती दिख रही है। सानिया ने इस वीडियो मे कहा, मै क्रिकेट के बारे मे कुछ नही जानती। मैने सोचा (जब मुझे मेंटोर बनाया गया था) मै क्या करने जा रही हूं, मै लड़कियों से क्या बात करूंगी। मैने हाल ही मे खेल को अलविदा कहा है। मैने सोचा कि जीवन मे मेरा अगला कदम भारत की महिला खिलाड़ियों को मदद करना होगा।

**भाषा।** मुंबई

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो आरसीबी कप्तान स्मृति मंधाना की संयमित बल्लेबाजी के सामने आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा की चुनौती होगी। आरसीबी ने अच्छे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है जिसमें एलिस पैरी, हीथर नाइट और सोफी डेविने शामिल हैं और उसके पास मंधाना के रूप में बेहतरीन कप्तान भी हैं जो लीग की सबसे ज्यादा राशि 3.40 करोड़ रूपए में बिकने वाली खिलाड़ी हैं। टीम में रिचा घोष हैं जिससे टीम मजबूत दिखती है। लेकिन अगर भारतीय प्रतिभाओं को देखा जाए तो कागज पर कई बार की विश्व कप विजेता महान आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स अपने प्रतिद्वंद्वी पर थोड़ी भारी है। लैनिंग के साथ जोनासेन, मरिजाने काप और एलिस कैप्से चार विदेशी खिलाड़ी होने की संभावना है लेकिन दिल्ली का भारतीय लाइन-अप मजबूत होने के साथ खतरनाक भी है। शेफाली, जेमिमा, शिखा पांडे, पूनम यादव, अरूंधती रेड्डी, तानिया भाटिया, राधा यादव सभी भारत की अनुभवी खिलाड़ी हैं।

## डब्ल्यूपीएल में भारतीय खिलाड़ियों को मिलनी चाहिए थी कप्तानीः अंजुम

मुंबई। भारत की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र में ज्यादातर विदेशी खिलाड़ियों को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी देने पर निराशा जताते हुए कहा कि सक्षम भारतीय खिलाड़ियों को यह जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए थी। अंजुम ने एक ऑनलाइन मीडिया सत्र में कहा, मुझे यह पसंद नहीं आया कि अधिकांश टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों को कप्तान के रूप में चुना है। यह एक भारतीय लीग है और भारतीय परिस्थितियों में खेली जाएगी। ऐसे में अगर भारतीय खिलाड़ियों के पास क्षमता है तो उन्हें कप्तान होना चाहिए था। मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने क्रमशः हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के रूप में भारतीय खिलाड़ियों को कप्तान बनाया है ।

# ऑस्ट्रेलिया से हार के एक दिन बाद भारतीय खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

**भाषा।** नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया** के हाथों तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में करारी हार के एक दिन बाद भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने शनिवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में लगभग 90 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ की मौजूदगी में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, ऑल राउंडर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा तथा बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने नेट्स अभ्यास में भाग लिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच बेहद टर्निंग विकेट पर खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन पहले सत्र में ही यह मैच जीत लिया था। भारत चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अभी 2-1 से आगे चल रहा है। कुलदीप यादव ने जहां नेट्स पर लंबे समय तक गेंदबाजी की वहीं अन्य चार खिलाड़ियों ने स्थानीय गेंदबाजों और थ्रो डाउन पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। बल्लेबाजों ने किसी तरह का नया शॉट खेलकर कोई प्रयोग नहीं किया बल्कि सामान्य बल्लेबाजी की। यह खिलाड़ी अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट मैच से पहले लय हासिल करना चाहते हैं।

# पत्नी अनुष्का के साथ विराट कोहली ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की

**भाषा।** उज्जैन (मध्य प्रदेश)



**क्रिकेटर** विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा ने शनिवार तड़के मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर के महाकालेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा की। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उनकी पत्नी ने सुबह चार बजे भस्म आरती की। यह जोड़ा करीब 30 मिनट तक मंदिर के नंदी हॉल में बैठा रहा। उन्होंने गर्भगृह में पंचामृत पूजा अभिषेक भी किया। कोहली इस दौरान धोती पहने हुए थे। वह गले में रुद्राक्ष की माला पहने थे जबकि और सिर पर चंदन का लेप लगा हुआ था। अनुष्का ने यहां हल्के गुलाबी रंग की साड़ी पहनी हुई थी। उन्होंने मंदिर में एक घंटे से अधिक समय बिताया। मंदिर से निकलने के बाद अनुष्का ने पत्रकारों से कहा, हम यहां दर्शन के लिए आए और सब कुछ अच्छे से हुआ। शुक्रया। कोहली ने कहा, जय महाकाल...आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में शुक्रवार को भारतीय टीम को नौ विकेट से शिकस्त मिली थी। कोहली ने इस मैच की पहली पारी में 22 रन और दूसरी में 13 रन बनाए। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

# जायसवाल का दूसरी पारी में भी शतक

## ●ईरानी ट्राफी : शेष भारत मजबूत स्थिति मे

**भाषा।** ग्वालियर



**भारतीय टीम** में जगह बनाने के प्रबल दावेदार यशस्वी जायसवाल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दूसरी पारी में भी शतक जमाया जिसके दम पर शेष भारत ने शनिवार को यहां ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के सामने 437 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। पहली पारी में 213 रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में 144 रन की लाजवाब पारी खेली जिससे शेष भारत अन्य बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद 246 रन बनाने में सफल रहा। शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाए थे जिसके जवाब में पिछले सत्र का रणजी चैंपियन मध्य प्रदेश 294 रन बनाकर आउट हो गया था। मध्य प्रदेश में मुश्किल लक्ष्य के सामने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 81 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 356 रन पीछे है। उसका दारोमदार कप्तान हिमांशु मंत्री पर है जो 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े हरीश गवली ने 15 रन बनाए हैं। मध्य प्रदेश की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पारी की दूसरी गेंद पर ही सलामी बल्लेबाज अकील का विकेट गंवा दिया जिन्हें तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने पगबाधा आउट किया। स्पिनर सौरभ कुमार ने इसके बाद शुभम (13) को बोल्ड करके पवेलियन भेजा। हिमांशु और हरीश ने इसके बाद दिन के बाकी बचे 12 ओवर में टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। चौथे दिन के नायक फिर से जायसवाल रहे जिन्होंने दूसरी तरफ से विकेट गिरने के बावजूद न सिर्फ एक छोर संभाले रखा बल्कि सहजता से रन भी बटोरे। उन्होंने अपनी पारी में 157 गेंदों का सामना किया तथा 16 चौके और तीन छक्के लगाए। शेष भारत ने सुबह अपनी पारी एक विकेट पर 85 रन से आगे बढ़ाई(

# यूपी ग्रेस का सपना तोड़ पंजाब फाइनल में



## बाबू हॉकी : हरियाणा ने फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा को 1-0 से दी मात

**लखनऊ।** पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही राउंड ग्लास पंजाब ने 33वीं आल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के पेनाल्टी शूट आउट तक चले, रोमांचक मुकाबले में मेजबान व पिछली उपविजेता यूपी ग्रेस को 4-2 से मात देते हुए खिताबी होड़ में प्रवेश किया। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी हरियाणा ने पिछली विजेता फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा को 1-0 से मात देते हुए फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ ये तय हो गया है कि टूर्नामेंट को इस बार नया विजेता व उपविजेता मिलेगा। आज खेले गए दोनों सेमीफाइनल काफी रोमांचक रहे जिससे लोगों को मैच का परिणाम जानने के लिए अंत तक इंतजार करना पड़ा। आज सेमीफाइनल में मेजबान व पिछली उपविजेता यूपी ग्रेस व राउंड ग्लास पंजाब के बीच काफी जोरदार टक्कर हुई। मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और एक.दूसरे के डी पर धावा बोलते हुए कई उम्दा अटैक किये। हालांकि दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने आला दर्जे के डिफेंस का प्रदर्शन किया जिससे निर्धारित समय में दोनों ही टीम गोल करने में नाकाम रही। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में हॉकी हरियाणा ने पिछली विजेता फ्लिकर्स ब्रदर्स का ख़िताब बचाने का सपना तोड़ दिया। हरियाणा ने ये मैच 21वे मिनट में नितेश द्वारा दागे गए एकमात्र गोल के सहारे 1-0 से जीता। इसके बाद पूरे मैच में दोनों ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई जिसमे फ्लिकर्स ब्रदर्स ने वापसी के लिए पूरा जोर लगाया तो हॉकी हरियाणा ने भी दूसरा गोल दागने की कोशिश की लेकिन दोनों ही टीम नाकाम रही। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 मार्च को खेला जायेगा जिसमे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के तौर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करेंगे।

## राउंडग्लास पंजाब एक मैच रहते आई लीग चैम्पियन बनी

**भाषा।** नई दिल्ली

**राउंडग्लास** पंजाब ने शनिवार को यहां राजस्थान यूनाईटेड पर 4-0 की दबदबे भरी जीत से एक मैच रहते आई लीग खिताब जीतकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम लिखवा लिया। शीर्ष स्तरीय इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में चैम्पियन टीम का प्रवेश हालांकि सभी हितधारकों द्वारा सहमत वित्तीय मानदंडों की पूर्ति के अधीन है। राउंडग्लास पंजाब के लिए हीरो ऑफ द मैच रहे चेंचको गेल्टशेन ने 16वें मिनट में, लुका माजसेन ने 40वें मिनट में, जुआन मेरा ने 76वें मिनट में और हमिंगथानमाविया ने 91वें मिनट में गोल दागे। इस तरह 2017-18 के बाद पहली बार पंजाब ने आई लीग ट्राफी हासिल की जब मिनर्वा पंजाब ने खिताब जीता था। राउंडग्लास इस तरह से इंडियन सुपर लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गया क्योंकि क्लब फुटबॉल में शीर्ष पर रहने वाले क्लब को इसमें जगह मिलेगी।

# पॉल और मिनौर में होगा मैक्सिको ओपन का खिताबी मुकाबला

### एटीएक्स ओपन टेनिसः केटी वोलिनेट्स पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

**ऑस्टिन।** अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी केटी वोलिनेट्स एटीएक्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में हमवतन पीटन स्टर्न्स को 7-5 6-3 से शिकस्त देकर पहली बार डब्ल्यूटीए स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंची। इक्कीस साल की दो खिलाड़ियों के मुकाबले मे विश्व रैकिंग मे 92वे स्थान पर काबिज वोलिनेट्स ने शुक्रवार को पहले सेट मे 5-0 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। वाइल्ड कार्ड धारी स्टर्न्स ने इसके बाद वापसी कर स्कोर को 5-5 से बराबर कर दिया। वोलिनेट्स ने हालांकि फिर से दबदबा बनाकर लगातार सात गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। अगले दौर मे उनके सामने 88वी रैंकिंग की खिलाड़ी वरवारा ग्रेचेवा की चुनौती होगी। रूस की ग्रेचेवा ने 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोन स्टीफेंस को 7-6 6-3 से हराया। आठवी वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक ने अन्ना-लीना फ्रीडसम को 7-6 6-2 से हराकर 2023 मे पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन की उपविजेता डेनिएल कोलिन्स की चुनौती से पार पाना होगा।

**भाषा।** अकापुल्को (मैक्सिको)

**टॉमी पॉल ने** साढ़े तीन घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हमवतन अमेरिकी और लंबे समय से अपने प्रतिद्वंद्वी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-7(2), 7-6(2) से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। ए दोनों खिलाड़ी 25 साल के हैं और किशोरावस्था से एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। उनका पहला मुकाबला 2011 में अमेरिका की अंडर-14 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हुआ था। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में पॉल को फ्रिट्ज पर जीत दर्ज करने के लिए साढ़े तीन घंटे तक जूझना पड़ा। पॉल इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे अमेरिकी खिलाड़ी हैं। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा।

## भारत ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान खराब पिचों का इस्तेमाल हुआः टेलर

**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब तक इस्तेमाल की गई तीनों पिचों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की पिच तैयार करने में कुछ हद तक चालबाजी की गई है। भारत चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है और अहमदाबाद में एक टेस्ट मैच खेला जाना बाकी है। नागपुर और नई दिल्ली की पिचों को आईसीसी ने औसत रेटिंग दी जबकि मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड द्वारा इंदौर की पिच को खराब करार दिया गया। इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ए अंक पांच साल की अवधि के लिए बने रहेंगे। टेलर ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से इंदौर की पिच रेटिंग को सही करार देते हुए कहा, मैं इससे सहमत हूं। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि श्रृंखला के लिए पिचें पूरी तरह से खराब रही हैं। ईमानदारी से कहूं तो इंदौर की पिच तीनों में से सबसे खराब थी।